ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● माघ कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 10 जनवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-87 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50

प्रियंका ने लॉस एंजलिस में होस्ट की...
पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### कोर्ट ने 15 मार्च तक भुगतान करने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली।** वन रैंक वन पेंशन नीति के तहत पेंशन के भुगतान को लेकर भारतीय पूर्व सैनिकों द्वारा दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ओआरओपी के सभी बकाए के भुगतान का काम तेजी से हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 15 मार्च तक भुगतान किया जाए। इस दौरान एजी आर वेंकटरमणि ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस मामले की निगरानी रख रहा हूं और इसे जल्द ही भुगतान किया जाएगा। 25 लाख पेंशनभोगी हैं, लिस्ट अंतिम स्क्रीनिंग के लिए मंत्रालय के पास आ गई है और यह रक्षा मंत्रालय की फाइनेंस शाखा के पास है।

### दस सदस्यीय केंद्रीय टीम आज से सुखाड़ प्रभावित जिलों का लेगी जायजा

**रांची।** राज्य के सुखाड़ प्रभावित जिलों में वस्तुस्थिति का आकलन करने के लिए दस सदस्यीय केंद्रीय टीम आज से राज्य के छह जिलों का भ्रमण करेगी। राज्य में गत वर्ष असामान्य वृष्टि ने राज्य के कई जिलों मे किसानों की आर्थिक कमर तोड़ दी। केंद्रीय टीम का यह दौरा उन किसानों को राहत पहुंचाने के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। केंद्रीय टीम के कार्यक्रमों का ब्यौरा देते हुए कृषि निदेशक निशा उरांव ने बताया कि यह टीम राज्य के सुखाड़ प्रभावित छह जिलों का भ्रमण कर वहां किसानों से बातचीत के जरिए वस्तुस्तिथि की जानकारी लेगी।

### इंडिगो की फ्लाइट में एयरहोस्टेस को छेड़ा कैप्टन को पीटा

**पटना एजेंसी।** इंडिगो की फ्लाइट में एयरहोस्टेस को छेड़ने और कैप्टन को पीटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह फ्लाइट नयी दिल्ली से पटना आ रही थी। विमान के पटना लैंड करते ही दो यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक यात्री अभी फरार है। सूत्रों ने बताया कि नयी दिल्ली से पटना के लिए रवाना हुई उड़ान में तीन युवक नशे की हालत में सवार हुए थे। लगभग 80 मिनट की उड़ान के दौरान तीनों ने एयरहोस्टेस से बदतमीजी और छेड़खानी की। उसे बचाने के लिए जब जहाज का कैप्टन आया तो तीनों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना की जानकारी उड़ान के दौरान ही पटना एयरपोर्ट अधिकारियों और सीआईएसएफ को दे दी गई थी। विमान के पटना पहुंचने पर नितिन और रोहित नामक यात्रियों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया और एयरपोर्ट पुलिस के हवाले कर दिया। सीआईएसएफ ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। तीसरा यात्री पिंटू फरार होने में कामयाब रहा।

## मुख्यमंत्री ने आईआरबी-9 के पारण परेड का किया निरीक्षण, ली सलामी

# राज्य में अमन-चैन, शांति और सौहार्द बनाये रखना है : सीएम

### 182 महिला समेत 552 प्रशिक्षु आरक्षियों ने कर्त्तव्य निर्वहन की ली शपथ

### प्रशिक्षु जवानों से मुख्यमंत्री बोले- प्रशिक्षण आपका आत्मबल करेगा मजबूत

**नवीन मेल नेटवर्क। धनबाद/रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को धनबाद, गोविंदपुर स्थित जैप-3 परिसर में आईआरबी-9 गिरिडीह, के नवनियुक्त आरक्षियों के पारण परेड समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान अपने संबोधन मे मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए बेहतर व्यवस्था देनी होगी। हमारा प्रयास व्यवस्था को सुदृढ़ करना है जिससे आपके कर्त्तव्य पथ पर आपको व्यवस्था से किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रशिक्षु जवानों के आकर्षक मार्च पास्ट का निरीक्षण किया और सलामी ली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### महिला सशक्तिकरण की कड़ी में मजबूत पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल के साथ अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिलाएं अब पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। इसे हम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत पहल के रूप में देखते हैं और यह राज्य और देश के लिए सुखद संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसाबनी, लेस्लीगंज, बोकारो और गोविंदपुर पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षु जवानों के पारण परेड समारोह में मुझे शामिल होने का मौका मिला। यह मेरे लिए काफी खुशी की बात है और खुशी इस बात को लेकर ज्यादा है कि यहां सफलतापूर्वक बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करनेवाले कुल 2445 जवानों में 813 महिलाएं हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू जिले में मनरेगा में मनमानी का आलम

### आयुक्त के आदेश को ताक पर रखकर योजना होती है स्वीकृत

### जिले के 21 प्रखंड की 265 पंचायतों में बनाया जाना था 1225 पशु शेड

### कर्मियों ने सिर्फ 13 प्रखंड की 90 पंचायतों में स्वीकृत कर दी 9383 पशु शेड




**अजय कुमार पांडे**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में वीडियो बीपीओ और मनरेगा गर्मी मनमानी तरीके से योजनाओं की स्वीकृति और क्रियान्वयन करा रहे हैं । मनरेगा आयुक्त के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए पलामू जिले के 13 प्रखंडों के 90 पंचायतों में 9383 पशु शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है । मामले का खुलासा होने के बाद पलामू के उप विकास आयुक्त रवि आनंद मामले की जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार मनरेगा आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2021 22 में पलामू जिले के 21 प्रखंडों के अशोक 65 पंचायतों में 55 पशु से निर्माण कराने का आदेश दिया था किंतु पलामू जिले के सभी 265 पंचायतों में पशु शेड निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई बल्कि 13 प्रखंडों के सिर्फ 90 पंचायतों में ही 9383 पशु शेड निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई । मामले का खुलासा तब हुआ जब पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## शर्मनाक : हजारीबाग में महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग जिले में अपराधियों ने एक महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की। महिला के विरोध करने पर अपराधियों ने उसे चारपाई में बांधकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। इस घटना में महिला गंभीर रूप से झुलस गई है। उसे गंभीर हालत में रिम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। डॉक्टर के अनुसार पीड़िता 60 से 65 प्रतिशत जली हुई है। पीड़िता के पिता ने बताया कि शनिवार को उनकी बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान तीन से चार युवक उसके घर घुस गये और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर अपराधियों ने चारपाई में बांध कर आग लगा दी। पीड़ित के पिता ने अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## सबका विकास : फिल्मवालों ने माना, सबका विकास करती है योगी सरकार

# बॉलीवुड के दिल में भी धड़कता है योगी का यूपी

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

योगी का यूपी बॉलीवुड के दिल में भी धड़कता है। पिछले दिनों मुंबई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात में यह जगजाहिर हो गया। सबका साथ, सबका विकास के नारे पर निर्माता-निर्देशकों व अभिनेताओं ने भी अपनी मुहर लगा दी। एक ओर जहां मुंबई भी अपनी जुबान से योगी के नेतृत्व में अपराध मुक्त यूपी की कहानी कह रहा है तो हैशटैग बायकॉट बॉलीवुड का तगमा हटाने के लिए अभिनेता यूपी के बाबा का साथ मांग रहे हैं। कला, साहित्य व सृजन के वाहक योगी आदित्यनाथ न सिर्फ लोगों का सुझाव सुनते हैं, बल्कि उस पर अमल भी करते हैं। दिल्ली पहुंचने में भी योगी आदित्यनाथ ने मुंबई के तीन कलाकारों को यूपी का रास्ता दिया। वे मुंबई में अपनी प्रतिभा के जरिए दिलों पर राज करते हैं तो यूपी के विकास में भी यूपी सरकार के प्रतिनिधि के रूप में आमजन का नेतृत्व करते हैं। यानी योगी आदित्यनाथ ने यूपी के चहुमुंखी विकास के लिए कलाकारों को भी मंच दिया है।

**मांगा योगी का साथ :** उत्तर प्रदेश ने बॉलीवुड में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन जैसा कलाकार दिया। कला के क्षेत्र में यूपी की लंबी विरासत है। इस विरासत को योगी सरकार ने न केवल सहेजा, बल्कि संवारा भी। अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के दिल में राज करने वाले सुनील शेट्टी ने सभी के सामने यह माना कि वे सुनील शेट्टी भी यूपी के कारण ही बने। हैशटैग बायकॉट बॉलीवुड का तगमा हटाने के लिए भी उन्होंने योगी आदित्यनाथ का साथ मांगा। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### बॉलीवुड की दुआओं में भी हैं योगी

योगी आदित्यनाथ बॉलीवुड की दुआओं में भी है। निर्माता-निर्देशक व अभिनेता भी चाहते हैं कि योगी आदित्यनाथ का विकास सफर तेजी से बढ़ता रहे। मधुर भंडारकर ने योगी आदित्यनाथ के लिए ईश्वर से दुआएं भी कीं। योगी आदित्यनाथ संत हैं और अपने कर्म के साथ धर्म का भी पालन करते हैं, इसलिए हर दिल अजीज जैकी श्राफ ने अपने वक्तव्य में साफ तौर पर यह भी कहा कि मुंबई में कभी भी घर का खाना चाहिए तो हुकुम करना, मिल जाएगा। हमारे घर वाले भी आपको चाहते हैं।

## धर्मांतरण पर राजनीति को लेकर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मुद्दा

### जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पैदा कर सकता है खतरा

**नवीन मेल नेटवर्क। नयी दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने जबरन धर्मांतरण को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए सोमवार को कहा कि इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने छलपूर्ण धर्मांतरण को रोकने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह करनेवाली याचिका पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी की मदद मांगी। जस्टिस एमआर शाह और जस्टीस सीटी रविकुमार की बेंच ने वेंकटरमणी से उस मामले में पेश होने के लिए कहा, जिसमें याचिकाकर्ता ने 'भय, धमकी, उपहार और मौद्रिक लाभ के जरिए धोखाधड़ी' के माध्यम से कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाने की अपील की है। बेंच ने मामले में वेंकटरमणी से अदालत मित्र के रूप ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हम पूरे राज्य के लिए चिंतित

शुरुआत में तमिलनाडु की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन ने याचिका को 'राजनीतिक रूप से प्रेरित' जनहित याचिका कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में इस तरह के धर्मांतरण का कोई सवाल ही नहीं है। बेंच ने इस पर आपत्ति जताते हुए टिप्पणी कहा : आपके इस तरह उत्तेजित होने के अलग कारण हो सकते हैं। अदालती कार्यवाही को अन्य चीजों में मत बदलिए। हम पूरे राज्य के लिए चिंतित हैं। यदि यह आपके राज्य में हो रहा है, तो यह बुरा है। यदि नहीं हो रहा, तो अच्छा है। इसे एक राज्य को लक्षित करने के रूप में न देखें और इसे राजनीतिक मुद्दा न बनाएं। अदालत अधिवक्ता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# शीतलहर से ठिठुरा पलामू, जनजीवन प्रभावित

### न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकांश 21 डिग्री सेल्सियस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शीतलहर और कड़ाके की ठंड से लोगों का आम जनजीवन प्रभावित हो गया है। कारण कि रविवार को पलामू का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री और अधिकांश 21 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर दिशा से आने वाली हिमालयी हवा से कनकनी बढ़ गई है। पूरा पलामू भीषण शीतलहर की चपेट में है। हालांकि घना कोहरा से कुछ राहत मिला है । लेकिन सुबह और रात में आवागमन पर असर डाल रहा है। दिन में चलने वाली शीतलहरी से पलामू ठिठुरने लगा है और जनमानस को कंपकपा दिया है। सर्द हवाओं से राहत पाने के लिए लोगों के द्वारा गर्म कपड़े, गर्म खाद्य ,चाय और अलाव का सहारा लिया जा रहा है। पलामू समेत जिले भर में शीत लहर का असर है। सर्द हवाओं से राहत पाने के लिए कहीं लोग गर्म कपड़ों से ढंके नजर आए। रात्रि में रिक्शा चालक, आम राहगीर और ठेल-खोमचा वाले लोग ठंड से परेशान दिखे। नगर निगम व प्रशासन के द्वारा छह मुहान, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन में अलाव की व्यवस्था की गई है।



**मौसम विभाग ने किया अलर्ट :** पलामू सहित कई जिलों में सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आज से कई जिले दो दिनो तक शीतलहर की चपेट में रहेंगे। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी रांची मौसम केंद्र ने जारी बुलेटिन में दी है। मौसम केंद्र के मुताबिक राज्य में अगले ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## प्रेस कांफ्रेंस : जिस व्यक्ति को आप देख रहे हो वो राहुल गांधी नहीं है...

# राहुल गांधी ने, राहुल गांधी को मार दिया है, पता चला आपको...?




काफी समय पहले एक फिल्म आई थी- परिंदा। उस फिल्म में नाना पाटेकर लीड रोल में थे। उन्होंने एक ऐसे सनकी डॉन की भूमिका उसमें निभाई थी, जो किसी भी तरीके से डरता नहीं है। उसने हर किस्म के भय से दूर रहने के लिए जीते-जी ही अपना श्राद्ध कर्म करवा लिया था। एक स्थान पर वह डॉयलॉग बोलते हैं : मैं मौत से नहीं डरता। मैं तो बहुत पहले ही मर चुका हूं। मैंने अपना क्रिया-कर्म करवा लिया है। मुझे अब मौत से कोई भय नहीं। उस फिल्म का डॉयलॉग तो नहीं, पर उससे मिलती-जुलती बात राहुल गांधी ने सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में कह दी। उनके चेहरे से मुस्कुराहट गायब थी। चेहरे पर खिंचाव था। दाहिने हाथ को हिला-हिला कर उन्होंने डॉयलॉग बोले। वह प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। एक संवाददाता ने उनसे सवाल किया तो उन्होंने जवाब दिया : राहुल गांधी आपके दिमाग में है, मैंने मार दिया उसको। वो है ही नहीं। मेरे माइंड में वो है ही नहीं। गया, वो गया। जिस व्यक्ति को आप देख रहे हो वो राहुल गांधी नहीं है। वो आपको दिख रहा है। बात नहीं समझे आप...हिंदू धर्म को पढ़ो थोड़ा। शिवजी को पढ़ो। समझ आ जाएगी बात। आप हैरान मत हो। हैरान मत हो। राहुल गांधी आपके दिमाग में है। मेरे दिमाग में है ही नहीं। राहुल गांधी बीजेपी के दिमाग में है। मेरे दिमाग में है ही नहीं। इसका मतलब.. हैरान क्यों लग रहे हो आप? इमेज का मुझे कुछ लेना-देना ही नहीं है। इमेज में मुझे कुछ इंटरेस्ट नहीं है। जो इमेज आप रखना चाहते हो, रख दो। अच्छी रखनी है रख दो, खराब रखनी है रख दो। वो आपका है मेरा नहीं है। कोई फर्क नहीं पड़ता मुझे। मुझे अपना काम करना है...



मुझे नहीं पता, आपको राहुल गांधी की बात समझ में आई कि नहीं आई। राहुल गांधी का यह कहना कि उन्होंने राहुल गांधी को मार दिया है, क्या मैसेज देता है? आप खुद से कहें कि आपने खुद को मार दिया है तो लोग आपको क्या समझेंगे? उससे भी बड़ी बात, ये प्रेस कांफ्रेंस में कहने की क्या जरूरत थी? शायद राहुल गांधी कहना चाह रहे थे कि वह इमेज के चक्कर में नहीं पड़ते। आपको मेरी जो इमेज बनानी है, वह बना लें। लेकिन, देश की सबसे बड़ी पार्टी का नेता ऐसा बोला तो क्यों बोला? यह बोलने की नौबत ही क्यों आन पड़ी? आप यात्रा निकाल रहे हैं, निकालिए। आपको यह बोलने की जरूरत ही क्या है कि आप इमेज की चिंता नहीं करते? आपको अपनी इमेज की चिंता नहीं होती तो आप लाल किला मैदान से अपनी इमेज को डैश करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने का आरोप केंद्र सरकार पर क्यों लगाते? आप अपनी इमेज को लेकर बेहद चिंतित माने जा रहे हैं और बनने की बजाए जब आपकी इमेज खराब हो रही है तो आपको लहरबाई मार रही है। आपकी इमेज हाल के दिनों में डैश हुई है। भाजपा के कई नेताओं ने आपकी ऐसी-ऐसी तस्वीरें ट्विटर पर वायरल की, जिसका मैसेज आपके विरुद्ध गया। अभी कल ही भाजपा के एक नेता ने आपके साथ एक अर्द्धनग्न बच्चे की तस्वीर ट्विटर पर पोस्ट की थी, जिसमें बच्चा उल्टा जनेऊ पहने हुए है और आप उसे शीतलहरी में पकड़ कर यात्रा कर रहे हैं। बच्चे ने नकली मूंछे भी लगा रखी है। उस तस्वीर ने आपकी छवि खराब की। आपको लोगों ने भला-बुरा कहा। तो, उस एक फोटो से आपकी छवि खराब हुई। आपको इसकी जानकारी हुई और आपने कुरुक्षेत्र में सोमवार को जो कुछ भी बोला, यह उस फोटो से हुई बदनामी का ही प्रकटीकरण था। इस देश में अनेक नेता हैं। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**



बाघमारा से भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने सोमवार को धनबाद न्यायालय में सरेंडर कर दिया। झारखंड उच्च न्यायालय ने ढुल्लू महतो की रिवीजन याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें एक माह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था जिसके बाद उन्होंने सोमवार को अदालत में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव की अदालत ने विधायक श्री महतो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। ढुल्लू महतो वारंटी राजेश गुप्ता को पुलिस हिरासत से जबरन छुड़ा ले जाने के मामले के नामजद आरोपी हैं।

ज्ञात हो धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी शिखा अग्रवाल की अदालत ने 9 अक्टूबर 2019 को विधायक ढुल्लू महतो समेत कांड के नामजद पांच आरोपितों को वारंटी राजेश गुप्ता को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिए जाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के आरोप में डेढ़-डेढ वर्ष की साधारण कारावास एवं 9 हजार रुपए जुर्माना देने का आदेश दिया था। वहीं, अदालत ने मामले के नामजद आरोपित बसंत शर्मा को बाइज्जत बरी कर दिया था। आरोपितों ने 4 नवम्बर 2019 को सेशन कोर्ट में कुल चार अपील दायर कर सजा के आदेश को चुनौती दी थी, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

### सांसद के प्रयास से लगा सोलर स्ट्रीट लाइट

**पांकी।** प्रखंड के प्राचीन हनुमान मंदिर के परिसर में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के सौजन्य से पांकी प्रखंड के सभी पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को पांकी के सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे उर्फ चुनमुन पांडे व पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद,पांकी पूर्वी उप मुखिया अनारीक राम के निगरानी में सोलर स्ट्रीट लाइट प्राचीन हनुमान मंदिर में लगाया गया। मौके पर, मधुसूदन प्रसाद, संस्कार सोनी, संतोष माली, मौनटी कुमार, मुकेश रजक, गोलू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अपरहण का आरोपी युवक पुलिस हिरासत में

**पाटन।** पुलिस ने दिसम्बर माह में हुई नाबालिक लड़की अपहरण के प्राथमिकी नामदर्ज युवक के साथ अपहृत लड़की को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया है की पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत कालापहाड़ की एक नाबालिक 15 वर्षीया किशोरी के अपरहण मामले की प्राथमिकी किशोरी की पिता ने दर्ज कराया था। प्राथमिकी के अनुसार शादी के प्रलोभन का झांसा देकर नाबालिक लड़की को हुसैनाबाद के महुवरी गांव के मिथिलेश भुइयां ने अपहरण कर भगा ले गया था। किशोरी को लेकर आरोपी युवक कुछ दिनों से फरार था। गुप्त सूचना पर आरोपी के पैतृक गांव से अपहृत लड़की के साथ आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। जबकि नाबालिक किशोरी को मेडिकल परीक्षण एव 164 की न्यायिक बयान दर्ज कराया जा रहा है।

### सर्व देव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 22 जनवरी से प्रारंभ

**पाटन ।** प्रखंड के नावाजयपुर के घोरी घाट बाजार में 22 जनवरी से प्रारंभ होने वाला सर्व देव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन समाजसेवी रामदास साहू की अध्यक्षता में किया जा रहा है । जो 22 जनवरी 2023 से लेकर 2 फरवरी तक चलेगा । जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है । वहीं यज्ञ कमेटी के सदस्य सुशील कुमार ने बताया कि 13 जनवरी से अखंड का कार्यक्रम एवं 16 जनवरी से प्रवचन का कार्यक्रम शुरू कर दिया जायेगा । 22 जनवरी से महायज्ञ का कार्यक्रम शुरू होगा जो की 2 फरवरी तक चलेगा।

### 15वें वित योजना चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**नावा बजार।** प्रखंड स्थित तुकबेरा पंचायत में सोमवार को मुखिया विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 15वें वित्त मुख्य रूप से मनरेगा पशुपालन स्वच्छ भारत मिशन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस बैठक में ग्रामसभा के माध्यम से विभाग से आई हुई योजना चयन को लेकर ग्रामीणों के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 योजना का चयन किया गया। जिसमें मनरेगा को मुख्य रूप से प्राथमिकता देते हुए डोभा, तालाब ,पीसीसी रोड, जल मीनार मरम्मती जैसे कार्यों को रखा गया।

### बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

# बिजली कनेक्शन का बिल किस्तों में करें जमा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने क्षेत्र के वैसे उपभोक्ताओं से जिनका बिजली बिल जमा नही होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया है। उन्हें किस्तों में बिल जमा करने की सुविधा दी है। उन्होंने बताया कि ऐसे उपभोक्ता जिनके कनेक्शन काट दिए गए हैं। यदि वे बाकी रकम किस्तों में देना चाहते हैं तो पंजीकरण कराकर कनेक्शन चालू करा सकते हैं। पहली किस्त के साथ ही कटा कनेक्शन चालू कर दिया जायेगा। कनेक्शन कटने एवम जोड़ने



(आरसी एवम डीसी) का तय शुल्क भी देना होगा। उन्होंने बताया कि ऐसे बकायेदार अगर किसी भी रूप मे बिना पंजीकरण कराए बिजली का उपयोग करते है तो उनके खिलाफ कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अब तक मीटर नहीं लगवाया है। वे अविलंब मीटर लगवा लें। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीटर नहीं लगाने वाले उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता अपने मकान या प्रतिष्ठान में बिजली का उपयोग कर रहे हैं, वो विद्युत अवर प्रमंडल जपला के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को मीटर लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यथा शीघ्र बिजली उपभोक्ता अपने मकान, दुकान या प्रतिष्ठान में मीटर लगवा लें, अन्यथा उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा। साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा सकती है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का 5 हजार से अधिक बिजली बिल बकाया है वह अविलंब बकाया राशि का भुगतान करें, अन्यथा कनेक्शन काटते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## दो फरार आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया कुर्की जब्ती का इश्तेहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पुलिस ने दो प्राथमिकी अभियुक्त के घर पर कुर्की जब्ती का इश्तेहार सोमवार को चिपकाया। गौरतलब है कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के पचघरा खुर्द ग्राम निवासी अजय मेहता पर हत्या का मामला दर्ज है। वहीं विश्रामपुर नप मुख्यालय के बहादुर चौधरी पर भी एक मामला दर्ज है। दोनो प्राथमिकी अभियुक्त पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी का वारंट भी जारी हुआ था। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि अजय मेहता और बहादुर चौधरी दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे है। इस बावत पुलिस द्वारा अब न्यायालय से आदेश लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि इस बीच अगर आरोपी पुलिस को सरेंडर कर दे तो वे कुर्की जब्ती से वह बच सकते है। दोनो अभियुक्तों के घर इश्तहार चिपकने विश्रामपुर अनुमंडलीय थाने में पदस्थापित एएसआई संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ गये थे।

## 20 सूत्री की बैठक में गरमाया बिजली, पानी, रोजगार व मनरेगा का मुद्दा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की पहली बैठक सोमवार को प्रखंड सभागार में की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह व संचालन बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने की। इसमें सीओ राजीव नीरज सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। 20 सूत्री अध्यक्ष ने पहली बैठक में शामिल सदस्यों को सरकार की ओर से इस कमेटी के गठन के उद्देश्य को बताया। उन्होंने प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं से संबंधित विभागवार जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, उसे क्रियान्वित करना कर्मचारियों का दायित्व है। उपस्थित सदस्यों ने योजनाओं की सूची की मांग की। और बारी बारी से सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा, बिजली, पानी व रोजगार से संबंधित मुद्दे छाया रहा। जेएसएलपीएस की महिला कार्यकर्ताओं को सैनिटरी नेपकिन बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिससे सस्ते दर पर महिलाओं के लिए पैड की व्यवस्था हो सके और साथ ही रोजगार सृजन हो सके। साथ ही फूड प्रोसेसिंग पार्क की स्थापना की मांग की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रैबीज इंजेक्शन की व्यवस्था उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई। बैठक में 20 सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह, सचिव श्याम बिहारी मेहता, पंसस गुप्तेश्वर पांडेय, हैदरनगर पीएचसी प्रभारी राजीव रंजन, बीपीओ अमन कुमार, एई ओमप्रकाश कुमार, रुंजय कुमार, 15 वें वित्त के कॉर्डिनेटर उपेन्द्र कुमार व 20 सूत्री के कई सदस्य आदि शामिल थे।

### दो भाइयों के बीच मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के सिंघना गांव में दो सहोदर भाइयों के बीच मारपीट का मामला आया है। एक पक्ष से शंकर राम की शिकायत पर पुलिस ने अशोक राम, अनिल पासवान, राहुल कुमार पासवान, सुदीप पासवान व मनोरमा देवी के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया है कि आरोपितों ने उन पर डीलर के खिलाफ शिकायत मढ़कर शनिवार को जानलेवा हमला किया है। लाठी, डंडे व लोहे के रड़ से जोरदार पिटाई की गई। साथ ही उनकी खड़ी वाहन को भी लाठी से पीटकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये। जबकि दूसरे पक्ष से अशोक राम की शिकायत पर शंकर राम के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया है कि शंकर राम, कुंदन पासवान, आरती कुमारी, सावित्री देवी, खुशबू कुमारी व सीमरन कुमारी ने उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। दोनों आपस में सहोदर भाई भी हैं। थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने कहा कि दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### विरोधी फंसाने की कर रहे साजिश : मुखिया

**पांकी।** प्रखंड के सूडी पंचायत की मुखिया बिंदा देवी एवं उनके पति पूर्व मुखिया लोकनाथ यादव ने सोमवार को अपने आवास पर दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंचायत के कुछ विरोधी राजनीतिक षड्यंत्र के तहत उन्हें फंसाने की साजिश कर रहे हैं। महिला मुखिया के ऊपर आये दिन तरह-तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं। इसी के तहत पलामू उपायुक्त के समक्ष जनता दरबार में गांव की एक महिला मालती देवी ने मनरेगा योजना के तहत 1 दिन के पैसे को मुखिया बिंदा देवी के द्वारा मांगे जाने के मामले पर कहा कि मुखिया के ऊपर रिश्वत लेने का लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। वे किसी कार्डधारकों से किसी तरह पैसे की मांग नहीं की है। मुखिया का मालती देवी के साथ विवाद चल रहा है। जिस कारण उन पर गलत आरोप आये दिन लगाये जा रहे हैं। मुखिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर वे हमेशा तत्पर रहती हैं। जिस कारण पंचायत चुनाव में उनके पति व उन्हें समर्थन मिला है। जिसे विरोधी पचा नहीं पा रहे हैं और तरह-तरह के आये दिन षड्यंत्र कर उन्हें फंसाने की साजिश रची जा रही है। मुखिया ने पलामू उपायुक्त से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मुखिया ने कहा कि पांकी के अंचलाधिकारी निर्भय कुमार उनके दामाद नहीं है । बल्कि गांव के किसी दूर के रिश्तेदार के संबंधी हैं।

### अपराधियों ने मेडिकल कॉलेज के छात्रों से की मारपीट, पांच गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज के छात्रों के साथ दबंगों ने मारपीट की है। जानकारी के अनुसार चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज से प्रतिदिन छात्र मेदिनीनगर सदर अस्पताल ट्रेनिंग के लिए आते हैं। सोमवार की शाम ट्रेनिंग करके सभी छात्र वापस विश्रामपुर मेडिकल कॉलेज जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में पड़वा मोड़ के पूर्व मुखिया रणधीर सिंह ने ब्रह्ममोरिया पुल के पास बस का पीछा कर रोका और छात्रों के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना की खबर सुनकर पड़वा थाना प्रभारी नकुल शाह घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों से घटना के बारे में पूछताछ कर उन्हें ईलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस घटना के बाद से पड़वा थाना की पुलिस रणधीर सिंह को पकड़ने का प्रयास कर रही है। बताते चलें कि इस घटना में 5 छात्र गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

## नॉक आउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल महूलिया ने जीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के जयपुर महुलिया में नॉकआउट कॉको क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को जिंजोई नदी के किनारे कसवाखड़ के मैदान में खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि पाटन छतरपुर के युवा नेता प्रकाश राम उर्फ राहिल राज रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला महुलिया बनाम टरिया के बीच मे खेला गया। इस में महुलिया के टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। जिसमे 16 ओवर में 162रन बनाकर महुलिया के टीम ने जीत के लक्ष्य रखा, जिसमे टरिया के टीम ने 15 ओवर में 128 रन बनाकर ऑल आउट हो गये। जिसमें महुलिया टीम ने इस खेल को 34 रन से जीत लिया। जिसमे विजेता टीम को नावाजपुर थाना के विजय कुमार के द्वारा महुलिया के टीम को पुरस्कार दिया गया । वहीं उपविजेता टीम टरिया को खेल समिति के निर्देशक अनुज प्रसाद के द्वारा पुरस्कार दिया गया। इसी तरह से मैन ऑफ द मैच नाजिश को दिया गया, बेस्ट प्लेयर का प्राइस गुड्डू कुमार को दिया गया। मौके पर महुलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनधि रोहित रजक नावाखास पंचयात के पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह ब्रजेश कुमार अध्यक्ष रामबेलास महेता,उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद,सचिव वीरेंद्र राम उपसचिव संतोष कुमार महामंत्री डॉ महेश चंद कोषाध्यक्ष वकील प्रसाद एम्पायर ओमप्रकाश चन्दमनी दीपक कुमार रामदीश्वर बक्सराय समेत कई खेल प्रेमी महजूद रहे।

## कृषि ऋण माफी योजना का ई-केवाईसी शुरू किया गया

**पांकी।** पंचायत भवन में सोमवार को पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, उपमुखिया अनारिक राम, बीटीएम प्रदीप तिवारी, वार्ड सदस्य नेपाल सिंह के नेतृत्व में पंचायत भवन में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना का ई-केवाईसी शुरू किया गया। मौके पर पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद ने कहा कि पंचायत के सभी ग्रमीण जनता झारखंड सरकार का कृषि लोन माफी योजना का लाभ उठायें। उन्होने कहा कि ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 12 जनवरी तक निर्धारित की गई है। पांकी पूर्वी की समस्त ग्रामीण जनता से अनुरोध है कि जल्द से जल्द जो किसान केसीसी ऋण लिए है,वो पंचायत भवन में आकर अपना ई-केवाईसी करवा लें। मौके पर श्री गुप्ता ने ये भी कहा कि उपयुक्त दस्तावेज लाना अनिवार्य है। दस्तावेज के रूप में लाभुक का आधार कार्ड, राशन कार्ड, केसीसी ऋण बैंक पासबुक इन सभी दस्तावेज रहेंगे।



### जिप सदस्य ने किया वस्त्र का वितरण

**हुसैनाबाद।** उत्तरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता ने सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर प्रसव कक्ष में एक दर्जन से अधिक नवजात शिशुओ के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया। मौके पर श्री मेहता ने कहा कि पलामू जिला में इन दिनों ठंड और शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया हैं। यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री हो गया है।। इससे प्रभावित होकर मैने नवजातक शिशुओं को ठंड से बचाने के उद्देश्य से यह कार्य किया। जिससे कि नवजात शिशु को ठंड से राहत मिल सकें। आगे उन्होंने अस्पताल पहुंच कर डॉक्टरों से प्रसव में भर्ती मरीजों और बच्चों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि नवजात शिशु हमारे भविष्य के धरोहर हैं। इनकी सुविधा और सुरक्षा में लापरवाही नही करें। उन्होंने यह भी कहा कि आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए सरकार और जिले के वरीय पदाधिकारियों से भी बात करूंगा।

## सदर अस्पताल में एनएमसी की टीम ने किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनएमसी की टीम ने सोमवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल में रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर और सीएचसी चैनपुर का निरीक्षण किया। तीन सदस्यीय टीम ने तीनों जगह अलग-अलग जाकर व्यवस्थाओं का आकलन किया। टीम में आईजीएमएमएस पटना के डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा व डॉक्टर रेखा कुमारी व कलकत्ता के डॉक्टर मंदीपा राय शामिल थे। यूजीसी की 100 सीटें रहेंगी या कम होगी। इसका टीम ने आकलन किया। साथ ही एमआरएमसीएच और मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को नजदीक से देखा।



इसमें विद्यार्थी है कि नहीं। पढ़ाई किस तरह हो रही है। इसको जानने की कोशिश की । डॉ विनोद कुमार वर्मा ने एमआरएमसीएच का जहां निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यक्ष्मा विभाग, ब्लड बैंक, मनोचिकित्सा, लेबर रूम, ओटी महिला वार्ड, जनरल वार्ड, इमरजेंसी, सर्जरी वार्ड, एसएनसीयू, डायग्नोस्टिक सेंटर आदि का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ दिलीप कुमार सिंह से जानकारी लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं को जाना। इसी तरह डॉ रेखा कुमारी ने एमआरएमसीएच के रूरल हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर चैनपुर सीएससी का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में लेबर रूम, ओपीडी, टीकाकरण, कोल्ड चैन आदि को देखा। वहां भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इसी तरह डॉक्टर मंदीपा राय ने चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण कर वहां पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न लैब का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधा को देखा। साथ ही छात्रों के ठहरने, भोजन, पेयजल की सुविधा आदि की जानकारी ली। मौके पर प्रभारी प्राचार्य डॉ आरडी नागेश समेत सभी प्राध्यापक,सहायक प्राध्यापक आदि मौजूद थे।

## काजीनगर टीम ने अलीपुर को 2-1 से हरा कर ट्रॉफी जीती

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नौडीहा बाजार के युवाओं के जज्बे और नवनिर्वाचित पंचायत के प्रतिनिधियों के हौसले से जय हिंद फुटबॉल क्लब करकटा के तत्वाधान में सरईडीह स्थित ग्रीन पार्क गुलजार नजर आया। जहां फुटबॉल के महाकुंभ का आयोजन हुआ। जय हिंद फुटबाल क्लब के द्वारा आयोजित प्रतियोगिता का भव्य समापन फाइनल मैच के साथ सम्पन्न हो गया। जिस इलाके की फिजाओं में कभी बारूद की गंध घुला करती थी, वहां आज फुटबाल के खेल से गुलजार नजर आया। फुटबॉल प्रतियोगिता के भव्य समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नौडीहा थाना प्रभारी अमन कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत छतरपुर के पूर्व और भावी प्रत्याशी युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे। फीता काट कर टूर्नामेंट का आगाज हुआ। साथ ही गुलदस्ता देकर सुनील कुमार,पत्रकार सुरेंद्र कुमार, पूर्व जिला परिषद सदस्य सिताराम, मुखिया जितेंद्र पासवान, कामंटेटर बीके सिंह, सहायक शिक्षक तिलक सिंह,भूषण सिंह, को सम्मानित किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि यह आयोजन इलाके में बदलाव का प्रतीक है। इलाके के लोग ऐसे सफल आयोजन के लिए वाकई बधाई के पात्र हैं। वहीं समाजसेवी अरविंद गुप्ता ने कहा कि वर्षो के अंधेरे के बाद इलाके में अब उजाले का सुकून है। लोग बंदूक छोड़ कलम उठा रहे हैं । ऐसे में कभी अतिनक्सल प्रभावित इलाके का दंश झेल चुके सरईडीह के इस इलाके में इस तरह के आयोजन से बदलाव की एक बड़ी गाथा लिखी जा रही है। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में काजीपुर हैदरनगर की टीम ने अलीपुर छतरपुर को 2-1 से पराजित कर खिताब पर अपना कब्जा जमा लिया। खिलाड़ियों ने अपने बेहतर प्रदर्शन से लोगों का दिल भी जीत लिया। क्लब द्वारा विजेता टीम को 31 हजार और उपविजेता टीम को पन्द्रह हजार की इनाम राशि प्रदान की गई।


## कार्यालय- जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

**-:सूचना:-**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्यान्वित होने वाली योजनाओं में निविदा देने के लिए विभिन्न श्रेणियों में निबन्धन नवीकरण एवं नव निबंधन हेतु संवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नव निबंधन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय अवधी में निर्धारित आवेदन शुल्क 500/- रू0 का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट (सचिव जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu के पदनाम से होगा) जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भर कर आवश्यक कागजात एवं निबंधन शुल्क का भारतीय स्टेट बैंक का ड्राफ्ट (जो सचिव जिला परिषद, पलामू के पदनाम से होगा) के साथ अन्तिम तिथि दिनांक ..10...../...02.../2023 को 5:00 बजे अपराहन् तक जिला अभियंता कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तो की जानकारी जिला परिषद, पलामू के सूचना पट् पर अथवा कार्यालय अवधि में संबंधित सहायक से प्राप्त किया जा सकता है।

| श्रेणी | निविदा राशि की सीमा | निबन्धन शुल्क | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 2.50 करोड़ रूपये से उपर प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 2.00 लाख | बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक को जो सचिव जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu) के पदनाम से हो |
| 2 | 50.00 लाख रूपये से उपर 2.50 करोड़ तक के प्रक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 1.00 लाख | |
| 3 | 10.00 लाख रूपये से उपर 50.00 लाख तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु समक्ष। | 25 हजार | |
| 4 | 10.00 लाख रूपये तक के प्राक्कलित राशि के निविदा देने हेतु सक्षम। | 10 हजार | |

ह0/-
कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 287112 District(22-23)#D



## कार्यालय:-जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार
संयुक्त जिला कृषि भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206
Email :- latehardao@rediffmail.com

**बिरसा किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

किसान भाईयों, जोहार !

सूचित किया जाता है कि यदि आपने 31.03.2020 से पूर्व KCC ऋण लिया था तथा उसमें नियमित किस्त जमाकर रहे थे, उन्हें झारखण्ड सरकार के द्वारा आपका 50 हजार तक का ऋण माफ किया जा रहा है। इसमें एक परिवार के एक ही सदस्य को इसका लाभ मिलेगा।

कृषि निदेशक, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 5589 दिनांक 30.12.2022 के आलोक में KCC ऋण खाता को आधार से जोड़ने तथा e-KYC कराने हेतु दिनांक 09.01.2023 से सभी बैंक शाखाओं में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

BAO, BTM, ATM, VLW एवं कृषक मित्र द्वारा Door to Door Campaign (अभियान) चलाकर भी आपसे सम्पर्क किया जाएगा। इस शिविर में प्रज्ञा केन्द्र संचालक एवं बैंक मित्र BAO, BTM, ATM, VLW एवं कृषक मित्र आपको आधार सिडिंग एवं e-KYC कराने में सहयोग करेंगे। e-KYC कराने हेतु KCC खाता संख्या, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लाना न भूलें।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस शिविर में भाग लेकर कृषि ऋण माफी योजना का लाभ उठावे।

विशेष जानकारी के लिए आप अपने बैंक के शाखा प्रबंधक/बैंक मित्र या BTM, ATM, VLW एवं कृषक मित्र/प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी से संम्पर्क करें।

जिला कृषि पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.287014 Agriculture(22-23):D



## कार्यालय: वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल
वन भवन, चतरा- 825401 (झारखण्ड)
Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfo-chatrasouth@gov.in

सूचना संख्या – 01/2023 दिनांक – 06.01.2023

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के अंतर्गत अंतिम रूप से राज्यसात वाहनों की जहाँ है, जिस स्थिति में है के आधार पर बिकी हेतु मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ निर्धारित तिथि को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन निविददाता या उसके प्रतिनिधि के समक्ष 3.00 बजे अपराह्न में खोली जायेगी। किसी भी वाहन के लिए उच्चतम मूल्य/उच्चतम निविदा की राशि स्वीकार करने के लिए अद्योहस्ताक्षरी बाध्य नहीं होंगे एवं उसे बिना कोई कारण बताये बिकी से उठा लेने या रद्द करने के लिए सक्षम होगें। निविदा स्वीकृति प्राप्त होते ही निवदित मूल्य का 15 प्रतिशत प्रतिभूति राशि सफल निविदादाता को जमा करना अनिवार्य होगा एवं 30 (तीस) दिनों के अन्दर पूरी राशि एवं बिकी कर, अन्य देय करों सहित जमा करना होगा। अगर निविदादाता निर्धारित समय के अंतर्गत पूरी राशि जमा नहीं कर पाते है तो उनके द्वारा जमा किया गया अग्रधन/प्रतिभूति राशि बिना कोई कारण बताये राज्यसात कर ली जायेगी। निविददाता को निविदा के साथ अग्रधन के रूप में पिकअप भान के लिए 5000.00 रू0 मात्र का बैंक ड्राफ्ट जो केवल भारतीय स्टेट बैंक, चतरा में भुगतेय हो एवं "वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल" के पक्ष में भुगतेय हो जमा करना होगा। असफल निविददाताओं को अग्रधन की राशि तुरंत वापस कर दी जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा दी गई अग्रधन राशि प्रतिभूति राशि में समायोजित कर ली जायेगी। इच्छुक निविददाता निविदा देने के पूर्व किसी भी दिन स्थलों पर वाहनों का निरीक्षण कर सकते है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में दिनांक 10.01.2023 से 20.01.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक 200.00 (दो सौ) रू0 मात्र शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविददाता डाक द्वारा भी निविदा भेज सकते है, बशर्ते कि विहित प्रपत्र में निविदा, अग्रधन राशि सहित मुहरबंद लिफाफे में निर्धारित तिथि को 2.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय में प्राप्त हो जाय। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**वाहनों की सूची जिसके लिए निविदा आमंत्रित है :**

| कम सं0 | वाहनों का नाम | निबंधन संख्या | स्थान/कार्यालय, जहाँ वाहन स्थित है |
|---|---|---|---|
| 1. | पिकअप भान | JH13A-2946 | चतरा वन प्रक्षेत्र परिसर |

**आमंत्रित निविदा की तिथि**

| कम सं0 | माह | निविदा की तिथि | निविदा प्राप्त करने का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जनवरी, 2023 | 20.01.2023 | 2:00 बजे अपराह्न | 3:00 बजे अपराह्न |

वन प्रमंडल पदाधिकारी
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल

PR 287002 Forest, Environment and Climate Changes (22-23)_D

NEWS इन ब्रीफ

## तुलसी मानस मंदिर का मैपिंग सह कवि गोष्ठी 15 को

**मेदिनीनगर।** स्थानीय साहित्य समाज चौक के पास स्थित तुलसी मानस मंदिर के परिसर में 15 जनवरी को कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है । इसके साथ ही मंदिर निर्माण के लिए मैपिंग का कार्य इंजीनियर भरत सिंह के द्वारा किया जायेगा। यह जानकारी रामचरित मानस महायज्ञ समिति के सचिव शिवनाथ अग्रवाल में दी। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए मैपिंग का कार्य संपन्न होने के साथ-साथ स्थानीय साहित्यकारों जिसमें हिंदी साहित्य और परिमल प्रवाह के कवियों के द्वारा कवि गोष्ठी का आयोजन किया जाना है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम के उप मेयर मंगल सिंह उपस्थित रहेंगे। उनके उपस्थिति में ही मैपिंग का कार्य और कवि गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

## पलामू में बालू को लेकर मचा हाहाकार : प्रेम प्रकाश

**मेदिनीनगर।** समाजसेवी प्रेम प्रकाश ठाकुर ने पलामू में बंद बालू को लेकर कहा है कि पलामू में बालू नहीं मिलने से बेरोजगारी चरम पर है। पलामू में सभी तरह के कंट्रक्शन का कार्य बंद है । जिस कारण मजदूर बेरोजगार बैठे है । मजदूरी करने वाले को काम नहीं मिल रहा है। मजदूर दूसरे राज्यों में पलायन कर रहें हैं। इसकी चिंता करने की जरूरत है। बालू के मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है। जिस कारण सभी कंट्रक्शन का कार्य बंद है। उन्होंने बालू उचित दर पंचायत को देने की सलाह दी है।

## बसपा ने मायावती की जयंती मनाने का लिया निर्णय

**मेदिनीनगर।** बसपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता व पूर्व प्रत्याशी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विनोद कुमार सोनी अधिवक्ता एवं विश्रामपुर विधानसभा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार रवि ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि आगामी 15 जनवरी 2023 दिन रविवार को पलामू जिले के अंतर्गत,विश्रामपुर डाकबंगला के मैदान में बसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर की बहन कुमारी मायावती का,67 वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पलामू जिले के पूर्व एवं वर्तमान जिला कमेटी सभी विधानसभा के पूर्व एवं वर्तमान कमेटी,सभी प्रखंड के वर्तमान कमेटी सभी सेक्टर एवं पंचायत कमिटी के पदाधिकारियों से आग्रह है कि,उक्त कार्यक्रम में अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं को लाने का कार्य करेंगे । इसके लिए पलामू जिला के सभी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी से आग्रह है कि अपने अपने क्षेत्र से कार्यक्रम स्थल पर कार्यकर्ताओं को लाने में सहयोग करेंगे।

## आजसू ने अधिवक्ताओं के हड़ताल का किया समर्थन : सतीश

**मेदिनीनगर।** विगत सप्ताह से राज्य की न्यायिक प्रक्रिया बंद है। झारखंड की बड़ी आबादी इससे प्रभावित है। राज्य सरकार चैन की निंद सो रही है। अपनी पुरानी हरकत झुठ फरेब कर समाज के बुद्धिजीवी वर्ग अधिवक्तागण को गुमराह कर रही है। आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि सरकार वार्ता कर झारखण्ड मे चल रही हड़ताल को अबिलंम्ब समाप्त कराये। नगर निगम के पूर्व वार्ड आयुक्त डॉ नरेश प्रसाद ने कहा कि स्टांप और कोर्ट फीस की बढ़ोत्तरी गरीब जनता को न्यायिक प्रक्रिया से अलग करने की साजिश है। सरकार अबिलंम्ब फीस वृद्धि वापस लेकर अधिवक्ता गण के अन्य मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर हड़ताल समाप्त कराये।

# अधिवक्ताओं का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी, दिखा व्यापक असर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कोर्ट फीस बढ़ोतरी वापस लेने ,अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने व अन्य मांगों को लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के निर्देश पर पलामू जिले के अधिवक्ता तीसरे दिन सोमवार को भी न्यायिक कार्य से अलग रहे। इससे विभिन्न न्यायालयों में लंबित जमानत, अग्रिम जमानत , गवाही, बयान, बहस का कार्य पूर्णतः ठप रहा। विदित हो कि न्यायालय में प्रत्येक दिन की भांति सोमवार को भी सभी न्यायाधीश न्यायालय में बैठे परंतु अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण पक्षकारों का काम नहीं हो सका । पक्षकार न्यायालय में आये । परन्तु उन्हें मायूसी हाथ लगी। विदित हो कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं ने चट्टानी एकता का परिचय देते हुए न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखा। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से अलग रहने के कारण न्यायालय में सन्नाटा पसरा रहा। इस संबंध में अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि पलामू जिले के अधिवक्ताओं ने चट्टानी एकता का परिचय दिया है तथा स्वयं को न्यायिक कार्य से अलग रखा है। मंगलवार तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहेंगे । इसके बाद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्देश पर आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। संघ के दिशा निर्देश पर अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्य से अलग रहने पर उन्होंने बधाई दी है। व कहा है कि अधिवक्ताओं के चट्टानी एकता का परिचायक है। विदित हो कि सिविल कोर्ट, आयुक्त, उपायुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, उप समाहर्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी, व कार्यपालिक दंडाधिकारी के कोर्ट का काम पूरी तरह प्रभावित रहा । अधिवक्ता संघ के काउंटर पर बिकने वाला विभिन्न फॉर्म का काउंटर बन्द रहा। इस कारण शपथ पत्र ,एकरारनामा ,आदि का काम नही हो सका। मौके पर अधिवक्ता अशोक सहाय, शैलेंद्र तिवारी, सन्तोष कुमार पांडेय, अनुज त्रिपाठी, सुरेन्द पाण्डेय, सत्य प्रकाश दुबे के अलावे जिले के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से अलग रहे।

## भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ने दिया अधिवक्ताओं को समर्थन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** भाजपा विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सीएस दुबे ने अधिवक्ताओं के मांग का समर्थन किया है। उन्होंने आम लोगों को नैसर्गिक न्याय को पुर्नबहाल करने के संबंध में सरकार द्वारा बढ़ाई गई न्यायालीय शुल्क को वापस लेने की मांग की है। गौरतलब है की विगत कुछ दिन पहले झारखण्ड सरकार के द्वारा कोर्ट फी (न्यायालीय शुल्क) में अभूतपूर्व वृद्धि की गयी है, जो लगभग 600 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। इस वृद्धि के कारण आमजनों को न्याय पाने में बहुत अधिक आर्थिक बोझ का भार झेलना पड़ रहा है। यहां तक कि इस शुल्क वृद्धि के कारण सामान्य सम्पति विवाद में आम गरीब जनता अपनी हक की लड़ाई नहीं लड़ पा रही हैं और अपने भूमि, घर सम्पति आदि से वंचित होने के कगार पर पहूंच चुका हैं। उन्होने समर्थन देते हुए कहा कि सरकार द्वारा किये गये। उक्त शुल्क वृद्धि के विरूद्ध झारखण्ड राज्य बार एसोशिएशन के द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन का भरपुर नैतिक समर्थन करता हूं। राज्य सरकार के द्वारा न्याय नहीं दिये जाने से आवश्यकता पड़ने पर अगले चरण में झारखण्ड राज्य बार एसोशिएशन के नेतृत्व में आम जनता को गोलबन्द करते हुए विभिन्न स्तरीय सहयोग प्राप्त कर-के सरकार के इस नीति के खिलाफ सड़क पर उतरने का कार्य करेंगे। उन्होंने अध्यक्ष राम देव प्रसाद यादव, महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र अशिवनी कुमार त्रिपाठी, और सत्य प्रकाश की उपस्थिति में आंदोलन मे समर्थन दिया।

## रेलवे स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर।** स्थानीय डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 61 से अधिक यात्रियों को बगैर टिकट पकड़ा गया। उन यात्रियों से 18 हजार 490 रुपए बतौर फाइन वसूला गया। टिकट



चेकिंग अभियान में रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार के नेतृत्व में चलाया गया । गौरतलब है कि रेलवे विभाग लगातार यात्रियों के सुविधा के लिए कार्य कर जा रहा है। लेकिन सुविधा मिलने के बावजूद कुछ यात्रियों के द्वारा बिना टिकट के यात्रा करने को आदतन मजबूर है । विभाग द्वारा लगातार चेकिंग अभियान के द्वारा बिना टिकट के यात्रा कर रहे यात्रियों को धड़-पकड़ किया जा रहा है। पूर्व में भी रेलवे स्टेशन से कई यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़ा जा चुका है।

## सीबीएसई प्रायोजित प्रशिक्षण संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के सभागार में 9 जनवरी 2023 को सीबीएसई द्वारा इंटीग्रेटेड पेमेंट सिस्टम फॉर प्रिंसिपल सीबीएसई स्कूल्स ऑगेनाईज्ड बाय सीबीएसई संपन्न हुई। अतिथियों का स्वागत डीएवी. की परंपरा अनुसार वेद मंत्रों के बीच तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतवीर सिंह राजा उपाध्यक्ष स्थानीय प्रबंध समिति एम के डीएवी पब्लिक स्कूल थे। मुख्य अतिथि के आगमन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों के बीच दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । तत्पश्चात अपने स्वागत भाषण में मेजबान विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जीएन. खान ने मुख्य अतिथि एवं आगंतुक प्राचार्य का स्वागत किया। उन्होंने श्री सतवीर सिंह के सम्मान में कुछ काव्य पंक्तियां भी समर्पित की। उन्होंने श्री तरुण कुमार सीईओ सीबीएसई पटना को यह अवसर प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने संथाली नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रुप में बीजू जोसेफ डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर सह प्राचार्य हेरीटेज इंटरनेशनल स्कूल मेदिनीनगर पलामू ने सभी आगंतुकों को इस तकनीक के बारे में समझाया । आगंतुकों में मुख्य रूप से प्राचार्य रोटरी पब्लिक स्कूल, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल , विमला पांडे मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल, नवोदय विद्यालय मेदिनीनगर, जपला केंद्रीय विद्यालय पलामू, एलिट पब्लिक स्कूल , ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल , सेंट मरियम स्कूल मिलेनियम पब्लिक स्कूल भी उपस्थित थे।

### पिपरा में कृषि कर्मशाला का आयोजन

## किसान फसलों का उत्पादन बढ़ायें: बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिपरा प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिता केर-केट्टा ने कहा कि किसान अपनी फसलो के उत्पादन को बढ़ायें। इसके लिए कृषि उपकरण एवं तकनीक का सहारा लें। साथ ही कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा फसलों को लगायें जाने संबंधी सलाह का अनुपालन करते हुए अगेती फसलों को लगायें। ताकि उत्पादन के साथ-साथ उत्पादन की अच्छी कीमत प्राप्त हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पिपरा प्रखंड में आयोजित रबी कर्मशाला में किसानों को कृषि संबंधी सलाह दे रहीं थीं। उन्होंने किसानों को रबी कर्मशाला में सीखी बातों को अन्य किसानों को अवगत कराने की बातें कही। ताकि ज्यादा -से-ज्यादा किसानों को इसका फायदा मिले। उन्होंने कृषि ऋण माफी योजना के लिए ई-केवाईसी कराने के लिए भी किसानों को प्रेरित किया। रबी कर्मशाला की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव ने की। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कुमार ने किसानों को फसलों में अधिक उत्पादन लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसान भाई फसलों में अधिक उत्पादन के लिए धान, गेहू के चक्र को छोड़कर 3-एम फामूर्ला को अपनाएं। 3-एम तकनीक अपनाने से फसल का उत्पादन अधिक होगा और किसानों की आमदनी भी अधिक होगी। उन्होंने गेहू की खेती में उर्वरक प्रबंधन पर भी प्रकाश डाला। रबी कर्मशाला में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि 90% अनुदान पर ड्रिप/ स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम दिया था रहा है।



इस योजना का लाभ लेकर किसान अपनी फसल में अच्छी सिंचाई कर सकते हैं। भूमि संरक्षण विभाग की पंप योजना, उद्यान विकास की योजना एवं झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई एवं इसके फायदे के बारे में बताया गया।कृषि कर्मशाला में जिला परिषद सदस्य ददन पासवान, रवीन्द्र कुमार सिंह, सरईया मुखिया प्रियंका कुमारी, दलपतपुर मुखिया मीना देवी, बभण्डी मुखिया इसवंती देवी सहित जनसेवक, जनसेवक सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी, किसान मित्र एवं विभिन्न गांवों के किसान उपस्थित थे।

## कन्या विवाह व विकास सोसाइटी करेगा बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह व विकास सोसाइटी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तिनकोनिया गैराज एवं पलामू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वाधान में सोमवार को संवादाता सम्मलेन का आयोजन संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया । जिसमे संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि संस्था विगत 12 वर्षों से बिहार व झारखंड राज्य के भिन्न-भिन्न जिलों में बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं सामूहिक विवाह को प्रोत्साहित करने का जागरूकता कार्य करते हुए लगभग 13000 कन्याओं उनके विवाह स्थल एवं हजारों कन्याओं का सामूहिक विवाह करवाकर घरेलु उपयोग आने वाली वस्तुएं विदाई सामग्री स्वरुप देकर लाभान्वित करने का कार्य कर चुकी है। जिसमें पलामू जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सह मेदिनीनगर नगर निगम वार्ड न.22 के वार्ड पार्षद मनोज कुमार सिंह उर्फ बिल्लू सिंह के सहयोग से डालटनगंज इंटर स्कूल एवं अंतर जिला सीनियर प्राइजमनी बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन 20 से 23 जनवरी तक पलामू क्लब के इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है । जिसमें पलामू जिले से विद्यालय, उच्च विद्यालय, महाविद्यालय से चयनित अंडर 14 के बालक - बालिका,वर्ग अंडर 17 के बालक -बालिका, अंडर 19 वर्ग के बालक बालिका एवं अंतर राज्य सीनियर प्राइजमनी के उम्मीदवार इस खेल में भाग लेंगे। मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष उषा कुमारी, पदाधिकारी मो. हासिबुल्लाह अंसारी,जिला प्रबंधक, आदि उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र ने दो दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र के द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंधुआ स्कूल के मैदान में कया गया । जिसमें फुटबॉल, दौड़, बैडमिंटन, कबड्डी, गोला फेक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीत पांडे ने किया एवं संचालन नेहरू युवा केंद्र प्रखंड स्वयंसेवक अभय वर्मा ने किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय के पूर्व भौतिकी शास्त्र के प्रो० केके मिश्रा,संस्कृत के विख्यात एवं बंधुआ मंदिर के मुख्य पुजारी अजय मिश्रा,जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राणा सिंह, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति



पांडे,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी,ग्राम बंधुआ पंचायत के मुखिया दीनानाथ माझी,उप मुखिया ओमप्रकाश बैठा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रोफेसर के०के मिश्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से युवाओं में शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। हमें इस तरह के ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम नियमित रूप से करना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन आगे भी ग्राम स्तर पर हो ऐसी अपेक्षा करते हैं। विभाग संगठन मंत्री रतनेश त्यागी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में युवा देश के रूप में भारत को ही जाना जाता है और हम युवा मिलकर अपने भारत को विश्व गुरु बनाने का कार्य करेंगे । वही मुखिया दीनानाथ मांझी ने विजेता एवं उपविजेता फुटबॉल की टीम को फुटबॉल किट मुहैया कराने की बात कही। उप मुखिया ओमप्रकाश बैठा नें कार्यक्रम का समापन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया । रेफरी के रूप में पिंटू सिंह,आनंद विश्वकर्मा एवं रितिक पांडे ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरकार के आदेश को ठेंगा दिखा रहा एमकेडीएभी स्कूल प्रबंधन

**मेदिनीनगर।** सरकार के आदेशानुसार कक्षा एक से पांचवीं तक के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में शैक्षणिक कार्य बंद रहेंगे। इसके बावजूद भी एमकेडीएभी पब्लिक स्कूल प्रबंधन मेदिनीनगर के द्वारा बच्चों को ऑनलाइन क्लास के नाम पर परेशान किया जा रहा है। बच्चों के साथ साथ ऑनलाइन क्लास को ले अभिभावक भी परेशान दिख रहे हैं। विदित हो कि डीएभी स्कूल प्रबंधन के द्वारा छोटे बच्चों का भी ऑनलाइन क्लास लिया जा रहा है । कभी-कभी मोबाइल का नेटवर्क नहीं रहने के कारण अभिभावक के साथ साथ बच्चों को भी काफी कठिनाई उठानी पड़ रही है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन के द्वारा सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है।

## बहुगुणा की जयंती पर पर्यावरणविद ने लगाया ऑस्ट्रेलियन जामुन का पौधा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने चिपको मूवमेंट के प्रणेता सुंदरलाल बहुगुणा के 96 वां जन्मदिन मनाया। जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए पर्यावरणविद कौशल ने बाईपास रोड केपीजे कंपलेक्स के पीछे स्थित आवास पर्यावरण भवन के ऊपर आकाश बाग में पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ ऑस्ट्रेलियन बारहमासी जामुन का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि बहुगुणा जी पलामू प्रवास के दौरान उनके आकाश बाग में शमी पेड़ के नीचे बैठकर घंटों पूजा करते थे । उसी पेड़ के नीचे श्री कौशल ने बहुगुणा जी की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये कहा कि उन्हें उनके 1977 में टिहरी के चामा ,चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश - विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। बहुगुणा के साथ जुड़े लोगों में अमेरिका के जॉब एजेंट्स,समेत देश विदेश के सैकड़ों पर्यावरणविदों के साथ लाखों लोगों को पर्यावरण धर्म में और वन राखी मूवमेंट में शामिल किया गया है। वीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह डाली पंचायत बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी धर्मपत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके आवास पर आए थे। कार्यक्रम में कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, आराध्या जायसवाल आशिका जायसवाल संजू देवी, रामू, मिट्ठू सिंह, निर्मला देवी, सोनू कुमार,छोटू, ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।

लापरवाही

### पोस्टमार्टम हाउस में रखा डीप फ्रीजर खराब

# लावारिस शव को रखने में हो रही परेशानी

**उपेन्द्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखे डीप फ्रीजर सफेद हाथी का दांत बना हुआ है। इसे लेकर किसी को भी कोई परवाह नहीं है। पोस्टमार्टम हाउस में आने वाले अज्ञात शवों को सड़ने गलने से बचाने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से तीन शवों को रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था कराई गई थी। पिछले कई महीनों से पोस्टमार्टम हाउस में रखे फ्रीजर कार्य नहीं कर रहे हैं । जिससे लावारिस शव को रखने में दिक्कत होने लगी है। पोस्टमार्टम हाउस में जिन स्लैव पर शवों को रख कर पोस्टमार्टम किया जाता है वह भी गंदगी से भरा पड़ा हैं। इसके साथ ही भवन में लगी अधिकांश लाइट कार्य नहीं कर रहे हैं । जिसके चलते पोस्टमार्टम करते समय डॉक्टरों को



कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम के लिए रखे जाने वाले अज्ञात शव सड़ कर दुर्गंध मारने लगते हैं। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी इसे ठीक कराने के लिए बार-बार अफसरों से कहते हैं लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। अभी एक दो महीना बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जायेगा। गर्मी के मौसम में अज्ञात शव कि और भी दुर्दशा हो जाती है। पोस्टमार्टम हाउस के आसपास सैकड़ों घर हैं,शव की वजह से आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध फैलती है। जिससे लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में रखे गए डीप फ्रीजर को यहां के मैकेनिक सही नहीं कर पा रहे हैं। बाहर से इलेक्ट्रिक इंजीनियर को बुलाकर इसे ठीक कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि कई बार इंजीनियर को डीप फ्रीजर बनाने के लिए बोला गया है। लेकिन अभी तक इंजीनियर नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द पोस्टमार्टम हाउस का डीप फ्रीजर बन जाये। ताकि लावारिस शव को रखने में दिक्कत ना हो।

## भाजयुमो की बैठक में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू की बैठक जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पलामू में संपन्न हुई। बैठक में 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने पर चर्चा हुई। भाजयुमो राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा स्वामी जी की जयंती पर देशभर में यंग इंडिया रन का आयोजन किया जाना तय हुआ है। इस कार्यक्रम को लेकर पलामू में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने भी जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया है। इसे लेकर कार्यक्रम की कमेटी भी घोषित की गई। कार्यक्रम के प्रभारी मोर्चा के कार्यक्रम समन्वयक रोहित पाठक एवं सह प्रभारी जिला कार्यसमिति सदस्य राहुल पांडेय को बनाया गया है। श्री पांडेय ने बताया कि 12 जनवरी को मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा युवाओं से ज्यादा से ज्यादा संपर्क कर इस दौड़ कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया जा रहा है। इसे लेकर पंजीयन भी कराया जा रहा है। कार्यक्रम 12 जनवरी को स्थानीय छह मुहान चौक से स्वामी विवेकानंद चौक,शाहपुर तक आयोजित की जायेगी। बैठक में महामंत्री श्वेतांक गर्ग, विपुल गुप्ता, उपाध्यक्ष रोहित शर्मा रंजीत गिरी, सुमित पांडेय,ओम प्रकाश दुबे, प्रिंस सिंह अंकुर सिंह, सौरभ पांडेय, तुषार दुबे, सुजीत मिश्रा, अनमोल, अमन सहित मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## NEWS इन ब्रीफ

### शोक सभा का आयोजन

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** बोकारो स्टील माईस महाविद्यालय भवनाथपुर में पूर्व स्वास्थ मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप देहाती के निधन पर प्राचार्य प्रोफेसर आर पी शुक्ला की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संबेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर शिक्षक-शिक्षिका व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### मरांडी का 65वां जन्म दिन समारोह 11 को

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का 65वां जन्म दिन समारोह आगामी 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से मनेगा। वहीं पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी के चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित होगा। उक्त आशय की जानकारी पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केसरी ने दिया।

### गरम चाय से जलकर बच्चा जख्मी

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के जरही गांव निवासी अक्षय कुमार का पुत्र गौतम कुमार (दो वर्ष) गरम चाय में जलकर जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में उसके परिजनों ने बताया कि चूल्हे पर गर्म चाय चढ़ा हुआ था। इसी दौरान गौतम ने उसे पकड़ कर खींच दिया। इसी क्रम में उसके शरीर पर गर्म चाय गिर गया। घटना के बाद उसके परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### दीवार गिरने से युवक गंभीर

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के गोबरदाहा गांव निवासी अकलीम अंसारी का पुत्र मुशर्रफ अंसारी दीवाल गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि मुशर्रफ अंसारी अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वहां बगल में ही पांच इंची का नया दीवाल का जुड़ाई किया गया था। खेलने के दौरान दीवाल उसके ऊपर गिर गया। इस घटना में मुशर्रफ अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया।

# गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर उपायुक्त ने दिया कई निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से संबंधित आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी संबंधित विभागों को उनके अपने-अपने दायित्वों से अवगत कराने के साथ ससमय उसका निर्वहन करने का निर्देश उपायुक्त, श्री घोलप द्वारा दिया गया। विदित हो कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिले के गोविंद उच्च विद्यालय, गढ़वा के मैदान में झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। स्थानीय गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में सार्वजनिक झंडोत्तोलन प्रातः 9:05 बजे, समाहरणालय गढ़वा में प्रातः 10:35 बजे, अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में प्रातः 10:45 बजे तथा पुलिस लाइन गढ़वा में प्रातः 11:25 बजे झंडोत्तोलन किया जाना सुनिश्चित है। बैठक में निर्णय लिया गया कि परेड का पूर्वाभ्यास दिनांक 18 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जाएगा। मुख्य समारोह स्थल पर थर्मल स्कैनिंग? व सैनिटाइजेशन की व्यवस्था करने एवं गणतंत्र दिवस के दिन मुख्य समारोह स्थल पर एक चिकित्सकीय दल को आवश्यक दवाओं के साथ कार्यक्रम प्रारंभ होने से समापन तक बनाए रखने का निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर कुछ विभागों जैसे- जेएसएलपीएस, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, परिवहन कार्यालय व शिक्षा विभाग समेत अन्य के द्वारा झांकी निकालने का निर्णय भी लिया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिनांक 25 जनवरी 2023 को मुख्य समारोह स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु निर्णय लिया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों द्वारा प्रातः काल में प्रभात फेरी निकाले जाने की बात कही गई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त गढ़वा, राजेश कुमार राय, कमांडेंट सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा, नृपेंद्र कुमार सिंह, डायरेक्टर डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा, निकिता बाला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा, डीएसपी मुख्यालय, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गढ़वा अंचलाधिकारी गढ़वा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य व अन्य उपस्थित थे।

### सड़क निर्माण के दौरान उड़ रही धूल से ग्रामीण परेशान

# कंपनी की गाड़ियों को रोक किया हंगामा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के बिलैती खैर पंचायत के छतैलिया गांव में सोमवार को दो दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क निर्माणधीन कंपनी के दर्जनों वाहनों रोककर घंटों हंगामा किया। उक्त संदर्भ में बताते चले कि करोड़ों रुपए की लागत से कदवा-धुरकी मोड़ से चिनिया होते हुए रंका रबदा तक कालीकरण सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे सड़क निर्माणाधीन में प्रत्येक दिन सैकड़ों वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन संवेदक की लापरवाही से गाड़ी चलते ही धूल का घना गुबार उड़ता हैं। जो आम ग्रामीणों व राहगीरों के लिए जी का जंजाल बन गया है। क्षेत्र में दिनभर उड़ते धूल और मिट्टी से स्कूल आने जाने वाले बच्चे, कर्मचारी, अधिकारी, आम जनता, सड़क किनारे स्थित दुकान व घर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सोमवार को दो दर्जन ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कंपनी के दर्जनों वाहनों को छतैलिया गांव में रोक कर हंगामा किया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य हो इससे हम लोगों को कोई परेशानी नहीं है। लेकिन संवेदक प्रत्येक दिन इस निर्माणाधीन सड़क पर पानी गिराये इसके बाद ही हम लोग इस सड़क से कंपनी के वाहनों को आने जाने देंगे। कारण कि अगर प्रत्येक दिन सड़क पर पानी गिरेंगे तो उससे धूल मिट्टी नहीं उड़ेंगे। जिससे हम लोगों को काफी राहत मिलेगी। वहीं सड़क निर्माणाधीन के सुपरवाइजर पंकज सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा आज सड़क निर्माणाधीन कंपनी के वाहन को घंटों रोका गया। ग्रामीणों की मांग जायज है। हमारे द्वारा प्रत्येक दिन पानी गिराने के बाद ही इस सड़क पर कंपनी के वाहनों का आना जाना होगा। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह खरवार, पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि रवि प्रसाद, झामुमो नेता हरिमाल सिंह, सुरेश कुमार तूरी, शिवनाथ सिंह, भागीरथ सिंह, कामेश्वर सिंह, अवधेश यादव, जनेश्वर सिंह, मूंगा सिंह, बसंत सिंह, विनोद सिंह, नंद कुमार सिंह, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चेंबर कार्यालय में शोक सभा का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भवनाथपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही के पिता स्व. लाल हेमंत प्रताप देहाती एवं समाजसेवी स्व. युगुल सिंह के निधन पर पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई की ओर से थाना गेट के सामने स्थित गुलाब मेमोरियल मार्केट के चेंबर कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। आयोजित शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की। चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर ने कहा कि राजनीति में मुखिया से मंत्री तक के सफर तय करने वाले हेमंत प्रताप देहाती गढ़वा जिले के लाल थे। शोक सभा में सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश उर्फ चंदू, अनूप निराला, विनोद प्रसाद कांस्यकर, दिल्लू चौबे, विकास जायसवाल, राजीव सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### युवक ने किया आत्महत्या करने का प्रयास

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के बानूटीकर गांव निवासी संजय राम का पुत्र ललन कुमार राम ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि ललन कुमार राम अपने अभिभावक को बिना बताए रात में घूमते फिरते रहता था। इसी बात को लेकर उसके पिता ने उसे डांट फटकार लगाया था। इसी बात से आक्रोशित होकर ललन कुमार ने कीटनाशक खा लिया।

### महिला महाविद्यालय में शोकसभा का आयोजन



**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** पूर्वमंत्री लाल हेमेन्द्र प्रताप देहाती के निधन पर सोमवार को मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में उपस्थित महाविद्यालय कर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया। शोकसभा में प्रभारी प्राचार्य कमलेश कुमार, प्रो महमूद आलम, प्रो. भरदुल ठाकुर, प्रो. अविनाश कुमार, प्रो. अनिता, प्रो. मीरा देवी, प्रो. बबिता, दिलीप कुमार, सबिता कुमारी, हेमंत कुमारी, महाविद्यालय की छात्राएं ऋतु कुमारी, पल्लवी कुमारी, रीना कुमारी, शीतल कुमारी, प्रियंका कुमारी, रीता कुमारी, संगीता कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# शौचालय निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर बीडीओ एक्शन में

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** बीडीओ गणेश महतो ने स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के तहत प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2019 से 2023 तक बने शौचालय की सूची कार्यपालक अभियंता सह स्वच्छता सचिव (जिला जल एवं स्वच्छता मिशन गढ़वा) को पत्र के माध्यम से मांग किया है। पत्र में उल्लेखित है कि प्रखंड में पिछले 30 दिसंबर को प्रखंड कार्यालय पर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई थी। उक्त बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2019 से 2023 प्रखंड में बनने वाले शौचालय निर्माण के लिए महिला समूह की खाता में एडवांस राशि भुगतान किया गया था। लेकिन शौचालय की राशि को कॉर्डिनेटर तथा समूह के लोगो ने कागज पर फर्जी निर्माण दिखाकर यूसी अर्जेस्ट कराकर राशि का गबन कर लिया गया है। शौचालय जांच के लिए जिला कार्यालय से प्रखंड के सभी पंचायत में बनवाए गए शौचालय की सूची उपलब्ध कराने का प्रस्ताव लाया है।

**मामला क्या है :** प्रखंड में वितीय वर्ष 2022-23 में दो महिला समूहों प्रभावती महिला स्वयं सहायता समूह लोहरगाड़ा को 8 गांव में 2784000 रुपए। तथा चमेली महिला आजीविका सखी मंडल मझिगावां को एक मात्र गांव मझिगावां में 900000 रुपए सहित दोनों को मिलाकर 307 यूनिट शौचालयों के लिए चार जुलाई 2022 और 22 जुलाई 2022 के दो डेट में कुल 3684000 रुपए। निर्माण के लिए अग्रिम भुगतान की गई थी। जिसमें प्रभावती महिला स्वयं सहायता समूह लोहारगाड़ा ने 53 शौचालयों का कागज पर ही निर्माण कार्य दिखाते हुए फर्जी तरीके से 636000 रुपए का यूसी एडजस्ट करवाकर राशि गबन कर लेने का आरोप है। वही चमेली आजीविका सखी मंडल मझिगावां ने भी 30 यूनिट शौचालय का धरातल पर बिना काम कराए ही फर्जी यूसी लगाकर भुगतान का समायोजन करा लेने का आरोप है। इसके अलावे प्रभावती महिला समूह को वित्तीय वर्ष 2018-19 में 224 शौचालय निर्माण के लिए 2688000 रुपए तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 232 शौचालय निर्माण के लिए 2784000 रुपए सहित कुल 5472000 प्रखंड में शौचालय निर्माण के दिए गए हैं। जबकि अधौरी के दोनों महिला समूहों को 1920000 रुपए दिए गए हैं। इन महिला समूह ने प्रखंड में आवंटित पंचायतों/गांव में धरातल पर निर्माण कार्य नहीं किया। इसके बाद भी विभाग द्वारा शौचालय निर्माण का धड़ल्ले से यूसी एडजस्ट किया जा रहा है। इसी प्रकार मीना महिला स्वयं सहायता समूह झुरीबांध खरौंधी को वित्तीय वर्ष 2018 -19 में 170 शौचालय निर्माण के लिये 2040000 रुपए का अग्रिम भुगतान किया गया। बिना शौचालय निर्माण कराए ही कागजी पर निर्माण दिखाकर यूसी एडजस्टमेंट कर दिया गया।

### 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक का आरोप

बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कमोबेश यही स्थिति जेएसएलपीएस के महिला समूहो और ग्रामीण जल स्वच्छता समिति से किए गए शौचालय निर्माण कार्य का भी है। एक ही शौचालय का तीन या अधिक एंगल से फोटो लेकर बिना धरातल पर कार्य कराए ही कागज पर निर्माण कार्य दिखाकर यूसी एडजस्ट करा लिया गया है। उन्होने कहा कि प्रखंड में नाबार्ड के थ्रू चार महिला समूहो के अलावा जेएसएलपीएस के डेढ़ दर्जन महिला समूहों को प्रखंड के सभी नौ पंचायतों के 20 गांवों में वित्तीय वर्ष 2018 से 2022 के बीच लगभग 1500 यूनिट शौचालय निर्माण का कार्य दिया गया था। जिनमें धरातल पर काम नहीं करके करीब 1,80,00000 रुपए का गबन कर लिया गया। साथ ही कहा इतनी गड़बड़ी के बावजूद अभी भी पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सक्षम अधिकारी, प्रखंड में पदस्थापित स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक की मिलीभगत से निरंतर भुगतान किया जा रहा है। साथ ही कहा बिना शौचालय निर्माण के ही भुगतान की प्रक्रिया अनवरत कैसे जारी है। भुगतान की गई राशि को रिकवर करने की जगह आगे भुगतान क्यों किया जा रहा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन के जिला व प्रखंड समन्वयक की मिलीभगत से महिला समूह को फर्जी भुगतान किया जा रहा है।

### केतार के गोविंद ने ड्रीम 11 गेम में जीता 35 लाख रुपये

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार बाजार निवासी विद्या जयसवाल का 25 वर्षीय पुत्र गोविंद जयसवाल ने शनिवार को ड्रीम 11 क्रिकेट गेम में वन रैंक हासिल किया। इसके एवज में उसे 35 लाख रुपये की राशि मिली। गोविंद जयसवाल के बैंक अकाउंट में 30% जीएसटी काटकर कंपनी की ओर से रविवार की शाम 24 लाख 50 हजार रुपय उसके खाते में डाल दिया गया। इसके बाद प्रखंड क्षेत्र में यह खबर आग की तरह फैल गई और सैकड़ों लोग गोविंद के घर इसकी सच्चाई का पता लगाने पहुंच रहे हैं। ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई पूरी करने वाले गोविंद जयसवाल ने बताया कि उसे क्रिकेट में शुरू से ही रुचि रही है। इस कारण व समय-समय पर इस तरह के आयोजन में ऑनलाइन भाग लेकर गेम खेलता है। इस दौरान उसे 6 माह पूर्व भी इसी तरह के दूसरे खेल में भी वन रैंक हासिल हुआ था। उसे 2 लाख का पुरस्कार मिला था। इसके बाद उसका उत्साह और बढ़ गया और पिछले 6 माह से इसी तरह के खेलों में दांव लगाता आ रहा है। जहां शनिवार की शाम सिडनी में हो रहे बिग बॉस लीग के ड्रीम 11 में उसने अपनी चुनिंदा खिलाड़ियों पर 49 रुपये का दांव लगाया था। इसके बाद उसे 35 लाख रुपये का पुरस्कार मिला है। सोमवार की देर शाम तक उसके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत के दौरान गोबिंद जयसवाल ने बताया की पिछले दो साल से वह ड्रीम 11 गेम खेल रहा है और उसे दो बार बड़ी सफलता मिली।

# कृषि ऋण माफी योजना को लेकर किसानों व किसान मित्रों की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** कृषि ऋण माफी योजना को लेकर किसानों एवं किसान मित्रों की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय में हुई। बैठक में उपस्थित लोगों को कृषि ऋण माफी योजना का लाभ लेने के लिए किये जाने वाले प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। साथ ही इस योजना के लाभुकों की सूची तैयार की गई। वैसे किसान जिन्होंने प्रज्ञा केंद्र से अपना ई केवाईसी कराकर 1 रुपये का टोकन ले लिया है, उनका टोकन जमा किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए तकनीकी विशेषज्ञ दयानंद पांडेय ने कहा कि वैसे लाभुक जिनका कृषि ऋण माफी योजना की सूची में नाम है और उनका खाता आधार से लिंक नहीं है वे सर्वप्रथम अपने बैंक में जाकर अपना आधार खाता से लिंक कराएं। उसके बाद अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक का फोटोकॉपी और राशन कार्ड का छायाप्रति लेकर अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में ई केवाईसी कराते हुए 1 रुपये का टोकन मनी जमा कर टोकन रशीद प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि जिस लाभुक का निधन हो चुका है उनके नॉमनी का आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मृत लाभुक का मृत्यु प्रमाण पत्र का छाया प्रति प्रखंड कार्यालय में जमा करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन लाभुकों का राशन कार्ड नहीं है वे अपना आधार कार्ड एवं पासबुक का छायाप्रति जमा करेंगे। बैठक में किसान मित्र मुकेश शुक्ला, दिलीप पटेल, सुदेश्वर विश्वकर्मा, शिवकुमार राम, अरुण चौबे सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

### जामा मस्जिद की ढलाई आज

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** प्रखंड के बरडीहा अंजुमन कमेटी के द्वारा जामा मस्जिद के दूसरी मंजिल की ढलाई मंगलवार को किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अंजुमन कमेटी के सदर मुश्ताक अहमद शेख, मसउवर अंसारी, उस्मान अंसारी ने बताया कि मस्जिद के दूसरी मंजिल की ढलाई की तैयारी पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को सुबह 9 बजे मस्जिद की ढलाई कार्य का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने लोगों से मस्जिद ढलाई कार्य में शामिल होकर सफल बनाने की अपील किया है।

# झारखंड प्रदेश तूरी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पूर्व मुखिया राजो देवी के आवास पर सोमवार को झारखंड प्रदेश तेरी समाज की प्रखंड स्तरीय बैठक आहूत की गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया पति रामनाथ तूरी, व संचालन रामप्रीत तूरी के द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों तूरी समाज के लोग जमा हुए। जहां मुख्य रूप से तूरी समाज को संगठित करने सहित समाज में फैली कुरीतियां, अंधविश्वास को खत्म करने के लिए विशेष रूप से चर्चा की गई। वहीं बैठक में आए मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश तूरी समाज के प्रखंड अध्यक्ष चंदन तूरी ने बताया कि आज गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड में तूरी समाज की एक बैठक आयोजित की गई है। जिसमें अपने समाज में फैली कुरीतियों को खत्म करने सहित समाज को संगठित करने का निर्णय लिया गया। वहीं एक सशक्त समाज का निर्माण हो सके। हमारे समाज के लोग भी जागरूक को, तथा हम तूरी समाज के लोग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्या से भी अवगत कराएंगे। बैठक में आए प्रदेश सचिव परशुराम तूरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष नागेश्वर तुरी, बोकारो जिला के प्रवक्ता मनोज तूरी, इंद्रदेव तूरी, राजेश तूरी, सुरेंद्र तूरी, रामदुलार तूरी, महेंद्र तूरी, राजेंद्र तूरी, अवध तूरी, रविंद्र तूरी, जितेंद्र तुरी,रामचंद्र तुरी,सहित सैकड़ों की संख्या में तूरी समाज के लोग मौके पर उपस्थित थे ।

**बैठक** — प्रदेश प्रभारी ने जिला कार्यसमिति की बैठक में की शिरकत

# प्रदेश से लेकर जिला तक भाजपा की टीम बेहतर काम कर रही हैं : वाजपेयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एक चुनाव खत्म होता है, दूसरे चुनाव की तैयारी में भाजपा कार्यकर्ता जुट जाते हैं। 2024 की चुनाव में दिन ही कितने बचे हैं। 2024 का चुनाव तो शुरू हो चुका है। भाजपा कार्यकर्ता कभी आराम नहीं करते है। उक्त बातें झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने सोमवार को उत्सव गार्डेन में आयोजित पार्टी के जिला कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सूनने आया हूं। कार्यकर्ताओं को सूनना और उनकी बातों पर विचार करके पार्टी काम करती है। प्रभारी ने कहा कि पार्टी नीति सिद्धांत से चलती है। कार्यकर्ता भी पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि संगठन में जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर कोई कमी नहीं है। ऐसे में वर्तमान टीम बेहतर काम कर रही है। इसमें कोई बदलाव की जरूरत नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा पर कहा कि जो व्यक्ति अपनी पार्टी नहीं जोड़ पा रहा वह भारत क्या जोड़ेगा। आगे-आगे देखिए होता है क्या? भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड प्रभारी ने गढ़वा में कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र देने का काम किया है। गढ़वा के लोग भाजपा को फिर से लाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है। भाजपा कार्यकर्ता कभी भी चुनाव में जाने के लिए तैयार रहते हैं। इसमें कोई संशय नहीं है। राज्य की जनता वर्तमान सरकार और गढ़वा की जनता स्थानीय विधायक को सबक सिखाने का मन बना चुकी है। बैठक को जिला प्रभारी अमित कुमार, जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने संबोधित किया। बैठक में प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, गिरिनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति क सदस्य सह पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, जवाहर पासवान, डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, राजीव राज तिवारी, सूरज गुप्ता, विकास स्वदेशी, मीना गुप्ता, कंचन जायसवाल, पार्वती सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विवेकानंद तिवारी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

### कार्यकर्ताओं में हुआ हैं नई ऊर्जा का संचार : सांसद

**गढ़वा।** सांसद वीडी राम ने कहा कि प्रदेश प्रभारी अनुभवी कुशल संगठनकर्ता है। जिसका लाभ गढ़वा-पलामू को ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा-पलामू में प्रदेश प्रभारी के आगमन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। संगठन के बड़े नेताओं का जिले में दौरा होने से स्वभाविक है कि कार्यकर्ता के उत्साह में बढ़ोत्तरी होती है। इसका लाभ आने वाला चुनाव में मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनके अथक प्रयास का परिणाम है कि फिर से वंशीधर महोत्सव की स्वीकृती मिल चुकी है। फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च माह में वंशीधर महोत्सव का आयोजन होगा।

# बेंच डेस्क के अभाव में जमीन पर बैठकर पढ़ने को विवश हैं छात्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय पाचाडुमर के छठी से आठवीं कक्षा के दर्जनों छात्र-छात्राएं पिछले 8 माह से बेंच और डेस्क के अभाव में जमीन पर बैठकर पढ़ने को विवश हैं। आठ माह पूर्व दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मध्य विद्यालय पाचाडुमर के छठी, सातवीं एवं आठवीं कक्षा का 36 सीट बेंच और डेक्स मध्य विद्यालय केतार लाया गया था। जिसके बाद से अभी तक उक्त बेंच और डेक्स इसी स्कूल में बेकार पड़ा हुआ है। जबकि दूसरी ओर मध्य विद्यालय पाचाडुमर के छात्र-छात्राएं पांच अक्टूबर 2022 से बेंच और डेक्स के अभाव में इस ठंड में जमीन पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है। इस संबंध में पाचाडुमर मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पासवान के द्वारा तत्कालीन केंद्र अधीक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को पत्राचार कर कई बार बेंच और डेक्स भेजवाने के लिए आग्रह किया गया। परंतु इस पर अमल नहीं किया गया। इस संबंध में पुछने पर केतार मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार ने कहा कि दसवीं बोर्ड परीक्षा के समय बीइईओ के द्वारा बेंच-डेक्स मंगवाया गया था। बोर्ड परीक्षा समाप्ति के बाद जब बेंच डेस्क भेजने की बात आई तो भाड़ा खर्चा देने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। जिस कारण बेंच-डैंक्स मेरे विद्यालय में ही रखा हुआ है।

## NEWS इन ब्रीफ

### पाइवर ब्लॉक पथ का विधायक ने किया गया शिलान्यास

**मयूरहंड(चतरा)।** सोमवार को सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने मयूरहंड प्रखंड में छः लाख की दो योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें मयूरहंड ब्यास रविदास के घर के पास तीन लाख की लागत से पाइवर ब्लॉक पथ एवं पेटादेरी पंचायत अंतर्गत प्रतापुर में रामेश्वर चौबे के घर से देवी मंडप तक तीन लाख लागत से बनने वाली पाइवर ब्लॉक पथ का शिलान्यास शामिल है। विधायक ने विधिवत पूजा अर्चना कर व फीता काटकर किया सडकों का शिलान्यास किया और जल्द कार्य शुभारंभ करने का निर्देश दिया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, मयूरहंड पंस प्रतिनिधि दिलीप पांडेय, सिकेंद्र महतो आदि शामिल थे।

### सम्मेलन सह वन भोज का आयोजन

**इटखोरी(चतरा)।** सोमवार को राजमिस्त्री सेवा संघ पितीज के द्वारा इटखोरी प्रखंड के सरैया डैम पर सम्मेलन सह वन भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ की मजबूरी पर की चर्चा कहा की संघ 1990 चल रहा है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष छेदी दांगी ने बताया कि राजमिस्त्री संघ द्वारा नए साल में मिस्त्रियों को पेंशन भी चालू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पेंशन का लाभ 70 वर्ष पूर्ण होने के बाद दिया जाएगा। वहीं संघ के सचिव दिनेश्वर दांगी ने कहा कि हम लोग काम करते है, लेकिन ठेकेदार आदि के द्वारा काम कराकर पैसा नहीं देते हैं। सम्मेलन के उपरांत सभी वन भोज का आनंद लिया।

### तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से

**महुआडांड़।** नेतरहाट में तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 18 जनवरी से होने जा रहा है, इसी को लेकर चतरा सांसद सुनिल सिंह ने सोमवार को नेतरहाट के पलामू डाक बंगला में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ, सबसे पहले सांसद सुनिल सिंह ने रविवार को मनिका में हुए सड़क दुर्घटना में तीन व्यक्ति की मौत को लेकर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में परिवार को सहनशक्ति प्रदान करें।

# 3 युवकों की सड़क हादसे में मौत, आक्रोश

## परिजनों ने मुआवजा व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए किया सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** रविवार देर शाम वे सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत को लेकर आक्रोशित लोगों ने सोमवार को परिजनों को मुआवजा देने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रांची मेदनीनगर मुख्य पथ को सदर अस्पताल के सामने जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। ज्ञात हो कि लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित दोमुहान पुल के पास रविवार की देर शाम ट्रक और कार के बीच टक्कर में तीन की मौत हो गई थी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए मृतक की पहचान पीयूष कुमार लातेहार आदर्श कुमार लातेहार एवं अरुण उपाध्याय के रूप में हुई है।

वही गंभीर रूप से घायल आयुष कुमार और विशाल कुमार को प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने रांची रिम्स रेफर कर दिया है। जाम में रांची से गढ़वा व मेदनीनगर के बीच चलने वाली कई यात्री बसें मालवाहक ट्रक और चार पहिया वाहन फंसे रहे।

शुरूआती दौर में लातेहार पुलिस निरीक्षक सर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने जांचकर्ताओं को समझाने की कई बार कोशिश की लेकिन लोगों ने नारेबाजी करते हुए वरीय पदाधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अरे रहे। इस दौरान जाम करता मनीका पुलिस प्रशासन लापरवाही करना बंद करो, मनिका पुलिस प्रशासन मुदार्बाद, आरोपियों को गिरफ्तार करो, पुलिस प्रशासन हाय-हाय, समेत कई नारे लगा रहे थे। अंततः जाम की स्थिति को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, अंचलाधिकारी रुद्र कुमार ने आकर जामकर्ताओं को समझाते हुए जाम हटाया।

### भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दुर्घटना की सीआईडी जांच कराने की मांग



लातेहार जिले के मनिका दोमुहान के पास रविवार की रात दुर्घटना की खबर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ है। राष्ट्रवादी विचार के तीन शेर दिल युवक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी तक पता नहीं चला है कि यह दुर्घटना थी कि या साजिश रही है। जिस तरह मनिका थाना पुलिस दो घंटे तक अरुण उपाध्याय को खोज नहीं पाई है जो पचीस फिट दूर घायल गिरा पड़ा हुआ था। अगर मनिका थाना पुलिस दो घंटे पहले ही खोज लिया जाता तो अरुण उपाध्याय की जान बच सकती थी। लातेहार के एसपी मनिका पुलिस पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि हमें यह लगता है कि गौ रक्षा में भी यह सारे लड़के एक्टिव थे। गौ तस्करों से इन लोगों का बराबर सामना होता रहता था। यह दुर्घटना रही या साजिश है क्यों इसकी जांच सीआईडी से कराने की मांग की है।

# मोटरसाइकिल लूट कांड में दो आरोपी गिरफ्तार, जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर/चतरा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल लूट कांड के दो अरोपियों को प्रतापपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि 30 दिसंबर 2022 को थाना क्षेत्र के गेरुआ मोड़ के पास तीन अपराध कर्मियों द्वारा कट्टा का भय दिखाकर जेएच 13 जी 0328 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को लूट लिया गया था। जिसमें कांड संख्या 179/ 22 में प्राथमिकी दर्ज कर लूट कांड के उद्भेदन करने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में लूट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल तथा इस लूट कांड में प्रयुक्त देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के साथ पंकज कुमार पिता किशुन यादव ग्राम रक्सी थाना वशिष्ठ नगर जोरी और सुनील कुमार पिता शिवा यादव उर्फ राजेंद्र यादव ग्राम भैरवडीह थाना कुंदा को गिरफ्तार किया गया। छापामारी में थाना प्रभारी के साथ एसआई अखिलेश यादव, सत्यवान कुंभकार, एएसआई जितेंद्र तिवारी आदि शामिल थे।

# जंगली जानवर के हमले में व्यक्ति घायल, एक घंटा जाम रहा सड़क



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क से सटे केचकी पंचायत के सरईडीह के लाली माटी टोला में अज्ञात जंगली जानवर के हमले से गंभीर रूप से राजदेव सिंह नामक युवक घायल हो गया है। घटना अहले सुबह 4:00 बजे की आसपास की बताई जा रही है। राजदेव सिंह अपने घर से ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन केचकी जा रहा था। इसी क्रम मे जंगली जानवर ने उसपर हमला कर दिया। जिसके बाद राजदेव सिंह के द्वारा शोर शराबा किए जाने के बाद उसके आस पास के लोग उस जंगली जानवर का सामना करते हुए उसे खदेड़ दिया। फिर इसकी सूचना लोगो ने गांव वालों को दी। फिर देखते देखते गांव में आग की तरह खबर फैल गई। मामले की सूचना मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह को मिली उन्होंने यूथ स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह को घटनास्थल पर भेजा। जिसके बाद राजद प्रखंड अध्यक्ष अली हसन अंसारी और यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह के द्वारा वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जंहा चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का और ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू व कुंदन कुमार की देख रेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

### एक घंटे जाम रहा बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ

जानवर के हमले से नाराज ग्रामीणों ने केचकी चेक नाका के पास एक घण्टे तक सड़क को जाम कर दिया गया। जिससे जाम स्थल पर वाहनों की कतार लग गई। वन विभाग के पदाधिकारियों के जानवर से हमले के बाद भी नहीं पहुंचने पर आक्रोशित है ग्रामीण जिसके कारण सड़क को जाम कर दिया और जमकर वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह से टेलीफोनिक वार्ता व बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के समझाने बुझाने के बाद व वन विभाग के सार्थक आस्वाशन के बाद जाम हटाया गया।

### क्या कहा डीएफओ कुमार आशीष ने

इस बाबत जब डीएफओ कुमार आशीष से बात किया गया तो उन्होंने ने बताया कि फिलहाल यह स्पस्ट नही हो पाया कि कौन सा जंगली जानवर ने हमला किया है। फिलहाल पगमार्क मिला हैं। फोरेंसिक जांच के बाद ही स्पस्ट हो पायेगा की कौंन से जानवर ने हमला किया गया। साथ उन्होंने कहा सरकारी प्रावधान के तहत जो भी मुआवजा होगा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। व सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग करेगी व जगह चिन्हित कर ट्रैप कैमरा लगाया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र में जिला के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश पर मनिका थाना के समीप आर.ई.ए ऋषि राज के द्वारा रांची मुख्य सड़क मार्ग में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दरमियान सड़क से गुजरने वाले दुपहिया बाइक को हेलमेट, ट्रिपल लोड, एवं कागजात, ड्राइवरी लाइसेंस की जांच की गई। हेलमेट नहीं पहनने एवं कागजात में कमी पाने पर सैकड़ों बाइक स्कूटी पकड़ कर वाहन को जब्त किया गया। दोपहिया वाहन सुरक्षा नियम का उल्लंघन करने पर फाइन भी काटा गया। मौके पर मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया की लगातार सड़क दुर्घटना हो रहा है हमें वाहन सुरक्षा नियमों का पालन करना है और हेलमेट पहनकर ड्राइव करना है। लगातार चेकिंग अभियान जारी है। किसी भी सूरत में वाहन सुरक्षा नियम का उल्लंघन करने पर बक्से नहीं जाएंगे। जबकि मनिका थाना के सशस्त्र जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# पंचायत स्तर पर साप्ताहिक जनता दरबार की हुई शुरूआत मुखिया ने सुनी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देश और प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की सार्थक पहल के बाद पंचायत स्तर पर साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन सोमवार को सभी पंचायत सचिवालय में किया गया। प्रखंड के सभी पंचायतों में मुखिया के नेतृत्व में साप्ताहिक जनता दरबार पंचायत सचिवालय में लगाया गया जहां जनता दरबार में मुखिया के साथ-साथ पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, राजस्वकर्मी मौजूद रहे। जनता दरबार में पंचायत स्तर के आयोजन किए जाने से पंचायत स्तर के ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं को पंचायत स्तर पर रखा गया। जहां पंचायत स्तर की समस्याओं को मौके पर निष्पादित करने के साथ-साथ प्रखंड स्तर के मामलों को पंचायत स्तर के जनता दरबार से प्रखंड स्तर के जनता दरबार में भेजने का काम किया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित जनता दरबार का प्रखंड स्तर द्वारा बनाई गई निगरानी टीम द्वारा भी निरीक्षण किया गया। प्रखंड मुख्यालय के बरवाडी पंचायत सचिवालय में आयोजित जनता दरबार में 1 दर्जन से अधिक पीएम आवास का, बिरधा पेंशन बिरधा पेंशन समेत आवेदन मुखिया कालो देवी ने प्राप्त किया। वही मोरवाई पंचायत के आयोजित जनता दरबार में मुखिया आशीष सिंह के द्वारा पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने का काम किया। इसके आलावा मांगरा पंचायत सचिवालय में मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, लात पंचायत में मुखिया जग सहाय सिंह द्वारा समेत सभी पंचायतों में संबंधित मुखिया द्वारा लोगों की समस्या सुनने का काम किया गया।

### जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम आज अपने आवेदनों का हिसाब मांग सकेंगे

**बरवाडीह।** प्रखंड में जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज मंगलवार को किया जायेगा। इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा जनता अधिकार दिवस में वैसे सभी आवेदक जिन्होंने प्रखंड या अंचल कार्यालय से राहत पाने के लिए अपना आवेदन किसी भी स्तर पर दिया हो चाहे वह उपायुक्त के जनता दरबार में हो या जिले के किसी भी पदाधिकारियों के यहां दिया हो या आप की योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दिया हो या पूर्व में प्रखंड कार्यालय या अंचल कार्यालय में किसी भी विभाग में दिया हो वैसे सभी आवेदक प्रमाण सहित यदि उनके पास उक्त आवेदन की छाया प्रति है या रिसिविंग है उसको लेकर के आज उक्त अधिकार दिवस शिविर में उपस्थित होकर अपने आवेदन का हिसाब हम लोगों से प्राप्त करेंगे सिर्फ आवास के आवेदनों के संबंध में कार्रवाई नहीं होगी आवास के लिए आवेदन देने वाले लोग इस शिविर में नहीं आए साथ ही पूर्व की तरह जनता दरबार भी चलता रहेगा। बीडीओ सभी आदि अमित को से आवश्यक रूप से जनता अधिकार दिवस में शामिल होकर अपने अधिकार का उपयोग करने पर जोर दिया।

# 79601 रुपये में लगा बलबल पशु मेले का डाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के गर्म जलकुंड बलबल में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के मौके पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेले का डाक सोमवार को प्रखंड सह अंचल सभागार में संपन्न हुआ। डाक में मुख्य रूप से प्रमुख अनीता यादव, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, बीडीओ संजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थित थे। डाक में प्रखंड के विभिन्न पंचायत से प्रतिभागी शामिल हुए। डाक प्रक्रिया के तहत बलबल मंदिर के पुजारी वासुदेव पांडेय ने 79601 रुपए की बोली लगाकर मेले का डाक ले लिया। डाक में द्वारी के शशि कुमार गुप्ता, शंभू कुमार प्रजापति व गिद्धौर के विनय दांगी ने भाग लिया। बताते चलें कि बलबल में मकर संक्रांति के अवसर पर वर्षों से 10 दिवसीय पशु मेला का आयोजन होते आ रहा है। मौके पर मुखिया जगदीश यादव, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष रामदेव यादव, सुरेश यादव, समाजसेवी बालेश्वर यादव, शशि कुमार गुप्ता, जवाहर लाल अग्रवाल, अजय लाल अग्रवाल, बड़ू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# देर रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे उपायुक्त, लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर(चतरा)।** बीते देर रात उपायुक्त अबू इमरान गिद्धौर पहुंच कर स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रात्रि में मरीजो को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली तथा उपलब्ध व्यवस्थाओं से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य कर्मियों को कम्बल भी दिया। इसके बाद उपायुक्त ने जपुआ में निवास करने वाले अदिम जनजाति बिरहोट परिवार के घर पहुंचे। जहां



अदिम जनजाति के परिवार सोये हुए थे। उपायुक्त ने सोये हुये परिवार के सदस्यों से मिलकर ठंढ़ से बचाव के लिए कंबल दिया। इस दौरान बीडीओ संजीत कुमार सिंह व सीओ जयशंकर पाठक आदि शामिल थे।

# स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा (चतरा)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर सोमवार को पत्थलगड़ा व गिद्धौर थाना क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिविर लगाकर बच्चों को पुलिस द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्लस टू उच्च विद्यालय गंगा स्मारक में बीडीओ संजीत कुमार सिंह व थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ नशा नहीं करने की अपील की। बीडीओ ने बच्चों को वाहन चलाने की सही उम्र, वाहन चलाते समय ध्यान



रखने वाली बातों से अवगत कराया। उन्होंने 11वी के बच्चों को भूगोल का पाठ पढ़ाया। थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य जनजागरण के साथ आम वाहन चालकों और लोगों में सड़क नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे वाहन नहीं चलाए। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें और चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगाकर चलाना चाहिए। शिविर में प्रधाननाध्यापक ब्रजेश कुमार सिंह, राजीव नयन प्रकाश, गेंदों रविदास, राजीव कुमार दास, किरण कुमारी, शारदा शैल बाला आदि उपस्थित थे। वहीं पत्थलगड़ा थाना प्रभारी बमबम कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर यातायात जागरुक्ता कार्यक्रम उत्क्रमीत प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह में किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से आप स्वयं सुरक्षति रहेंगे।

**बैठक**

## राज्य के श्रम मंत्री ने की जिले में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

# अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर कुशलता के साथ कार्य करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्रम विभाग की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया कि वे विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करें। प्राथमिकता के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने की बात कही। साथ ही कहा कि यह सुनिश्चित हो कि डी.बी.टी. के माध्यम से लाभुकों को दिया गया लाभ उसी के निजि खाते में जाय न कि किसी अन्य के खाते में।




सामाजिक सुरक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि पेंशन की राशि में अनियमितता में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करें। ज्यादा से ज्यादा जरूरतमदों को पेंशन की राशि से लाभान्वित करें। नियोजन विभाग को स्थानीय लोगों को नौकरी देने के लिए बाहर से कम्पनियों को बुलाने का निर्देश दिया। कृषि विभाग को निर्देश दिया गया कि वे ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण से अच्छादित करें। जेएसएलपीएस की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि वे अपनी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को जोड़े ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुद्दढ़ हो सके। आपूर्ति विभाग को निर्देश दिया कि डिलरों द्वारा किसी भी हाल में गरीबों के अनाज की कटौती न हो। सहकारिता विभाग से पैक्स के चयन में पारदर्शिता बरतने की बात कही गई। मनरेगा की समीक्षा करते हुए गांवों में विकास की योजनाएं ज्यादा से ज्यादा संचालित करने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीब निर्धनों एवं जरूरतमंदों को आवास देने का निर्देश दिया गया। नगर पंचायत को निर्देश दिया गया कि शहर में नाली, गली एवं सड़कों की साफ-सफाई नियमित रूप से करें। समाज कल्याण के समीक्षा के क्रम में कहा गया कि यह सुनिश्चित हो कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से समय पर खुले। कल्याण विभाग को लक्ष्य के अनुरूप प्री मैट्रिक छात्रवृति एवं पशुधन विकास योजना में कार्य करने का निर्देश दिया। इसके अलावे मंत्री ने जिला परिषद, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, पथ प्रमंडल, एनआरईपी, वन विभाग, मतस्य तथा राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीएफओ उत्तरी आर थंगा पांडियन, डीएफओ दक्षिणी सुरेंद्र प्रसाद सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल समेत जिले के प्रतिनिधि एवं सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जलमीनार खराब, पानी की किल्लत झेल रहे ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका लैंपस कंपाउंड में पिछले कई दिनों से जल मीनार खराब पड़ा हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों को पेयजल की भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया यह जल मीनार कई महीने से खराब पड़ा है। खराब होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को कई बार ठीक कराने के लिए जानकारी दिया गया है। परंतु किसी भी अधिकारी को इस जल मीनार की और ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। जिससे पानी को लेकर राहगीरों एवं आसपास के ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जल मीनार खराब होने के कारण राहगीरों एवं आसपास के



ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया जल पूर्ति के लिए ही जल मीनार बनाया गया है जो अभी खराब पड़ा है। मौके पर ग्रामीणों ने कहा की हमलोग प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि से मांग करते हैं की जल्द से जल्द जल मीनार को बनवाया जाए और हमारे समस्या का समाधान किया जाए मौके मे अर्जुन प्रसाद, श्रीनिवास गिरी, धर्मेंद्र गिरी, उत्तम कुमार, समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

NEWS इन ब्रीफ

### कतारीबेड़ा नाला चेकडैम विधायक ने किया शिलान्यास



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के राजाबासा पंचायत अंतर्गत कतारीबेड़ा नाला में नये चेकडैम निर्माण कार्य का कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी में सोमवार को विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र खेती पर आश्रित है। खेती ही किसानों का रोजगार होता है उसी को देखते हुए आज मेरे अनुसंशा के मध्यम से इस क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के द्वारा चेक डैम का निर्माण किया जा रहा है। भविष्य में विकास कार्य के लिए आवश्यक पानी की कमी न हो उसे ध्यान में रख कर इसे बनवाया जा रहा है। मौके पर मौजूद विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,जमीर अहमद, जॉनसन डांग, नियर्जन जोजो, आदि उपस्थित थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण के आरोपी गिरफ्तार, जेल

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना की पुलिस के द्वारा शादी की झांसा देकर यौन शोषण करने वाले आरोपी युवक भूषण लकड़ा को गुमला जिला के डुमरी से गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी कविता मंडल ने बताया कि कुरडेग की एक युवती के द्वारा महिला थाना में युवक के ऊपर शादी की झांसा देकर डेढ़ वर्षो तक यौन शोषण करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया था ।मामला दर्ज होने के साथ ही पुलिस द्वारा आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल पर दिया साथ ही उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अज्ञात बाइक की चपेट में आकर वृद्ध घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पुल के समीप देर शाम सड़क दुर्घटना में एक 80 वर्षीय वृद्ध घायल हो गया। घायल को पुलिस ने राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की पहचान कोराम्बे निवासी स्वर्गीय तेजू गोप के 80 वर्षीय पुत्र जगदीश गोप के रूप में किया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु स्थित नेतरहाट होटल के समीप बाइक एवं टेम्पू के टक्कर में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने घायल युवक को निजी टेम्पू से इलाज के लिये सेन्हा पीएचसी भेज दिया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया।

## खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित

# शिक्षा, नॉलेज व खेल से बढ़ता है आत्मविश्वास : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय स्तर कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर धमाकेदार जीत के साथ लौटे

### राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त करना प्रशंसनीय है : उपायुक्त

### जिले के 34 खिलाड़ियों ने जीते 34 पदक



जिला कराटे संघ के खिलाड़ियों का सम्मान समारोह कुडू प्रखंड सभागार में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, कुडु उप प्रमुख एनुल अंसारी उपस्थित हुए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि इतनी बड़ी सफलता दिल्ली जाकर प्राप्त करना बड़ी बात है। आप सभी को गर्व महसूस हो रहा होगा। जिला भी गौरवान्वित है। आपने जिस क्षेत्र को चुना है, उसमें अच्छे काम कर रहे हैं। आप इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड ले रहे हैं। इसका श्रेय आपके कोच को भी जाता है। आपने जिस क्षेत्र को चुना है निःसंदेह आपके अभिभावक भी प्रशंसा के पात्र हैं। जिन्होंने लड़कियों को बाहर प्रतियोगिता के लिए भेजा और मेडल लेकर आना गौरव की बात है। शिक्षा एवं नॉलेज के साथ खेल भी समाज में सामाजिक कौशल को बेहतर इंसान बनाता है। कराटे सहित कोई भी खेल खेलने से आत्मविश्वास का स्तर बढ़ता है। राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड प्राप्त करना प्रशंसनीय है। इसी तरह आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएं और जिला राज्य एवं देश का नाम रोशन करें, शुभकामना है। मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा कराटे का डेमो फाइट, ब्लैक बेल्ट काता, तलवारबाजी आदि प्रदर्शित किया गया जिसकी सराहना की। स्वागत संबोधन प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं खेल परिचय जिला कराटे संघ अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने किया। बताया गया कि 34 खिलाडियों ने 34 पदक जीते, जिसमे दो सुपर गोल्ड, 2 सुपर सिल्वर, 9 गोल्ड, 9 सिल्वर, 12 ब्राउनज मैडल के साथ सकुशल सभी खिलाड़ी लौटे है। बताया गया कि प्रतियोगिता में पूरे देश से 18 जिलों के 2000 खिलाड़ीयों ने भाग लिया था। सुपर गोल्ड मेडलिस्ट पल्लवी कुमारी और अभिषेक उराव, सुपर सिल्वर मेडलिस्ट राघव कुमार और लक्ष्मी कुमारी, इन चारों को ओरिजिनल चाँदी का मैडल मिला है जिसका वजन 45 ग्राम है। स्वर्ण पदक विजेता में मुकेश उराव, कुमकुम कुमारी, अलीशा टोप्पो, उर्मिला कुमारी, सोनिका कुमारी, अंजलि कुमारी, प्राची कुमारी, प्रतिमा कुमारी, और सुनेहा कुमारी हैं। रजत पदक विजेता में पूजा कुमारी, अमीषा कुमारी, अंजलि कुमारी, राधा कुमारी, पूनम कुमारी, नितेश उराव, जीवन कुजूर, अलका कुमारी, और सरस्वती कुमारी हैं। काश्य पदक विजेता में निखिल प्रेम,रोली कुमारी, लीलावती कुमारी, नैना कुमारी, जूही कुमारी, वर्षा कुमारी, काजल कुमारी,चंद्रमुनी कुमारी, संतोषी कुमारी, आरती कुमारी, मिहिर कुमार त्रिपाठी और राज बाबू महली शामिल हैं।

बताया की कुरु प्रखंड से गटका, कराते और साईकिल रेश की टीम ने भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। साइकिल रेश के प्रथम विजेता रामबिलास पासवान को भी सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के साथ कोच को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### डीसी ने प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का किया निरीक्षण



उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सोमवार को कुडू, किस्को और सेन्हा में अधिष्ठापित किये जा रहे प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। तीनों प्रखंडों में क्षेत्र के लोगों के लिए लाईब्रेरी का अधिष्ठापन किया जा रहा है ताकि उस क्षेत्र में रहनेवाले युवा व अन्य उम्र के लोग एक शांत वातावरण में बैठकर अध्ययन कर सकें। निरीक्षण में उपायुक्त द्वारा कुडू व किस्को प्रखंड में तैयार लाईब्रेरी का निरीक्षण किया जिसमें बेंच-डेस्क का कार्य पूर्ण पाया गया। वहीं सेन्हा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को लाईब्रेरी अधिष्ठापन के कार्य में तेजी लाये जाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त ने की पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा, दिया निर्देश

### कियोस्क निर्माण में संवेदक को नोटिस दिये जाने का निदेश

### जनवरी माह तक अधूरे पड़े सड़क व नाली निर्माण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में पथ निर्माण योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में एससीए योजना, अनाबद्ध निधि, आइटीडीए योजना मद से क्रियान्वित योजनाएं, पर्यटन की योजनाओं की समीक्षा की गई। कुडू, सेन्हा और कैरो में अल्पसंख्यक समुदाय हेतु कियोस्क निर्माण में संवेदक को नोटिस दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में विभाग के द्वारा डीएमएफटी मद से पेयजलापूर्ति की योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्रामीण कार्य विभाग को मन्हे-कुराग पथ में वन विभाग से एनओसी की प्रक्रिया प्राप्त कर लेने का निदेश दिया गया। बक्सीडीपा-बदला पथ, मेरम-पुतरार में पुतरार नदी, तुरियाडीह-हेसाग पथ में हेसाग नदी, मेरम-पुतरार पथ में ओनेगढ़ा नदी और पुरतौल-जुरनी-सनई हपाथ पथ में लोकल नाला पर पुल निर्माण कार्य पूरा करने के लिए संवेदक को नोटिस देने का निर्देश दिया। एससीए योजनांतर्गत ओनेगढ़ा से हुसरू डेली पहाड़ हतबल रोड को जनवरी माह में व पुंदाग-हुसरू पथ में पुंदाग नदी पर पुल निर्माण जून माह तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल को कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सेन्हा में टूटी हुई चहारदिवारी की मरम्मती व पक्की नाली का निर्माण कार्य, रोरद-चान्दगो पथ में आरसीसी पुलिया निर्माण का कार्य जनवरी माह तक और परहेपाट से देवी मंडप के बीच गार्डवाल का निर्माण मार्च माह तक पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया। पथ प्रमण्डल, लोहरदगा के द्वारा कैरो-चट्टी कुडू पथ में बिटुमिनस कार्य जल्द पूर्ण किये जाने का निदेश दिया गया। भण्डरा-बक्सीडीपा पथ में कोयल नदी पर बने पुल के लिए पहुंच पथ कार्य जनवरी माह में ही पूर्ण कर लिये जाने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, रांची द्वारा कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य की भी समीक्षा की गई। सेन्हा में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करते हुए पथ निर्माण का कार्य पूर्ण करने व कार्य समाप्ति की स्थिति से भी अवगत कराते हुए प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रांची को मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत कुल पांच तालाब का निर्माण अगस्त 2023 से पूर्व करा लेने व प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया। बैठक में नाबार्ड की योजना से पथ निर्माण, नगर परिषद के पथ, नाली, आरसीसी नाली, पार्क की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड समेत अन्य उपस्थित थे।

## बोलबा प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ ने किया बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड सहायक अध्यापक संघ के बोलबा इकाई की एक बैठक पाकरबहार स्कूल मैदान में हुई इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कमल किशोर सिंह ने किया । बैठक में प्रखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सर्व सहमति से तय किया गया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2023 में भी नववर्ष मिलन समारोह सह वनभोज का कार्यक्रम रखा जाएगा। साथ ही सहायक अध्यापक से जो सेवा निवृत्त हो गये है उन शिक्षकों का विदाई भी समारोह में किया जाएगा। इस मौके पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को भी निमंत्रण देने की सहमति हुई। यह कार्यक्रम आगामी 21 जनवरी को पर्यटक स्थल दनगद्दी आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों के कई महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर बैठक में सचिव रविन्द्र यादव, बाबुलाल प्रसाद, हेमा डुंग डुंग, नुतन डुंगडुंग, बासिल खालखो, पास्कल लकड़ा, के साथ प्रखंड के सहायक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बाईपास व सड़क चौड़ीकरण से दो सरकारी स्कूलों का अस्तित्व खतरे में

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई (गुमला)।** नेशनल हाइवे 43 में बन रही बाईपास व सड़क चौड़ीकरण में प्रखंड के दो सरकारी स्कूलों का अस्तित्व खतरे में है। वहीं इन दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 250 छात्र छात्राओं का भविष्य अब अंधकार में लटकती नजर आ रहा है। मामला प्रखंड के रा. प्रा. विद्यालय पंडरिया व रा.उ.मध्य विद्यालय नागफेनी का है। जहां बीते दिनों एन एच आई के द्वारा लगातार एन एच चौड़ीकरण व बाईपास का जोर सोर से चल रहा है। इस चौड़ीकरण व बाईपास में सिसई के दोनों स्कूलों का भवन पुर्ण रुप से रोड अधिग्रहण क्षेत्र में आ गया है। जिसके वजह से दोनों स्कूल भवनों को रोड कंट्राक्सन के किसी भी दिन गिराने की बात कर रहे हैं। स्कूल के भवन गिर और इसके जगह पर दुसरे भवन नहीं रहने से इन दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पठन पाठन में दिक्कते आ सकती है। इसके वजह से इन बच्चों के अभिभावकों को अभी से ही चिंता सता रही है। स्कूल बंद हो जाने से अब आगे की पढ़ाई के लिए हमलोग कौन सा स्कूल भेजेंगे। इन दो विद्यालयों के लिए अब तक कोई ठोस पहल विभाग की ओर से नही किया गया है। जिससे भविष्य में बच्चों के पठन पाठन को लेकर बच्चों के अभिभावक सहित आसपास के ग्रामीणों को चिन्ता सताने लगी है। ज्ञात हो कि रा.प्राथमिक विद्यालय पंडरिया में कक्षा एक से पांच में कुल 52 विद्यार्थी एवं नर्सरी में 5 बच्चे पढ़ते हैं, यहां दो शिक्षक प्रधानाचार्य जेवियर बारला व पारा शिक्षिका शोभा कुजूर हैं। वहीं रा.उ. मध्य विद्यालय नागफेनी में कक्षा एक से आठ तक में कुल 186 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस विद्यालय में प्रधानाचार्य गणेश साहू सहित कुल छह शिक्षक कार्यरत हैं। इस संबंध में बीईईओ जोहानी टोप्पो से पुछे जाने पर उन्होंने बताया की पंडरिया स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा मासिक गुरुगोष्टी में विद्यालय की समस्या रखा था। जिसके उपरांत मैं अपने स्तर से जिला शिक्षा अधीक्षक को तीन बार पत्राचार की हुं। विभाग के द्वारा जैसे ही मार्गदर्शन प्राप्त होता है उसी के आधार पर मैं आगे की कार्रवाई करुंगी।

## लोहरदगा : शोध गोष्ठी का आयोजन

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शोध गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी एवं विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित थे। मौके पर प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि शोध आज की प्राथमिक आवश्यकता बन चुकी है जिसके द्वारा हम अपने विद्यालय की क्रिया प्रणाली में नयापन ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि जब तक हम नियमित क्रिया शोध में नयापन नहीं लाएंगे तब तक नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार अपने आप को नहीं ढाल पाएंगें। अतः सभी आचार्य क्रिया शोध संबंधी किए गए प्रयोगों को प्रतिदिन अपने विषय में लाएं साथ ही विद्या भारती के लक्ष्य, पंचपदी शिक्षण पद्धति एवं पंच कौशल का विकास इत्यादि पर बल प्रदान करें। उन्होंने कहा कि आचार्य द्वारा किए गए क्रिया शोध के मुख्य बिंदुओं को लिपिबद्ध करके उसे सूचीबद्ध कर लें।

## लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, 6 लोग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** कुरडेग पुलिस ने 4 जनवरी को दो बैल खरीदने जा रहे हैं। किसानों से लूटपाट मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक पतरस बरवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए बताया कि दो लोग सिकाजोर बाजार जा रहे थे रास्ते में कसडेगा गांव के पास चार अज्ञात अपराध कर्मियों के द्वारा हथियार दिखाकर मोबाइल एवं रुपए को लूट लिया तथा जंगल की ओर भाग गए इसकी सूचना तत्काल कुरडेग पुलिस को मिली जिसके बाद इस मामले में पीड़ित के आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया और इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से लूटा हुआ मोबाइल एवं 12200 पैसा तथा घटना में प्रयोग किए गए तीन मोटरसाइकिल को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त में नसीमुद्दीन अंसारी उर्फ बाबू ,सुमित धनवार उर्फ फुचि, मिलाप नायक ,भुनेश्वर जयसवाल उर्फ भोलू ,प्रकाश कुमार उर्फ बिंदु शामिल है। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयोग किए गए हथियार अभी तक बरामद नहीं हुए इसके लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। मौके पर इंस्पेक्टर रवि प्रकाश थाना प्रभारी मुन्ना रामाणी, सब इंस्पेक्टर अजीत प्रकाश, नरेश मरांडी एवं कुरडेग पुलिस बल शामिल रहे।

## पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान कई वाहन जब्त

**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने एसपी एहतेशाम वकारीब के निर्देशां अनुसार सोमवार को थाना के पास सड़क सुरक्षा व ट्रैफिक नियम को लेकर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। एएसआइ मदन शर्मा सशस्त्र बल के साथ थाना के पास आने जाने वाले सभी छोटी-बड़ी वाहनों को रोक कर वाहन संबंधी कागजातों की जांच की। वही विशेष रुप से बिना हेलमेट वह बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों की जांच करते हुए 20 बाइक व 1 चार चक्का वाहन को जब्त किया गया है। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रही। एसआई दिवाकर मिश्रा ने कहा कि बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले वाहनों को जब्त किया गया है वाहन मालिक द्वारा चालान कटवाने के बाद ही वाहनों को छोड़ा जाएगा।

## अनुमंडल कार्यालय में खाद कारोबारियों का बनाया फूड लाइसेंस

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा महेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार सोमवार को सिमडेगा जिला के खाद्य कारोबारियों के सुविधा हेतु अनुमंडल कार्यालय सिमडेगा परिसर में एक दिवसीय फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 25 आवेदन आवेदक के द्वारा समर्पित किया गया जिसमें तत्काल 15 रजिस्ट्रेशन अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा निर्गत कर आवेदक के हाथों में समर्पित किया गया, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमडेगा के द्वारा बताया गया कि सरकार के वजन कल्याणकारी योजनाओं एवं लोगो की सूविधा हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है आय दिन खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा जांच अभियान चलाये जाने पर साथ ही दस्तावेजों की जांच करने पर फुड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन प्रदर्शित नही किया जाता इस हेतु यह विशेष शिविर का आयोजन किया गया साथ ही खाद्य व्यपारियों को हिदायत दी गई के जल्द से जल्द फुड़ लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन बनवा ले अन्यथा जांच के क्रम में पकड़े जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि समत कार्रवाई की जायेगी।

## खतियानी जोहार यात्रा को लेकर झामुमो ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम किनारे सोमवार को आगामी 23 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा के सफलतापूर्वक आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना के द्वारा किया गया। बैठक में विचार विमर्श करते हुए कहा गया कि सभी प्रखंड एवं पंचायत में जितनी भी बाजार लगते हैं वहां पर डुगडुगी के माध्यम से लोगों के बीच में इस कार्यक्रम की जानकारी देनी है ताकि गांव से अधिक से अधिक लोग मुख्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम में शामिल हो और इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। सभी प्रखंड समिति जिला समिति को अपना-अपना बैनर पोस्टर लगाने की बात कही।

बैठक

### उपायुक्त ने कृषि बागवानी पशुपालन मत्स्य व अन्य विभाग का किया समीक्षा

# लाभुकों को दें 50 से 90 फीसदी अनुदान पर लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त आर रॉनीटा की अध्यक्षता में सोमवार को कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, सहकारिता एवं आत्मा विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों के विभागीय योजनाओं की क्रमवार वर्ष 2021-22 एवं वर्ष 2022-23 में किये गये कार्यों कि समीक्षा की। कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने विभाग से प्राप्त बीज तथा उर्वरक का वितरण लाभुकों के बीच करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ने हॉर्टिकल्चर की भी समीक्षा की। उन्होंने कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा क्रम में कहा कि बैंकवार केसीसी ऋण माफी हेतु सूची प्राप्त कर प्रखण्ड स्तर पर कैम्प का आयोजन कर किसानों को केसीसी ऋण माफी योजना से लाभान्वि करें। पशुपालन विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत 50 फीसदी एवं 90 फीसदी अनुदान के तहत लाभुकों के बीच सूकर विकास, बकरा विकास, बॉयलर कुक्कुट पालन, गाय पालन, तथा बतख चूजा योजना की समीक्षा करते हुए योग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिलाते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने निर्देश दिया। गव्य विकास योजना के तहत दुधारू गाय दिये जाने हेतु लाभुकों का चयन कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया। पशुपालन योजना से लाभान्वित करने हेतु चयनित लाभुकों का अनुदान के तहत शत प्रतिशत राशि का डीबीटी करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मत्स्य विभाग से संबंधित संचालित योजना की भी विस्तृत समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने बिज वितरण, केज हाउस, पोर्टेबल हैचरी, एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिये। सहकारिता विभाग की समीक्षा कर उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत अबतक जिले के लैम्पसों में धान की खरीद की जानकारी ली। सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया की जिले में अबतक लगभग 3 हजार 32 सौ क्विंटल धान की खरीद किसानों से किया गया है। उन्होंने आत्मा विभाग की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संवेदक संघ बकाया राशि भुगतान की मांग को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



**संवेदक** संघ सिमडेगा द्वारा आवेदकों की बकाया राशि की भुगतान कराने की मांग को लेकर सिमडेगा उपायुक्त के कार्यालय में उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष अनूप केसरी ने बताया कि सिमडेगा जिला अंतर्गत संवेदक द्वारा विभिन्न विभाग में कार्य किया गया है। भुगतान का भौतिक सत्यापन होने के बाद भी अभी तक भुगतान लंबित है। जिससे कि संवेदक आपूर्तिकर्ता एवं मजदूरों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं और इसके बाद आवेदकों के ऊपर आपूर्तिकर्ता एवं मजदूरों के द्वारा कार्रवाई करने का दबाव बनाया जा रहा है उन्हें उपायुक्त से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द संवेदकों का भुगतान कराया जाए। ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से मनोहर प्रसाद, जागेश्वर, पुना बेसरा रामकिशुन प्रसाद केसरी, संदीप ठाकुर, सत्यनारायण प्रसाद, मनीष कुमार सिन्हा, शहजाद आलम, एहसान सहित अन्य उपस्थित थे।

## चैनपुर में नहीं थम रहा है हाथियों का आतंक

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में बरवेनगर पंचायत के हराडिपा ग्राम में कल रात्रि दो बजे दो हाथियों ने दो घरों को तोड़ कर ध्वस्त कर दिया। जिनमे सलोमी लोहराइन पति रामचंद्र लोहारा उम्र 37, मनरीता देवी पति स्वर्गीय दसवां लोहरा उम्र 55 है। जिसके बाद घर में रखे अनाज को बर्बाद कर घर में रखे सामानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित परिवार से बात कर यह पता चला की बीती रात जो घटना हुई उसमें उनकी जान बाल बाल बचे, उन्होंने बताया कि रात्रि में वह लोग हाथी को अपने गांव से दूर भेजने के इरादे से गांव में सभी लोग पारी दर पारी रतजग्गा कर रहे थे जिसमें उनका परिवार भी शामिल था, उसके बाद जब वह लोग अपने घर आ गए और सोने के लिए अपना बिस्तर लगा कर बिस्तर में गए ही थे की इनके बगल की दीवाल अचानक से गिरने लगी वह लोग घबरा कर घर से बाहर निकले तो देखा की दो विशालकाय हाथी उनके घर को पूरी तरह से तहस-नहस कर रहे थे जिसके बाद वह लोग किसी तरह से अपनी जान बचाकर वहां से भाग गए। अब वह बिल्कुल बेघर है उन्होंने सरकार तथा प्रशासन से मांग की है की उन्हें एक आवास मुहैया कराया जाए तथा खाने के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जाय। ग्रामीणों से बात कर यह पता चला कि हाथियों को गांव से दूर रखने के लिए गांव के किनारे किनारे आग भी जलाया गया था परंतु हाथी गांव के अंदर प्रवेश कर ही गए और पीड़िता के घर को ध्वस्त कर दिया।

NEWS इन ब्रीफ

## अडानी टोटल ने सीएनजी के दामों में की एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोत्तरी

**अहमदाबाद।** निजी क्षेत्र की कंपनी अडानी टोटल गैस लिमिटेड ने गुजरात में सीएनजी के दाम एक रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ा दिए हैं। फेडरेशन ऑफ गुजरात पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद ठक्कर ने सोमवार को बताया कि एक रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि के बाद सीएनजी की कीमत 79.34 रुपए से बढ़कर अब 80.34 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। ठक्कर ने कहा कि इसके कुछ दिन पहले सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गुजरात गैस ने सीएनजी के दाम में करीब 3.5 रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी।

## एलआईसी की न्यू जीवन शांति योजना स्कीम में मिलेंगे बेहतर फायदे

**नयी दिल्ली।** अगर आपको रिटायरमेंट के बाद अपने खर्चे की चिंता सताने लगी है, तो आपके लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की न्यू जीवन शांति योजना फायदेमंद साबित हो सकती है। अब इस प्लान के तहत पॉलिसीधारकों को ज्यादा एन्युटी मिलेगी। इसका फायदा उन पॉलिसीधारकों को मिलेगा, जिन्होंने 5 जनवरी या उसके बाद प्लान लिया है। एलआईसी ने यह भी कहा कि इस योजना के लिए परचेज प्राइस भी बढ़ा दिया गया है। अब पॉलिसीधारकों प्रति 1,000 रुपये के परचेज प्राइस पर 3 से 9.75 रुपये तक इंसेंटिव मिल सकता है। यह इंसेंटिव परचेज प्राइस और चुने गए डिफरमेंट पीरियड के आधार पर होता है।

## आठ साल बाद फिर छूट की उम्मीद, पुरानी व्यवस्था ही करदाताओं को आ रही पसंद

**नयी दिल्ली।** साल 2020 के बजट में पेश की गई नई टैक्स व्यवस्था के बजाय ज्यादातर लोग पुरानी टैक्स व्यवस्था को पसंद कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें ज्यादा टैक्स बचाने के लिए विभिन्न कटौतियों का उपयोग करना उन्हें रास आ रहा है। धारा 80सी को 2005 के बजट में बदला गया था। तब शुरूआती सीमा एक लाख रुपये थी। 2014-15 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसे बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये प्रति वित्त वर्ष कर दिया था। उसके बाद से इसमें कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। 2014-15 में की गई वृद्धि से आठ साल बाद इस बार फिर इस सीमा के बढ़ने की उम्मीद है।

## खाद्य तेलों में नरमी, दलहन मजबूत, दाल सस्ती

**नयी दिल्ली।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में उठाव रहा। खाद्य तेलों में खरीदी कमी से नरमी दर्ज की गई। तिलहन में मांग रही। दलहन सस्ता बिका। दालो में लिवाली रही। चावल सामान्य बना रहा। शक्कर में मांग बताई गई। शक्कर में कामकाज 3510 से 3550 रुपये के स्तर पर हुआ। शक्कर में 04 गाड़ी आवक हुई। खोपरा बूरा, खोपरा गोला में मांग बढ़त लिए रही। साबूदाना बना बताया गया। खाद्य तेल गिरावट लिए बताए गए।

## भारतवंशी अमेरिकियों से देश में निवेश करने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में रह रहे भारतवंशियों से देश में निवेश का आह्वान किया है। चार दिनी अमेरिका यात्रा पर आए गोयल ने न्यू जर्सी के एडिसन में भारतवंशियों को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और नीतियों का उल्लेख करते हुए वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों के विस्तार का आग्रह किया। वाणिज्य मंत्री गोयल इन दिनों न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और वाशिंगटन की चार दिनी यात्रा पर हैं। उन्होंने भारतवंशियों के समक्ष पीएम मोदी की प्रबंधन शैली की सराहना की। उन्होंने इस बात की सराहना की कि कैसे अमेरिका भारतीय प्रतिभा से लाभान्वित हुआ। भारतवंशियों से उन्होंने विश्व बाजार में भारत की पहुंच बढ़ाने का भी आग्रह किया। गोयल ने पीएम मोदी के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण, नीतिगत साहस और सावधानीपूर्वक उन पर नजर का जिक्र किया।

# पुरुषों की तुलना में महिला श्रमिकों को 40 प्रतिशत कम मिलती है मजदूरी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

निर्माण एवं रियल एस्टेट क्षेत्र में असंगठित महिला कामगारों को पुरुष श्रमिकों की तुलना में 30-40 प्रतिशत तक कम मजदूरी मिलती है। इस क्षेत्र में महिला एवं पुरुष असमानता पर जारी एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सलाहकार फर्म प्राइमस पार्टनर्स और वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की तरफ से सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू निर्माण एवं रियल एस्टेट क्षेत्र में काम करने वाले कुल 5.7 करोड़ लोगों में सिर्फ 70 लाख महिलाएं हैं जो कुल संख्या का सिर्फ 12 प्रतिशत है। कुल कामगारों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व आनुपातिक रूप से कम होने के साथ ही उन्हें पारिश्रमिक या मजदूरी भी तुलनात्मक रूप से कम मिलती है। रिपोर्ट कहती है कि पुरुष कामगारों की तुलना में महिला कामगारों को 30 प्रतिशत से लेकर 40 प्रतिशत तक कम मजदूरी मिलता है। रिपोर्ट कहती है, यह आंकड़ा निर्माण एवं रियल एस्टेट क्षेत्र में मौजूद लैंगिक असमानता को दशार्ता है। निर्माण क्षेत्र में कार्यरत महिला कामगारों का औसत पारिश्रमिक 26.15 रुपये प्रति घंटे है जबकि पुरुषों को प्रति घंटे 39.95 रुपये का मिलते हैं। जहां तक प्रबंधन स्तर के पदों पर महिलाओं की भागीदारी का सवाल है तो निर्माण क्षेत्र की कंपनियों में सिर्फ दो प्रतिशत महिलाएं ही प्रबंधन स्तर पर मौजूद हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं के आगे बढ़ने की राह में मौजूद गतिरोध इस क्षेत्र में उनके लिए अवरोधक के तौर पर काम करते हैं। निर्माण एवं रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन स्तर पर महिलाओं की भागीदारी महज एक-दो प्रतिशत तक सीमित है। सलाहकार फर्म ने रिपोर्ट में कहा, ह्यह्यइस क्षेत्र में महिलाएं मुख्यतः कम वेतन वाले एवं बेहद खतरनाक कार्यों में ही तैनात हैं। ईंट-भट्ठा, पत्थर की खदान, स्लैब ढलाई, ढुलाई और सहयोगी कार्यों में उनकी मौजूदगी ज्यादा है।



## टाटा मोटर्स ने मिनी ट्रक ऐस की आपूर्ति शुरू की

**नयी दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन खंड में देश की अग्रणी कंपनी टाटा मोटर्स ने ग्राहकों को अपने मिनी ट्रक 'ऐस' के इलेक्ट्रिक संस्करण की आपूर्ति शुरू कर दी है। इसकी शुरूआती शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कंपनी अभी 10 शहरों में वाणिज्यिक रूप से इलेक्ट्रिक मिनी ट्रक पेश करेगी। इसकी शुरूआत दिल्ली, पुणे और मुंबई से होगी। बाद में इसे बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई के बाजारों में उतारा जायेगा। ऐस ईवी के 25 वाहनों का पहला बेड़ा ई-कॉमर्स, रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों और कूरियर कंपनियों तथा उनके लॉजिस्टिक सेवा प्रदाताओं को दिया गया।

## अभिहित अधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमरिया।

(खाद्य सुरक्षा शाखा)

### -: प्रेस विज्ञप्ति :-

राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त–सह–अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना संख्या–16/खाद्य (विविध)–12–06/2017 104 (16) के द्वारा निम्नलिखित पान मसाला **1. रजनीगंधा 2.राज निवास 3. पान पराग 4. शिखर 5. दिलरूबा 6. मुसाफिर 7. मधु पान मसाला 8. विमल 9. बहार 10. सेहरत 11. पान पराग प्रिमियम कुल 11 प्रकार के पान मसालों का निर्माण, भण्डारण, वितरण, बिक्री इत्यादि** पर अगले वर्ष **दिनांक–03.06.2023 तक के लिए** पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। साथ ही अन्य प्रकार के पान मसालों के साथ जर्दा, तुलसी एवं अन्य तंबाकू पदार्थो (Twin Pack जो पान मसाला के साथ बिकते है) बेचना भी पूर्णतः प्रतिबंधित है।

अतः सभी थोक/खुदरा पान मसाला विक्रेताओं को आदेश दिया जाता है कि यदि दुकान में पान मसालों का भण्डारण किया गया है तो स्वयं ही उन्हें नष्ट कर दें, अन्यथा औचक निरीक्षण के क्रम में पकड़े जानें पर अर्थ–दण्ड अधिरोपित करते हुए FSS ACT-2006 के तहत् कड़ी से कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। विद्यालय परिसर के सौ मीटर के दायरे में किसी भी तरह के तम्बाकू **जैसे– बीड़ी, सिगरेट, खैनी, जरदा इत्यादि** बेचना COTPA Act-2003 के तहत् पूर्णतः प्रतिबंधित है।

प्रायः यह देखा जाता है कि थोक/खुदरा कारोबारी बिना लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन के अपना कारोबार चला रहे है। कुछ खाद्य कारोबारी जिन्हें लाईसेंस की आवश्यकता है, वे सिर्फ रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही अपना कारोबार चला रहे है। उन्हें सख्त चेतावनी दी जाती है कि यथाशीघ्र Fssai Licence / Registration बनवा लें, अन्यथा औचक निरीक्षण के क्रम में पकड़े जाने पर अर्थ–दण्ड के साथ FSS ACT-2006 के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

अभिहित अधिकारी,
–सह– अनुमण्डल पदाधिकारी,
सिमरिया।

PR 287034 (District) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
## सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

### प्रथम शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या–**DWSD/SVS/CLUSTER/GAR-20/2022-23,** दिनांक–27.12.2022 **(Construction of 31 Nos SVS-Cluster under JJM** जो PR No. 286183 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) द्वारा 31 ग्रुपों की निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, अग्रधन की राशि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क0 सं0 | विवरण | | पूर्व में प्रकाशित | | | संशोधित कर प्रकाशित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| - | Detailed Survey, designing and drawing, Construction of **74969 Nos** FHTC in different block of Garhwa District comprising of suitable R.C.C./Frame Structure ESR, Distribution Line, Source (as required) & 5 years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa. | Group No. | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) |
| 1 | | SVS/CLUSTER-01 | 5,60,31,110.00 | 5,60,500.00 | 10,000.00 | 5,52,89,000.00 | 5,53,000.00 | –वही– |
| 2 | | SVS/CLUSTER-02 | 5,28,19,587.00 | 5,28,500.00 | 10,000.00 | 5,22,69,000.00 | 5,23,000.00 | –वही– |
| 3 | | SVS/CLUSTER-03 | 9,45,18,043.00 | 9,45,500.00 | 10,000.00 | 9,35,67,000.00 | 9,36,000.00 | –वही– |
| 4 | | SVS/CLUSTER-04 | 6,63,26,550.00 | 6,63,500.00 | 10,000.00 | 6,56,77,000.00 | 6,57,000.00 | –वही– |
| 5 | | SVS/CLUSTER-05 | 6,89,75,424.00 | 6,90,000.00 | 10,000.00 | 6,79,05,000.00 | 6,80,000.00 | –वही– |
| 6 | | SVS/CLUSTER-06 | 7,30,40,468.00 | 7,30,500.00 | 10,000.00 | 7,17,70,000.00 | 7,18,000.00 | –वही– |
| 7 | | SVS/CLUSTER-07 | 8,37,63,988.00 | 8,38,000.00 | 10,000.00 | 8,29,75,000.00 | 8,30,000.00 | –वही– |
| 8 | | SVS/CLUSTER-08 | 6,25,83,184.00 | 6,26,000.00 | 10,000.00 | 6,20,46,000.00 | 6,21,000.00 | –वही– |
| 9 | | SVS/CLUSTER-09 | 9,49,89,974.00 | 9,50,000.00 | 10,000.00 | 9,38,59,000.00 | 9,39,000.00 | –वही– |
| 10 | | SVS/CLUSTER-10 | 7,75,78,989.00 | 7,76,000.00 | 10,000.00 | 7,67,03,000.00 | 7,68,000.00 | –वही– |
| 11 | | SVS/CLUSTER-11 | 9,29,38,557.00 | 9,29,500.00 | 10,000.00 | 9,18,18,000.00 | 9,19,000.00 | –वही– |
| 12 | | SVS/CLUSTER-12 | 6,98,67,007.00 | 6,99,000.00 | 10,000.00 | 6,89,66,000.00 | 6,90,000.00 | –वही– |
| 13 | | SVS/CLUSTER-13 | 9,34,30,516.00 | 9,34,500.00 | 10,000.00 | 9,21,99,000.00 | 9,22,000.00 | –वही– |
| 14 | | SVS/CLUSTER-14 | 8,57,30,461.00 | 8,57,500.00 | 10,000.00 | 8,45,36,000.00 | 8,46,000.00 | –वही– |
| 15 | | SVS/CLUSTER-15 | 8,40,38,650.00 | 8,40,500.00 | 10,000.00 | 8,29,46,000.00 | 8,30,000.00 | –वही– |
| 16 | | SVS/CLUSTER-16 | 5,03,41,199.00 | 5,03,500.00 | 10,000.00 | 5,03,36,000.00 | 5,04,000.00 | –वही– |
| 17 | | SVS/CLUSTER-17 | 7,36,20,595.00 | 7,36,500.00 | 10,000.00 | 7,26,57,000.00 | 7,27,000.00 | –वही– |
| 18 | | SVS/CLUSTER-18 | 7,10,92,957.00 | 7,11,00.00 | 10,000.00 | 7,03,17,000.00 | 7,04,000.00 | –वही– |
| 19 | | SVS/CLUSTER-19 | 8,80,91,811.00 | 8,81,000.00 | 10,000.00 | 8,67,38,000.00 | 8,68,000.00 | –वही– |
| 20 | | SVS/CLUSTER-20 | 6,18,15,728.00 | 6,18,500.00 | 10,000.00 | 6,09,00,000.00 | 6,10,000.00 | –वही– |
| 21 | | SVS/CLUSTER-21 | 5,06,85,908.00 | 5,07,000.00 | 10,000.00 | 5,07,82,000.00 | 5,08,000.00 | –वही– |
| 22 | | SVS/CLUSTER-22 | 8,24,83,849.00 | 8,25,000.00 | 10,000.00 | 8,13,26,000.00 | 8,14,000.00 | –वही– |
| 23 | | SVS/CLUSTER-23 | 9,72,91,645.00 | 9,73,000.00 | 10,000.00 | 9,17,22,000.00 | 9,18,000.00 | –वही– |
| 24 | | SVS/CLUSTER-24 | 7,96,02,600.00 | 7,96,500.00 | 10,000.00 | 7,85,88,000.00 | 7,86,000.00 | –वही– |
| 25 | | SVS/CLUSTER-25 | 9,47,53,671.00 | 9,48,000.00 | 10,000.00 | 9,41,04,000.00 | 9,42,000.00 | –वही– |
| 26 | | SVS/CLUSTER-26 | 9,82,54,362.00 | 9,83,000.00 | 10,000.00 | 9,71,64,000.00 | 9,72,000.00 | –वही– |
| 27 | | SVS/CLUSTER-27 | 9,78,51,255.00 | 9,79,000.00 | 10,000.00 | 9,72,70,000.00 | 9,73,000.00 | –वही– |
| 28 | | SVS/CLUSTER-29 | 9,45,84,014.00 | 9,46,000.00 | 10,000.00 | 9,39,39,000.00 | 9,40,000.00 | –वही– |
| 29 | | SVS/CLUSTER-30 | 9,45,84,014.00 | 9,46,000.00 | 10,000.00 | 9,40,26,000.00 | 9,41,000.00 | –वही– |
| 30 | | SVS/CLUSTER-31 | 9,33,96,098.00 | 9,34,000.00 | 10,000.00 | 9,28,04,000.000 | 9,29,000.00 | –वही– |
| 31 | | SVS/CLUSTER-32 | 9,61,28,453.00 | 9,61,500.00 | 10,000.00 | 9,54,98,000.00 | 9,55,000.00 | –वही– |

निविदा की तिथि एवं समय :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | Date & time of Publication of Tender on Website | 30/12/2022 12:30 P.M. | 10/01/2023 12:30 P.M. |
| 2 | Date & time of Pre-bid Meeting | 03/01/2023 12:30 P.M. | 12/01/2023 12:30 P.M. |
| 3 | Last date/Time for receipt of Bid | 10/01/2023 05:00 P.M. | 17/01/2023 05:00 P.M. |
| 4 | Last date/Time for receipt of EMD Cost & BOQ Cost (in Hard copy) | 11.01.2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | **18/01/2023 10:30 AM to 05:00 P.M.** (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 5 | Date & time of Opening Tender | 12/01/2023 04:00 P.M. | 19/01/2023 04:00 P.M. |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR287090 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

## जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।

### सूचना

चतरा जिला के सभी प्रभावित गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या–07/वि0(प्र0)–712/2021–6378, दिनांक–24.12.2022 के आलोक में राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान, रॉची में सुरक्षा कार्य हेतु अगले आदेश तक 150 (एक सौ पचास) महिला/पुरूष गृह रक्षको प्रतिनियुक्ति किया जाना है। अतः वैसे गृह रक्षक जो वर्त्तमान में ड्यिुटी में नही हैं वे जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा में अविलम्ब आकर अपना–अपना आगमन कराना सुनिश्चित करे।

जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।

PR 287022 Home(22-23)D

झारखण्ड सरकार

## राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा–बेदाल, थाना–भण्डरा, थाना न0–181, अंचल–भण्डरा, जिला–लोहरदगा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना "लोहरदगा जिलान्तर्गत "भण्डरा (**MDR-001** पर)–सेन्हा (**SH-08** पर) पथ (कुल लम्बाई 23.518 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य (पुलों के निर्माण एवं भू–अर्जन सहित)" परियोजना अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत् नियुक्ति पदाधिकारी प्रशासन के रूप में नियुक्ति किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–बेदाल, थाना–भण्डरा, थाना न0–181, अंचल–भण्डरा, जिला–लोहरदगा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश 1.916 एकड़ यानि 0.775 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है.........................

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 49 | 22 | रैयती | दोन दो 9 | 0.124 | घमडु उराँव , पिता–रामा उराँव, जाति–उराँव | उ0–23, द0–1306 पु0–रास्ता, प0–1301 |
| 2 | 286 | 23 | रैयती | दोन दो 5 | 0.012 | शेख समसुद्दीन , पिता–शेख रहीम, जाति–शेख | उ0–24, द0–22 पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 3 | 67 | 24 | रैयती | दोन दो 9 | 0.010 | जगत चमार भिखरा चमार वो दशरथ चमार वो मगरा चमार वो शिवनारायण चमार | उ0–25, द0–23 पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 4 | 67 | 25 | रैयती | दोन दो 6 | 0.007 | जगत चमार भिखरा चमार वो दशरथ चमार वो मगरा चमार वो शिवनारायण चमार | उ0–26, द0–24 पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 5 | 67 | 26 | रैयती | दोन दो 4 | 0.016 | जगत चमार भिखरा चमार वो दशरथ चमार वो मगरा चमार वो शिवनारायण चमार | उ0–27, द0–25, पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 6 | 253 | 27 | रैयती | दोन दो 2 | 0.020 | शम कुमार, पिता–कलिया, जाति–हजाम एवं वो काशी, पिता–भोला हजाम, जाति–हजाम एवं सुकरमनि, मनकुवर, पिता–रमदु, जाति– हजाम | उ0–28, द0–26 पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 7 | 24 | 28 | रैयती | दोन दो 10 | 0.022 | केशो हजाम, पिता–महादेव हजाम, जाति–हजाम एवं पार्वती देवी, पति–केशो हजाम, जाति– हजाम | उ0–29, द0–27 पु0–रास्ता, प0–रास्ता |
| 8 | 49 | 29 | रैयती | दोन दो 5 | 0.025 | घमडु उराँव , पिता–रामा उराँव, | उ0–30, द0–28, पु0–रास्ता प0–20 |
| 9 | 49 | 30 | रैयती | दोन दो 9 | 0.021 | घमडु उराँव , पिता–रामा उराँव, | उ0–31, द0–29 पु0–रास्ता, प0–20 |
| 10 | 265 | 31 | रैयती | दोन दो 9 | 0.022 | लछु मुंडा, पिता–मिरजा मुन्डा, जाति–मुण्डा एवं वो कोल्हा मुंडा, पिता–दशई मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो मंगरा मुंडा, पिता–रीगा मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो जीतवाहन मुंडा, पिता–लछु मुंडा, जाति– मुण्डा एवं जीतराम मुन्डा, वो लीवरा मुंडा, वो मंगरु मुंडा | उ0–33 द0–30 पु0– रास्ता प0–32 |
| 11 | 265 | 33 | रैयती | दोन दो 11 | 0.026 | लछु मुंडा, पिता–मिरजा मुन्डा, जाति–मुण्डा एवं वो कोल्हा मुंडा, पिता–दशई मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो मंगरा मुंडा, पिता–रीगा मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो जीतवाहन मुंडा, पिता–लछु मुंडा, जाति– मुण्डा एवं जीतराम मुन्डा, वो लीवरा मुंडा, वो मंगरु मुंडा | उ0–47 द0–31 पु0– रास्ता प0–19 |
| 12 | 49 | 47 | रैयती | दोन दो 5 | 0.028 | घमडु उराँव, पिता–रामा उराँव, जाति–उराँव | उ0–48 द0–33 पु0– रास्ता प0–19 |
| 13 | 198 | 48 | रैयती | दोन दो 0 | 0.054 | मदन उराँव, वो खुडरु उराँव, वो गंगा उराँव, पिता–करमा उराँव, जाति–उराँव | उ0–49 द0–47 पु0– रास्ता प0–46 |
| 14 | 272 | 49 | रैयती | दोन दो 3 | 0.035 | लुदा उराईन, पति–कैला उराँव, जाति–उराँव एवं वो राना उराँव, वो विसुआ उराँव, पिता–मनुआ उराँव, जाति–उराँव एवं वो ठिवु उराँव, पिता–सोमरा उराँव, जाति–उराँव | उ0–51 द0–48 पु0– रास्ता प0–48 |
| 15 | 120 | 51 | रैयती | दोन दो 5 | 0.065 | निर्मल कुजूर, पिता–चेपोबा कुजूर, जाति–उराँव | उ0–52 द0–49 पु0– रास्ता प0–49 |
| 16 | 198 | 53 | रैयती | दोन दो 0 | 0.078 | मदन उराँव, वो खुडरु उराँव, वो गंगा उराँव, पिता–करमा उराँव, जाति– उराँव | उ0–2200 द0–51 पु0– रास्ता प0–52 |
| 17 | 295 | 55 | रैयती | दोन दो 9 | 0.019 | सुखु उराँव, वो विगा उराँव , पिता–गन्दरा उराँव, जाति– उराँव | उ0– रास्ता द0–67 पु0–2205 प0–56 |
| 18 | 90 | 56 | रैयती | दोन दो 10 | 0.033 | जोगिया उराँव | उ0– रास्ता द0–67 पु0–55 प0–57 |
| 19 | 16 | 57 | रैयती | दोन दो 5 | 0.043 | कलसमन कुमरी, पिता–मंगल महतो | उ0– रास्ता द0–67 पु0–56 प0–58 |
| 20 | 198 | 58 | रैयती | दोन दो 0 | 0.050 | निर्मल कुजूर, पिता–चेपोबा कुजूर | उ0– रास्ता द0–67 पु0–57 प0–59 |
| 21 | 120 | 59 | रैयती | दोन दो 5 | 0.081 | लुदा उराईन, पति–कैला उराँव | उ0– रास्ता द0–67 पु0–58 प0–60 |
| 22 | 272 | 60 | रैयती | दोन दो 0 | 0.042 | मदन उराँव, वो खुडरु उराँव, वो गंगा उराँव, पिता–करम | उ0– रास्ता द0–67 पु0–59 प0–61 |
| 23 | 198 | 61 | रैयती | दोन दो 0 | 0.026 | मदन उराँव, वो खुडरु उराँव, वो गंगा उराँव, पिता–करम | उ0– रास्ता द0–62 पु0–60 प0– रास्ता |
| 24 | 198 | 62 | रैयती | दोन दो 0 | 0.045 | लछु मुंडा, पिता–मिरजा मुन्डा, जाति–मुण्डा एवं वो कोल्हा मुंडा, पिता–दशई मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो मंगरा मुंडा, पिता–रीगा मुंडा, जाति–मुण्डा एवं वो जीतवाहन मुंडा, पिता–लछु मुंडा, जाति–मुण्डा एवं जीतराम मुन्डा, वो लीवरा मुंडा, वो मंगरु मुंडा, पिता–कोल्हा मुंडा, जाति–मुण्डा | उ0–61 द0–63 पु0–60 प0– रास्ता |
| 25 | 265 | 63 | रैयती | दोन दो 5 | 0.072 | घमडु उराँव, पिता–रामा उराँव, जाति–उराँव | उ0–62 द0–64 पु0–59 प0– रास्ता |
| 26 | 49 | 64 | रैयती | दोन दो 9 | 0.047 | घमडु उराँव , पिता–रामा उराँव, जाति–उराँव | उ0–63 द0–64 पु0–59 प0– रास्ता |
| 27 | 49 | 65 | रैयती | दोन दो 5 | 0.039 | केशो हजाम, पिता–महादेव हजाम, जाति–हजाम एवं पार्वती देवी, पति–केशो हजाम, जाति– हजाम | उ0–64 द0–66 पु0–59 प0– रास्ता |
| 28 | 24 | 66 | रैयती | दोन दो 7 | 0.041 | पार्वती देवी, पति–केषो हजाम | उ0–65 द0–214 पु0–59 प0– रास्ता |
| 29 | 253 | 214 | रैयती | दोन दो 4 | 0.062 | राम कुमार, पिता–कलिया, काषी, पिता–भोला हजाम | उ0–66 द0–215 पु0–213 प0– रास्ता |
| 30 | 67 | 216 | रैयती | दोन दो 0 | 0.086 | जगत चमार, मंगरा चमार, षिवनरायण चमार, पिता–भरतु चमार वगै0 | उ0–214 द0– रास्ता पु0–210 प0– रास्ता |
| 31 | 49 | 252 | रैयती | दोन दो 12 | 0.008 | घमडु उराँव, पिता–रामा उराँव | उ0– रास्ता, द0–256 पु0–255, प0– रास्ता |
| 32 | 49 | 256 | रैयती | दोन दो 4 | 0.399 | घमडु उराँव, पिता–रामा उराँव, जाति–उराँव | उ0– रास्ता द0–257 पु0–255 प0– रास्ता |
| 33 | 11 | 257 | रैयती | दोन दो 3 | 0.092 | कमला बाला देवी, पति–लाल गोपाल नाथ साहदेव, जाति– राजपुत | उ0–256 द0–258 पु0–267 प0– रास्ता |
| 34 | 11 | 258 | रैयती | दोन दो 6 | 0.019 | कमला बाला देवी, पति–लाल गोपाल नाथ साहदेव, जाति– राजपुत | उ0–257 द0– रास्ता पु0–266 प0– रास्ता |
| 35 | 52 | 2200 | रैयती | दोन दो | 0.147 | घमडु उराँव वो वोचेया उराँव, पिता–रामा उराँव, डेडैवा उराँव जाति उराँव निवासी निजग्राम | उ0–रास्ता द0–50 पु0–रास्ता प0–53 |
| कुल रकबा :– | | | | | 1.916 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यवधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा | अपर समाहर्त्ता, लोहरदगा | उपायुक्त, लोहरदगा

PR 287070 Lohardaga (22-23)_D

ज्ञान की बात

**ज्ञान जहां से भी मिले, उसे ग्रहण कर लें। ज्ञान ग्रहण करने के क्रम में ऊंच-नीच, जाति, धर्म आदि पर ध्यान न दें। ज्ञान आप किसी से भी ग्रहण कर सकते हैं। उसके लिए कोई खास अर्हता नहीं होती। आपको बस यह देखना चाहिए कि आप जिसके पास जा रहे हैं, वह इंसान तो बेहतर है न। फिर कोई दिक्कत नहीं।**
*-ग्रीक दार्शनिक एपिक्यूरस*

# स्वागत योग्य कदम

**देश** भर में जैन समाज अपने प्रमुख तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाए रखने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से सड़कों पर था। असल में पारसनाथ पहाड़ी जैनों के 24 में से 20 तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि होने के कारण दुनिया भर में फैले जैन समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय क्षेत्र रहा है। केंद्र सरकार ने झारखंड के गिरिडीह में पारसनाथ पहाड़ी क्षेत्र में इको-टूरिज्म विकसित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाओं में संशोधन करना मंजूर कर लिया है। उसने राज्य सरकार से उस इलाके में इको सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन खंड-3 के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर तत्काल रोक लगाने को कहा है। ऐसा जैन समाज की मांग पर किया गया है। इससे पहले झारखंड सरकार ने भी केंद्र को पारसनाथ स्थित सम्मेद शिखर जी की पवित्रता बनाए रखने के लिए जैन अनुयायियों से मिले आवेदनों को देखते हुए समुचित निर्णय लेने की अपील की थी। देश भर में जैन समाज अपने प्रमुख तीर्थस्थल सम्मेद शिखरजी की पवित्रता बनाये रखने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से सड़कों पर था। असल में पारसनाथ पहाड़ी जैनों के 24 में से 20 तीर्थंकरों की निर्वाणभूमि होने के कारण दुनिया भर में फैले जैन समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय क्षेत्र रहा है। यहां बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग वंदना यात्रा के लिए आते हैं। निर्जल रहकर और नंगे पैर चलकर 27 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा 14-15 घंटे में पूरी की जाती है। स्वाभाविक ही इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के फैसले ने पूरे जैन समाज को उद्वेलित कर दिया। उन्हें लगा कि पर्यटक यहां बड़ी संख्या में आएंगे तो इस क्षेत्र की पवित्रता भंग होगी। जैन समाज ने विरोध प्रदर्शन में जिस तरह की एकजुटता दिखाई वह इस बात का संकेत था कि इस पूरे समुदाय की आस्था को इस फैसले से चोट पहुंची है। केंद्र सरकार ने अपने कदम वापस लेकर एक अच्छा काम किया है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकार को जनभावनाओं का ख्याल रखते हुए ही आगे बढ़नाा चाहिए। विकास जरूरी है लेकिन आखिरकार वह समाज के ही लिए है। इस क्षेत्र के साथ एक खास बात यह भी है कि जैनों का तीर्थस्थल होने के साथ-साथ यह सांथाल जनजाति के लोगों की आस्था और संस्कृति से भी जुड़ा है। वे इसे मारंग बुरु के रूप में पहचानते हैं। वे पूरी श्रद्धा से पर्वत पर स्थित जुग जाहेर थान का पूजन करते हैं। हर साल फरवरी और अप्रैल में धूमधाम से अपना पारंपरिक त्योहार मनाते हैं। संभवतः इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने संशोधित इको-सेंसिटिव जोन नोटिफिकेशन में प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग कमिटी गठित करने को कहा है। इस कमिटी में जैन समुदाय के दो सदस्यों के साथ ही स्थानीय आदिवासी समुदाय से भी एक सदस्य को स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में रखने की बात कही गई है। यह अच्छी पहल है।

**निर्जल रहकर और नंगे पैर चलकर 27 किलोमीटर की यह कठिन यात्रा 14-15 घंटे में पूरी की जाती है। स्वाभाविक ही इस क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के फैसले ने पूरे जैन समाज को उद्वेलित कर दिया।**

# प्रचंड : नेपाल के लिए खुद को बदलना होगा



इन दिनों



यशोदा श्रीवास्तव

**आज** अर्थात दस जनवरी को प्रतिनिधि सभा में भारी मतों से विश्वास मत हासिल कर नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड अपनी तीसरी पारी की विधिवत शुरूआत करेंगे। प्रचंड की बतौर प्रधानमंत्री पहली पारी बहुत उत्साहजनक नहीं रही जबकि राजशाही से मुक्ति के बाद हुए पहले चुनाव में प्रचंड के नेतृत्व में कम्युनिस्ट पार्टी की बहुमत की सरकार थी। बहुमत की सरकार होते हुए भी वे राम राज सिंह को अपना राष्ट्रपति नहीं बनवा सके थे जबकि नेपाली कांग्रेस सत्ता में न रहकर भी डा.राम बरन यादव को राष्ट्रपति बनवाने में कामयाब हो गई थी। प्रचंड को अपने पहले कार्यकाल में यह बड़ा झटका था। प्रचंड से नेपाली जनता जब बहुत उम्मीद बांधे हुए थी और परिवर्तन के आश में थी तभी एक सैन्य अधिकारी की नियुक्ति को लेकर राष्ट्रपति से हुए मतभेद के चलते उन्होंने मात्र नौ महीने में ही पद से इस्तीफा देकर नेपाली जनता को मझधार में छोड़ दिया। प्रचंड के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देते ही नेपाल राजनीतिक अस्थिरता की चपेट में आ गया जो कई सालों तक बना रहा। कम्युनिस्ट पार्टियां जो वैचारिक रूप से एक मंच पर आ चुकी थी, वे फिर से अलग अलग हो गई। इस बीच नेपाल में बेमेल गठबंधन के कई सरकार भी आते जाते रहे ।2017 के आम चुनाव के पहले प्रचंड नेपाली कांग्रेस के समर्थन से दूसरी बार प्रधानमंत्री बने थे। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी का गठबंधन कुछ ऐसा था कि नेपाली राजनीति के जानकार यह मान बैठे थे कि 2017 का आम चुनाव बड़ा अजीब होगा जब वैचारिक रूप से परस्पर विरोधी दो दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे। लेकिन एन मौके पर प्रचंड नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़ केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी एमाले के साथ चले गये। दोनों मिलकर चुनाव लड़े और बहुमत की सरकार बनाये। ओली के साथ प्रचंड का ढाई ढाई साल सरकार चलाने का समझौता था। पहली पारी ओली के साथ लगी लेकिन दूसरी पारी के लिए जब प्रचंड की बारी आई तो ओली न नुकुर करने लगे। बात इस हद तक बिगड़ गई कि प्रचंड ओली से भागकर फिर नेपाली कांग्रेस के पास आ गये। साथ में कुछ छोटे दल भी ले आए और ओली को अपदस्थ कर नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा को प्रधानमंत्री बनवा दिये। अभी जो 2022 का आम चुनाव संपन्न हुआ है उसमें नेपाली कांग्रेस और प्रचंड दोनों मिलकर चुनाव लड़े। इनके साथ तीन और पार्टियां भी थी। इस गठबंधन को बहुमत से सिर्फ दो सीटें कम थी फिर भी इनके ही सरकार बनाने की चर्चा थी। इस बार प्रधानमंत्री पद को लेकर प्रचंड और देउबा में मतभेद हो गया। इस बीच ओली की तरफ से प्रचंड को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सब बनाने का आफर आ गया। अंत तक प्रचंड देउबा के साथ ही सरकार बनाने के पक्षधर थे लेकिन देउबा को प्रचंड का साथ न छोड़ने का आत्मविश्वास उन्हें ले डूबा। प्रचंड मजबूर हो कर ओली के साथ आ गये और पहली पारी में ही प्रधानमंत्री पद हासिल करने में कामयाब हो गये। ओली और देउबा का अलग होने और प्रचंड और ओली के साथ आने को लेकर तमाम तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। कुछ लोग इसे चीन की चाल मान रहे हैं जबकि कुछ लोग ओली और प्रचंड के मिलन को भारत की मर्जी की दृष्टि से देख रहे हैं। ओली के साथ समझौते में प्रचंड भले ही ढाई साल के लिए प्रधानमंत्री बने हैं लेकिन इस अवधि तक ही यदि वे निष्पक्ष रूप से काम कर पाए तो भी नेपाल में बड़ा परिवर्तन करने में कामयाब होंगे जो नेपाल और नेपाली जनता के व्यापक हित में होगा। प्रचंड निश्चित ही इस दौरान स्वयं में बड़ा बदलाव ला पाए होंगे ताकि उनके पहले और दूसरे कार्यकाल जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो पाये। प्रचंड को नेपाल के लिए खुद को बदलना होगा। नेपाल की राजनीति में प्रचंड कोई साधारण शख्सियत का नाम नहीं है। जिनके राजनीतिक गुरू भारत के राजनीति के चाणक्य माने जाने वाले स्व.डीपी त्रिपाठी रहे हों वह आम शख्सियत हो भी नहीं सकता। बताने की जरूरत नहीं कि जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष व राज्य सभा सदस्य रहे डीपी त्रिपाठी स्व.राजीव गांधी और मराठा क्षत्रप शरद पवार के सलाहकार रहे हैं। भारत में उन्हें सर्वहारा सामंत के रूप में जाना जाता है। प्रचंड ने भी राजनीति का ककहरा स्व.डीपी त्रिपाठी से ही सीखा है। 35 साल की उम्र में पहली बार नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी ( सीपीएन-मशाल) के महासचिव बनने वाले पुष्प कमल दहाल इस समय सीपीएन (माओवादी) केंद्र के अध्यक्ष हैं। समय - समय पर अलग-अलग नामों से जाने गये और मामूली परिवार में जन्मे प्रचंड उन चुनिंदा नेपाली नेताओं में से एक हैं जो तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ हुए हैं।

**नेपाली कांग्रेस व प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी का गठबंधन कुछ ऐसा था कि नेपाली राजनीति के जानकार यह मान बैठे थे ।2017 का आम चुनाव बड़ा अजीब होगा जब वैचारिक रूप से परस्पर विरोधी दो दल एक साथ चुनाव लड़ेंगे। लेकिन मौके पर प्रचंड नेपाली कांग्रेस का साथ छोड़ केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी एमाले के साथ चले गये। दोनों मिलकर चुनाव लड़े और बहुमत की सरकार बनाये।**

## बोधि वृक्ष

### सुनें महादेव की कहानियां

**वह** रात-दिन हे चंद्रशेखर! हे भूतेश! हे मृत्युंजय! हे नीलकंठ! आदि पवित्र नामों का उच्चारण करता रहता और मित्रों को प्रेम करता हुआ बार-बार इन्हीं नामों से पुकारता रहता था। उसके कान शिव के नाम के अतिरिक्त अन्य किसी को ग्रहण नहीं करते थे। वह शिव मंदिर को छोड़कर किसी अन्य जगह नहीं जाता। उसके नेत्र शिव के अतिरिक्त और कुछ देखने की इच्छा नहीं रखते थे। वह स्वप्न में भी भगवान शिव को ही देखा करता था। हरिकेश की यह दशा देखकर उसके पिता ने उसे गृहकार्य में लगाने की अनेक चेष्टाएं कीं, किंतु उस पर कुछ भी असर नहीं हुआ। अंत में हरिकेश घर से निकल गया। कुछ दूर जाकर उसे भ्रम हो गया और वह मन ही मन कहने लगाः हे शंकर! कहां जाऊं, कहां रहने से मेरा कल्याण होगा? यह सोचकर उसने अपने मन में विचार किया कि जिसकी कहीं ठिकाना नहीं है, उसका काशीपुरी ही आधार है। इस प्रकार निश्चय कर वह काशीपुरी को गया। जिस अविमुक्त क्षेत्र में पंचभौतिक देह त्याग कर प्राणों का शिव की प्रसन्नता से फिर देह से संबंध नहीं रहता, उस आनंदवन में जाकर तप करने लगा। 25 साल तक भूमिगत रहकर प्रचंड के नेतृत्व में दस साल का सशस्त्र संघर्ष नेपाल में राजनीतिक परिवर्तन का एक बड़ा कारण रहा है। माओवादी इस संघर्ष को एक 'जनयुद्ध' के रूप में देखते हैं। 1954 में पश्चिमी नेपाल में कास्की ज़िले के ढिकुरपोखारी गाँव में जन्मे प्रचंड का राजनीतिक सफर एक अध्यापक के रूप में शुरू हुआ था।

(क्रमशः)

# राजस्थान में कांग्रेस को सत्ता में लौटना है तो बदलनी होगी रणनीति

राजस्थाननामा



रमेश सर्राफ धमोरा

**आज** बूथ से लेकर ग्राम इकाई, ब्लॉक इकाई व जिला संगठन में काम करने वाले अधिकांश पदाधिकारियों को सत्ता में कोई भागीदारी नहीं मिल पाई है। जो जमीनी स्तर पर काम करने वाले लोग हैं। कार्यक्रमों में दरिया बिछाते हैं। पार्टी के लिए मरने मारने पर उतारू रहते हैं। राजस्थान में अगले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी, मुख्य विपक्षी दल भाजपा, तिकोनी टक्कर बनाने में जुटी बसपा, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, वामपंथी दल, भारतीय ट्राइबल पार्टी सभी अगले विधानसभा चुनाव में सत्तारुढ़ होने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता जहां फिर से सरकार रिपीट करवाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं भाजपा सरकार बनाने की अपनी बारी का इंतजार कर रही है। अन्य राजनीतिक दल इन दोनों ही दलों को पटखनी देकर अगली सरकार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। राहुल गांधी की राजस्थान में 18 दिनों तक चली भारत जोड़ो पदयात्रा को मिले जन समर्थन से कांग्रेस गदगद नजर आ रही है। वहीं भाजपा गहलोत सरकार के खिलाफ प्रदेश में निकाली गई जनाक्रोश यात्राओं में ज्यादा भीड़ नहीं जुटा पाने से हताश नजर आ रही है। अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी अपना प्रभाव बढ़ाने के प्रयास में लगे हुए हैं। सांसद असदुद्दीन ओवैसी भी राजस्थान के कई जिलों की यात्राएं कर जनमानस का मूड टटोल चुके हैं। बसपा भी अपने जर्जर संगठन को एक बार फिर नये सिरे से खड़ा करने का प्रयास कर रही है। आम आदमी पार्टी भी सभी 200 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर चुकी है। राहुल गांधी की पदयात्रा राजस्थान में आठ जिलों से होकर गुजरी थी। उस दौरान प्रायः सभी छोटे-बड़े नेताओं ने राहुल गांधी से मिलकर उन्हें अपने विचारों से अवगत करवाया था। राहुल गांधी ने सभी की बातें बड़े ध्यान से सुनी थीं। बहुत से लोगों ने राहुल गांधी को गहलोत सरकार की कई खामियों के बारे में भी बताया था। जिनको लेकर राहुल गांधी ने यात्रा के अंतिम दिन अलवर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित अन्य प्रमुख नेताओं के साथ एक बैठक कर सभी बातों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की व प्रदेश में जो समस्याएं हैं उनका समाधान निकालने के लिए भी मुख्यमंत्री को कहा था। राजस्थान कांग्रेस में सितंबर महीने में चले राजनीतिक घटनाक्रम के बाद पार्टी की फूट खुलकर सड़कों पर आ गई थी। मगर राहुल गांधी की यात्रा के बाद कांग्रेस एक बार फिर से एकजुट नजर आने लगी है। अजय माकन के इस्तीफे के बाद पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वह भी प्रदेश में लगातार दौरे कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक ले रहे हैं तथा पार्टी में आपसी एकता कायम करने की दिशा में काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अगली बार फिर से सरकार रिपीट करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आने वाला बजट पूरी तरह किसानों व गरीबों को समर्पित होगा। गहलोत सरकार द्वारा वोट बटोरने के लिये अगले बजट में कई लोक लुभावनी घोषणाएं भी की जायेंगी। कांग्रेस पार्टी के सभी बड़े नेता बढ़-चढकर दावा कर रहे हैं कि प्रदेश में कई हजार लोगों को राजनीतिक नियुक्तियां दी गई हैं। जिनकी बदौलत पार्टी को अगले चुनाव में बड़ी सफलता मिलेगी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कांग्रेस के सभी बड़े नेता इस बात को भूल जाते हैं कि राजनीतिक नियुक्तियों में जिनको बड़े पद दिये गये हैं वह सभी पार्टी के बड़े नेता हैं। अधिकांश बड़े पदों पर विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों व संगठन में बड़े पदों पर रहे नेताओं को ही समायोजित किया गया है। आम जनता के बीच रहकर रात दिन पार्टी के लिए काम करने वाले उन कार्यकर्ता ओं को क्या मिला जो बूथों पर जाकर पार्टी के पक्ष में वोट डलवाते हैं तथा विपक्षी दलों के लोगों से झगड़ा तक करते हैं।

**प्रदेश में सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी, मुख्य विपक्षी दल भाजपा, तिकोनी टक्कर बनाने में जुटी बसपा, आम आदमी पार्टी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन, वामपंथी दल, भारतीय ट्राइबल पार्टी सभी अगले विधानसभा चुनाव में सत्तारुढ़ होने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता जहां फिर से सरकार रिपीट करवाने का प्रयास कर रहे हैं।**

## फोटो की दुनिया



रामभद्राचार्य जी की गोद में सिर रख कर रोते अरुण गोविल

## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# ऑनलाइन गेमिंग पर बने बेहतर कानून

ऑनलाइन गेमिंग



विराग गुप्ता

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन ने ऑनलाइन गेमिंग को मानसिक महामारी घोषित किया है। यह तेजी से फैल रहा है। सिर्फ फैंटेसी स्पोर्ट्स का ही कारोबार 2025 तक 1.65 लाख करोड़ रुपये का होने का अनुमान है। इंटरनेट और मोबाइल की नई दुनिया में पिछली दो शताब्दियों के अधिकांश कानून बेमानी हो गये हैं। गेमिंग के नियमन के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी आईटी नियमों में संशोधनों को अगले महीने तक लागू करने की बात हो रही है।

**कानूनों में विरोधाभास :** इससे संबंधित मौजूदा कानूनी प्रावधानों में कई तरह की अस्पष्टता और. विरोधाभास मिलते हैं। अंग्रेजों के समय बनाये गये पब्लिक गैंबलिंग एक्ट 1867 और राज्यों में बने कानूनों के अनुसार सट्टेबाजी और गैंबलिंग अपराध हैं। इसके अलावा आईपीसी-1860, इनकम टैक्स अधिनियम-1961, प्राइस कॉम्पिटिशन एक्ट 1955, लॉटरी अधिनियम 1998, फेमा-1999 और जीएसटी कानून के प्रावधान ऑनलाइन गेमिंग के लिए महत्वपूर्ण हैं। सरकार ने पिछले साल अप्रैल में संसद में ऑनलाइन गेमिंग रेग्युलेशन बिल पेश किया था। उसमें कौशल के गेम, फैंटेसी स्पोर्ट्स, वर्चुअल ऑनलाइन स्पोर्ट्स (वीओएस) के वर्गीकरण के साथ ऑनलाइन गेमिंग आयोग बनाने के लिए प्रावधान थे। सोशल मीडिया कंपनियों को इंटरमीडियरी यानी पोस्टमैन मानते हुए उनके लिए 2011 और फिर 2021 में आईटी नियम बनाये गये। लेकिन गेमिंग कंपनियां तो पैसे का सीधा कारोबार कर रही हैं। इसलिए उन्हें इंटरमीडियरी का दर्जा देते हुए स्व-नियमन की अनुमति देना गलत है। इन नियमों में ग्राहकों की केवाईसी, कंपनियों का भारत में रजिस्ट्रेशन, शिकायत निवारण और पुरस्कार राशि का विवरण रखने जैसे अच्छे प्रावधान हैं। लेकिन अवैध गेमों के संचालकों के ऊपर दंड और जुर्माने का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने से इस महामारी पर रोक मुश्किल है। डिजिटल मीडिया, ओटीटी और टीवी चैनलों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी का विज्ञापन रोकने के लिए केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कई अडवाइजरी जारी की हैं। इसमें ऑफशोर बेटिंग प्लैटफॉर्म्स और सरोगेट विज्ञापनों पर रोक लगाने की बात की गई। गेमिंग संकट से निपटने के लिए उपभोक्ता कल्याण, सूचना प्रसारण, आईटी, गृह, वित्त, खेल, महिला एवं बाल विकास जैसे मंत्रालय जुटे हुए हैं।

**राज्यों के अलग नियम :** दिलचस्प है कि राज्य सरकारें भी इस खतरे को महसूस करते हुए इसे नियमित करने की अपने स्तर पर कोशिश कर रही हैं। संविधान की सातवीं अनुसूची की एंट्री 34 और 62 के तहत राज्यों को सट्टेबाजी और गैंबलिंग पर कानून बनाने और टैक्स वसूलने का अधिकार है। कई राज्यों ने अपने यहां इससे संबंधित कानूनी प्रावधान किये हैं।

तेलंगाना के 2017 के कानून के अनुसार, यूजर को तीन महीने की जेल के साथ 5000 हजार रुपये का जुर्माना लग सकता है। गैर-कानूनी विज्ञापन के लिए एक साल की कैद और 5 लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। गेम खिलवाने वाले के लिए तीन साल की कैद और 10 लाख रुपये का जुर्माने का प्रावधान है। कनार्टक ने कौशल और चांस के गेम के साथ लॉटरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए कनार्टक पुलिस संशोधन कानून 2021 बनाया था। इसे संविधान के अनुच्छेद-19 और 21 के विपरीत मानते हुए हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया। मध्य प्रदेश सरकार के पब्लिक गैंबलिंग एक्ट में बदलाव के प्रस्ताव के अनुसार खेलने पर 6 महीने और गेम खिलाने वालों के खिलाफ 2 साल की सजा का प्रावधान है। दूसरी और तीसरी बार पकड़े जाने पर सजा और जुर्माने को बढ़ाने का प्रावधान है। तमिलनाडु सरकार ने इसे रोकने के लिए गेमिंग एंड पुलिस लॉ अमेंडमेंट कानून बनाया था। इसे संविधान के अनुच्छेद-19 (1) (जी) यानी अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ मानते हुए हाईकोर्ट ने अगस्त 2021 में निरस्त कर दिया। उसके बाद सरकार ने हाईकोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में बनाई समिति की रिपोर्ट के अनुसार नये कानून के लिए अक्टूबर 2022 में अध्यादेश जारी किया।

**सरकार ने पिछले साल अप्रैल में संसद में ऑनलाइन गेमिंग रेग्युलेशन बिल पेश किया था। उसमें कौशल के गेम, फैंटेसी स्पोर्ट्स, वर्चुअल ऑनलाइन स्पोर्ट्स (वीओएस) के वर्गीकरण के साथ ऑनलाइन गेमिंग आयोग बनाने के लिए प्रावधान थे। सोशल मीडिया कंपनियों को इंटरमीडियरी यानी पोस्टमैन मानते हुए उनके लिए 2011 और फिर 2021 में आईटी नियम बनाये गये।**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13** । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।



# ट्राई करें सफेद साड़ियों के खूबसूरत डिजाइन

सफेद रंग हमेशा ही ट्रेंड में रहा है किसी भी फंक्शन में सफेद आउटफिट से आपको सबसे अलग और ग्लैमरस लुक मिलता है। यदि आप भी फंक्शन में सबसे अट्रेक्टिव लुक चाहती हैं तो सफेद साड़ियों की इन ट्रेंडी डिजाइंस को आजमा सकती हैं। सफेद सबसे अट्रेक्टिव कलर है यह आपको गॉर्जियस लुक देता है किसी भी फंक्शन में यह सफेद ट्रेंडी साड़ियां आपकी ब्यूटी में चार चाँद लगा देंगी।

इस नए साल में व्हाइट कलर ट्रेंड में है, व्हाइट कलर फंक्शन में सबसे अलग और एलिगेंट लुक के लिए जाना जाता है। सफेद रंग जितना सोबर होता है उतना ही ग्लैमरस भी।

## थ्रेड एम्ब्रॉयडरी वर्क की सफेद साड़ी

भेड़िया फिल्म की प्रमोशन के लिए कृति सैनन ने व्हाइट साड़ी कैरी की थी, इसमें व्हाइट थ्रेड की खूबसूरत इम्ब्रॉयडरी से इसकी खूबसूरती और बढ़ गयी साथ ही इसमें रफेल का यूज किया गया है। कृति ने इस साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया था जिससे वह और भी हॉट और प्रीटी दिख रही थी। आप अपनी पसंद के हिसाब से फुल स्लीव्स या स्लीवलेस ब्लाउज ट्राई कर सकती हैं आजकल ब्लाउज में भी रफेल का यूज किया जाने लगा है तो आप भी ब्लाउज डिजाइंस में रफेल के न्यू फैशन ट्रेंड को आजमा सकती हैं।

## चिकनकारी वर्क की सफेद साड़ी

रकुल प्रीत ने अवार्ड नाईट के लिए सफेद साड़ी कैरी की थी जिस पर चिकनकारी का वर्क किया गया था जिसमें रकुल बेहद सुन्दर और ग्रेसफुल लग रही थी। आप भी किसी फंक्शन के लिए चिकनकारी की व्हाइट साड़ी ट्राई कर सकती हैं और सेंटर ऑफ अट्रेक्शन बन सकती हैं। इसके साथ रकुल ने फुल स्लीव्स ब्लाउज कैरी किया था, आप चाहें तो हाफ स्लीव्स या स्लीवलेस ब्लाउज ट्राई कर सकती हैं।

## सफेद साड़ी रफेल के साथ

कांस फिल्म फेस्टिवल के दौरान दीपिका के दिलकश अंदाज को भला कौन इग्नोर कर सकता है। दीपिका ने कांस में व्हाइट साड़ी कैरी की थी जिसे रफेल से सजाया गया था। इसके साथ उन्होंने व्हाइट पर्ल नेकलेस कैरी किया था दीपिका के इस रॉयल लुक की चर्चा कांस फिल्म महोत्सव के दौरान जमकर हुई।

## ट्रांसपेरेंट सफेद साड़ी

अगर आप पार्टी में कुछ ज्यादा हॉट और गॉर्जियस लुक चाहती हैं तो मलाइका अरोरा की व्हाइट ट्रांसपेरेंट साड़ी लुक को भी ट्राई कर सकती हैं। मलाइका ने यह साड़ी एक पार्टी के दौरान कैरी की थी जिससे उनके फैंस के होश उड़ गए थे। आप भी पार्टी में एक्स्ट्रा हॉट लुक से सबका ध्यान अपनी और खींच सकती हैं।

## व्हाइट रफेल साड़ी विथ फुल स्लीव्स ब्लाउज

टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री हिना खान का व्हाइट रफेल साड़ी वाला लुक तो आपको याद ही होगा। संदीप खोसला की इस साड़ी में हिना गजब की खूबसूरत लग रहीं थी। इस व्हाइट रफेल साड़ी के साथ उन्होंने फुल स्लीव्स ब्लाउज कैरी किया था। आप इस लुक को न्यूड मेकअप के साथ ट्राई कर सकती हैं।

❖ सूर्या मिश्रा



# कितनी होनी चाहिए एक से 15 साल के बच्चे की हाइट व वजन?

यदि बच्चे की उम्र के अनुसार, उसका वजन और हाइट है तो इसका अर्थ है कि बच्चा एकदम स्वस्थ है और उसकी डाइट भी अच्छी है। बच्चे को पौष्टिक आहार मिल रहा है, खासकर बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए पौष्टिक आहार बहुत ही जरुरी होता है। अगर बच्चा ही हाइट अच्छी नहीं है तो इसका अर्थ यह भी है कि बच्चा फास्ट फूड और जंक फूड भी काफी खाता है इससे उसकी हाइट और वजन दोनों चीजें प्रभावित होती हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, पोषक तत्व बच्चों की लंबाई और वजन बढ़ाने में बहुत ही मददगार होते हैं।

## जांचते रहें बच्चों की हाइट व डाइट

एक्सपर्ट्स की अनुसार, माता-पिता के लिए यह जरुरी है कि आप उनकी हाइट और वजन बीच-बीच में जांचते रहें। घर पर ही आप बच्चे की हाइट और वजन नाप सकते हैं। यदि बच्चे की हाइट उम्र के मुताबिक न हो तो इसका अर्थ है कि उसके शरीर में पोषक तत्वों की कमी है।

## कितनी होनी चाहिए हाइट और वजन?

1 साल के बच्चे का 9.2 किलो वजन, 29.2 इंच हाइट, 2 साल के बच्चे का 12 किलो वजन, 33.5 इंच हाइट, 3 साल के बच्चे का 14.2 किलो वजन, 37 इंच हाइट, 4 साल के बच्चे का 15.4 किलो वजन, 39.5 इंच हाइट, 5 साल के बच्चे का 17.9 किलो वजन और 42.5 इंच हाइट, 6 साल के बच्चे का 19.9 किलो वजन, 45.5 इंच हाइट, 7 साल के बच्चे का 22.4 किलो वजन और 47.7 इंच हाइट, 8 साल के बच्चे का 25.8 किलो वजन और 50.5 इंच हाइट, 9 साल के बच्चे की 28.1 किलो वजन और 52.5 इंच हाइट, 10 साल के बच्चे का 31.9 किलो वजन और 54.5 इंच हाइट, 11 साल के बच्चे का 36.9 किलो वजन और 56.7 इंच हाइट, 12 साल के बच्चे का 41.5 किलो वजन और 59.0 इंच हाइट, 13 साल के बच्चे का 45.8 किलो वजन और 61.7 इंच हाइट, 14 साल से ज्यादा बच्चों के लिए 47.6 किलो वजन और 62.5 इंच हाइट, 15 साल से ज्यादा बच्चों के लिए 53.5 किलो वजन और 64.0 इंच हाइट होनी चाहिए।

## इस कारण छोटी रहती है हाइट

एक्सपर्ट्स के अनुसार, उम्र के अनुसार ही बच्चे की हाइट और डाइट का बढ़ना जरुरी होता है। अच्छी डाइट न मिल पाने के कारण बच्चे की हाइट रुक जाती है। यदि बच्चे को शुरूआत में मिनरल, प्रोटीन, विटामिन्स और फाइबर युक्त भोजन मिलेगा तो उनके शरीर में पोषक तत्वों की कमी नहीं होगी। इन फूड्स का सेवन करके आप बच्चे की हाइट बढ़ा सकते हैं।

**दूध :** आप बच्चे को नियमित दूध दे सकते हैं। इससे बच्चों की हड्डियां मजबूत बनती है। बच्चे बचपन में काफी गिरते हैं जिसके कारण उनकी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं और टूट भी सकती हैं। ऐसे में आप उन्हें कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में दें। दूध का सेवन करने से बच्चों को कैल्शियम मिलता है।

**फल :** फल भी आप बच्चे को खाने में दे सकते हैं। ब्रेकफास्ट और शाम को आप उन्हें फल खिला सकते हैं। इसके अलावा आप फलों का फ्रेश जूस भी बच्चों दे सकते हैं। इनमें पाया जाने वाला विटामिन, प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम बच्चों की बॉडी ग्रोथ में बहुत ही मदद करता है। फलों का सेवन करने से बच्चों की हाइट बढ़ती है।

**हरी सब्जियां :** आप बच्चे को हरी सब्जियां दे सकते हैं। शरीर के विकास के लिए यह बहुत ही फायदेमंद मानी जाती हैं। इससे बच्चे के शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। छोटी उम्र में ही आप बच्चों को फल और सब्जियां खाने को दे सकते हैं।

**चिकन और मीट खिलाएं :** एक्सपर्ट्स के अनुसार, ज्यादा उम्र के बच्चों को आप हफ्ते में चिकन और मीट जरुर खिलाएं। इसमें प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो शरीर को भरपूर एनर्जी देने में मदद करता है। इसका सेवन करने से बच्चों की लंबाई भी बढ़ती है।

**अंडा :** आप बच्चे को अंडा भी जरुर खिलाएं इसमें प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो बच्चे के मानसिक और शारीरिक विकास में मदद करता है। शोध के अनुसार, यदि आप 6 महीने तक बच्चे को ब्रेकफास्ट में अंडा देते हैं तो इससे उनकी हाइट बढ़ेगी। यदि आपके बच्चे का वजन कम है तो आप उन्हें रोजाना 4 अंडे जरुर खिलाएं।

**दाल :** दालों में कई प्रोटीन और मिनरल्स मौजूद होते हैं जो बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास करने में मदद करते हैं। 6 महीने के बच्चे के आप दाल का सूप या दाल का पानी दे सकते हैं यह उनके लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके अलावा 2 साल के बच्चे को आप दाल की खिचड़ी दे सकते हैं। 3 साल से ज्यादा उम्र के बच्चों को आप लंच में चावल के साथ दाल दे सकते हैं।



## स्किन केयर में तुलसी के फायदे

- तुलसी त्वचा को साधारण एलर्जी से छुटकारा दिलाने में सहायक है।
- तुलसी के प्रयोग से डैमेज स्किन हील होती है।
- तुलसी अच्छा स्किन क्लींजर है।
- तुलसी कील-मुहांसो से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

# तुलसी की पत्तियों से त्वचा बनेगी ग्लोइंग और हेल्दी

हिन्दू धर्म में तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक है, तुलसी गुणों का भण्डार है इसमें एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। आयुर्वेद में बहुत से रोगों के उपचार में तुलसी का प्रयोग लाभकारी बताया गया है। तुलसी शरीर की बीमारियों को दूर करने के साथ ही त्वचा की चमक बढ़ाने और दाग-धब्बे दूर करने में भी सहायक है। तुलसी का महत्व जितना धार्मिक रूप से है उतना ही रोगों के निदान के लिए भी तुलसी उपयोगी है। छोटी-मोटी संक्रामक बीमारियों के लिए तुलसी किसी वरदान से कम नहीं है। स्किन इन्फेक्शन में भी तुलसी बहुत असरदार हैं, यह त्वचा की बहुत सी परेशानियां जैसे, मुहांसो के दाग, डेड स्किन और स्किन ग्लो बढ़ाने में सहायक है।

## ग्लोइंग स्किन के लिए तुलसी

स्किन को चमकदार बनाने के लिए आप तुलसी का पेस्ट प्रयोग कर सकते हैं, इसको बनाने के लिए आप तुलसी की कुछ ताजा पत्तियों को पीसकर इनका पेस्ट बनायें। पेस्ट में पिसा हुआ ओट्स मिक्स करें, अब इसमें आधा टी स्पून शहद और एक चुटकी हल्दी पाउडर मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और मसाज करें कुछ देर मसाज करने के बाद 15 मिनट के लिए लगा रहने दें, 15 मिनट के बाद फेसवॉश करें। सप्ताह में दो से तीन बार इसका प्रयोग ग्लोइंग और हेल्दी स्किन बनाएं रखने में फायदेमंद है।

## पिंपल्स और एक्ने के लिए तुलसी

मुंहासे और एक्ने की समस्या के लिए आप कुछ तुलसी की पत्तियां और चार से पांच नीम की ताजा पत्तियां लें और उनको पीसकर पेस्ट बना लें। पेस्ट में आधा चम्मच शहद मिक्स करें, इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें, 15 मिनट तक लगा रहने दें, 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें। इस पैक के नियमित प्रयोग से एक्ने और मुहांसो की समस्या कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी।

## हेल्दी स्किन के लिए तुलसी टोनर

बेजान और डेड स्किन की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए तुलसी टोनर बहुत फायदेमंद है। तुलसी टोनर बनाने के लिए आप तुलसी की ताजा पत्तियां धोकर साफ कर लें अब इनको साफ पानी में डालकर उबालें, दस मिनट तक उबालने के बाद तुलसी के पानी को ठंडा करें, ठंडा होने के बाद इसको छानकर किसी स्प्रे बॉटल में स्टोर कर लें। इसका इस्तेमाल फेसवॉश करने के बाद करें, तुलसी टोनर के नियमित इस्तेमाल से आप का स्किन ग्लो बढ़ेगा और डेड स्किन की समस्या दूर होगी।

## स्किन क्लींजर तुलसी पैक

स्किन पोर्स में जमा गंदगी को साफ करने के लिए तुलसी की पत्तियों को गुलाबजल मिक्स करके पीस लें, अब इसमें आधा चम्मच चन्दन पाउडर, आधा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर और एक चम्मच गुलाब जल को मिक्स करें। इस पेस्ट को चेहरे पर अप्लाई करें 15 मिनट तक लगा रहने दें। 15 मिनट बाद चेहरे को साफ कर लें, यह पेस्ट आपकी स्किन पोर्स को क्लीन करके ओपन पोर्स की प्रॉब्लम को दूर करता है।

# इन तरीकों को अपनाकर आप अपने सफेद बालों को कर सकते हैं काला

नारियल तेल और नींबू का रस एक साथ मिलाने से बालों को काला करने में मदद मिल सकती है। इन दोनों के संयोजन से एक रासायनिक प्रतिक्रिया होती है जो बालों को प्राकृतिक रूप से काला कर देती है। इसलिए आप नारियल तेल में नींबू का रस मिक्स करके इससे बालों व स्कैल्प की मसाज करें। आज के दौर में समय से पहले बालों का सफेद हो जाना एक आम समस्या है। अत्यधिक तनाव, चिंता, गलत खानपान, केमिकल्स का बालों पर उपयोग, सन एक्सपोजर और प्रदूषण ऐसे कई कारण है जो बालों के सफेद होने की वजह बनते हैं। आमतौर पर बालों के सफेद होने पर लोग डाई या मेहंदी आदि का इस्तेमाल करके उसे काला करने की कोशिश करते हैं। लेकिन बालों को काला करने का यह तरीका टेंपरेरी है और कुछ दिन बाद ही बाल फिर से सफेद नजर आने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसे तरीके अपनाएं, जिससे आपके बाल फिर से काले नजर आने लग जाएं।



## करी पत्ते का करें इस्तेमाल

करी पत्ता बालों के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। यह ना सिर्फ आपके बालों को फिर से काला बनाने में मदद करेगा, बल्कि इसकी ग्रोथ को भी बेहतर बनाएगा। इसके इस्तेमाल के लिए आप करी पत्ते का एक गुच्छा लें और उन्हें 2 टीस्पून आंवला पाउडर और 2 टीस्पून ब्राह्मी पाउडर के साथ पीस लें। इसे बालों पर हेयर मास्क की तरह लगाएं, जिससे जड़ों को कवर किया जा सके। एक घंटे के लिए छोड़ दें और एक लाइट हर्बल शैम्पू के साथ बालों को वॉश करें।

## नारियल का तेल

नारियल तेल और नींबू का रस एक साथ मिलाने से बालों को काला करने में मदद मिल सकती है। इन दोनों के संयोजन से एक रासायनिक प्रतिक्रिया होती है जो बालों को प्राकृतिक रूप से काला कर देती है। इसलिए आप नारियल तेल में नींबू का रस मिक्स करके इससे बालों व स्कैल्प की मसाज करें। वैसे अगर आप चाहें तो नींबू के रस में नारियल के तेल की जगह बादाम का तेल मिक्स करके भी लगा सकती हैं।

## ब्लैक टी आएगा काम

एक कप पानी में 2 टेबलस्पून ब्लैक टी और एक टीस्पून नमक डालकर उबालें और इस पानी को ठंडा होने दें। जब यह ठंडा हो जाए तो इसे छानकर धुले हुए बालों पर इसे डालें और सूखने दें। नियमित रूप से इस नुस्खे को आजमाएं। ब्लैक टी में कैफीन होता है जो एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। बालों में प्राकृतिक रूप से गहरा रंग मिलाते हुए, बालों के विकास को उत्तेजित करता है और इसे चमक प्रदान करता है। इससे ना सिर्फ आपके बाल नेचुरली काले होंगे, बल्कि इससे उनमें एक चमक भी आएगी।

## प्याज का रस

2-3 चम्मच प्याज का रस, 1 चम्मच नींबू का रस और 1 चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। इस मिश्रण से स्कैल्प और बालों में मालिश करें और आधे घंटे के बाद धो लें। यह उपाय ना सिर्फ सफेद बालों से छुटकारा दिलाता है, बल्कि प्याज बालों के विकास को भी बढ़ावा देता है। यह एंजाइम, कैटलाज को बढ़ाता है, इस प्रकार बालों को काला करता है। जब नींबू के रस के साथ जोड़ा जाता है, तो यह बालों को चमक और बाउंस देता है।

❖ मिताली जैन

# सरसों के तेल से करें शिशु की मालिश

माता-पिता अपने बच्चे के लिए हर चीज अच्छी चाहते हैं। खासकर शिशु के स्वास्थ्य को लेकर पेरेंट्स ज्यादा अलर्ट रहते हैं। नवजात शिशु स्वास्थ्य की हैल्थ के लिए मालिश बहुत ही आवश्यक होती है एक्सपर्ट्स भी दिन में 2-3 बार शिशु की मालिश करने की सलाह देते हैं। लेकिन बच्चे की किस तेल के साथ मालिश की जाए इस चीज को लेकर न्यू मॉम अक्सर कंफ्यूज हो जाती हैं। सरसों का तेल बच्चे के लिए फायदेमंद है या नहीं आज आपको इसके बारे में बताएंगे।



## क्या सरसों के तेल से बच्चे की मालिश करना फायदेमंद है?

एक्सपर्ट्स के अनुसार, सरसों का तेल बच्चों के लिए फायदेमंद होता है इसमें 60% मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड मौजूद होता है जो हर किसी बच्चे को सूट कर जाता है।

## तेल से मालिश करने के फायदे

## शिशु के शरीर को मिलेगी गर्माहट

सर्दियों के मौसम में शिशु को सर्दी से बचाने के लिए आप सरसों के तेल से शिशु की मालिश कर सकते हैं। सरसों के तेल में लहसुन पकाकर आप छोटे बच्चों की मालिश कर सकते हैं। इससे बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होगी।

## ब्लड सकुर्लेशन रहेगा ठीक

सरसों के तेल से मालिश करने से शिशु के शरीर का ब्लड सकुर्लेशन भी ठीक रहेगा इसके अलावा सरसों के तेल में पाए जाने वाले पोषक तत्व शिशु की हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

## स्किन इंफेक्शन दूर

सरसों के तेल में एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। एंटीबैक्टीरियल गुण शिशु को किसी भी तरह की स्किन इंफेक्शन से राहत दिलवाने में मदद करते हैं।

## शिशु को कीड़े-मकौड़े से रखेगा ठीक

शिशु की त्वचा बहुत ही कोमल होती है ऐसे में उन्हें मच्छर और कीड़े काट सकते हैं। यदि आप शिशु को मच्छरों से बचाना चाहते हैं तो सरसों के तेल से शिशु की मालिश कर सकते हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** बातचीत में संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**वृष राशि :** धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**मिथुन राशि :** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने के प्रयास करें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। पिता का साथ मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कर्क राशि :** धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार का साथ रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। धर्म के प्रति रुचि बढ़ सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह राशि :** आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। वाहन सुख मिलेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें।

**तुला राशि :** मन परेशान हो सकता है। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। किसी मित्र से आर्थिक सहयोग मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि :** बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें।

**धनु राशि :** किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों से सम्बन्ध ठीक रखें। स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**मकर राशि :** कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बहन-भाइयों के सहयोग से कारोबार में कुछ सुधार हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि :** कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर भी जा सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मीन राशि :** किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी। शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# भारत के राष्ट्रदूत हैं प्रवासी भारतीय : प्रधानमंत्री मोदी

### इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन में बोले प्रधानमंत्री

**एजेंसी। इंदौर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्व भर में फैले प्रवासी भारतीय समुदाय को भारत के 'राष्ट्रदूत' की संज्ञा देते हुए कहा कि जी-20 सम्मेलन की मेजबानी भारत के लिए एक अवसर की तरह है और प्रवासी भारतीय समुदाय भी इसे दुनिया को भारत के बारे में जानकारी देने के एक मौके के तौर पर ही देखें। मोदी यहां आयोजित 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के औपचारिक उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत कई अन्य गणमान्य लोग और बडी संख्या में प्रवासी भारतीय उपस्थित थे। मोदी ने कहा कि सभी प्रवासी भारतीय विदेशी धरती पर भारत के राष्ट्रदूत हैं। सरकारी



व्यवस्था में राजदूत होते हैं, लेकिन भारत की महान विरासत में राष्ट्रदूत हुआ करते हैं। सभी प्रवासी भारतीय मेक इन इंडिया, योग, हस्तशिल्प और अब मिलेट्स के भी राष्ट्रदूत हैं। इसी क्रम में उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय से आग्रह किया कि वे लोग अपने साथ कुछ मिलेट्स उत्पाद अवश्य लेकर जाएं। मोदी ने कहा कि भारत की अभूतपूर्व विकास गति को पूरी दुनिया गौर से देख रही है। आने वाले दिनों में ये गति और बढ़ेगी। दुनिया में भारत के प्रति जिज्ञासा के इस दौर में प्रवासी भारतीयों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

### भारत के बारे में तथ्यों के साथ पूरी दुनिया को जानकारी दे सकते हैं प्रवासी भारतीय

प्रवासी भारतीय भारत के बारे में तथ्यों के साथ जानकारी पूरी दुनिया को दे सकते हैं। उन्होंने जी-20 सम्मेलन का भी उल्लेख किया। कहा कि दुनिया भर के प्रतिनिधिमंडल इस साल भारत आएंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों को प्रवासी भारतीय भारत के बारे में पहले से ही जानकारी दे सकते हैं और इनके भारत से वापस लौटने के बाद प्रवासी भारतीय उन्हें अपने घर बुला कर उनसे यहां के अनुभवों के बारे में जानकारी ले सकते हैं।

इससे दोनों देशों के बीच बंधन और मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री ने युवा प्रवासी भारतीयों का भी आह्वान करते हुए कहा कि युवा अपने पूर्वजों के देश के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे भारत में आयोजित पर्वों, मेलों और आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों में आ सकते हैं। कुछ भारतीय कई देशों में सदियों से बसे हैं और उनका उस देश के निर्माण में अहम योगदान है। ऐसे लोगों के जीवन, संघर्ष और उनके योगदान का दस्तावेजीकरण किया जा सकता है। समारोह में उपस्थित गुयाना और सूरीनाम के राष्ट्राध्यक्षों का आभार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके सभी सुझावों पर भारत खरा उतरेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। हमने सदियों पहले वैश्विक व्यापार की असाधारण परंपरा शुरू की थी। हम असीम लगने वाले समंदरों के पार गए। अलग-अलग देशों, अलग-अलग सभ्यताओं के बीच व्यावसायिक संबंध कैसे साझी समृद्धि के रास्ते खोल सकती है, भारत ने करके दिखाया। दुनिया के किसी एक देश में जब भारत के अलग-अलग प्रान्तों और अलग-अलग क्षेत्रों के लोग मिलते हैं तो एक भारत, श्रेष्ठ भारत का सुखद अहसास होता है।

## एक और विधायक ने खोला नीतीश के खिलाफ मोर्चा

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में बयानों को लेकर राजद विधायक सुधाकर सिंह का मामला अभी ठंढाया भी नहीं कि पार्टी एक और विधायक ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। दिनारा के राजद विधायक विजय कुमार मंडल ने सोमवार को कहा है कि बिहार का जितना विकास होना चाहिए था वह नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि समाधान यात्रा के दौरान अगर नीतीश किसानों की समस्या का समाधान कर देते हैं तो वे बधाई के पात्र होंगे। बिहार विधानसभा परिसर में मौजूद पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा से बातचीत के दौरान राजद विधायक ने कहा कि बिहार की सत्ता निरंकुश हो गई है और जन कल्याण के लिए समय-समय पर सत्ता बदलती रहनी चाहिए। उन्होंने जीवेश मिश्रा से कहा कि बिहार की बदहाली के लिए आपलोग भी जिम्मेवार हैं, क्योंकि नीतीश कुमार को 17 वर्षों तक पालकर रखा। विजय कुमार मंडल ने कहा कि बिहार में सड़कों का विकास हो या बिजली की आपूर्ति, सब यूपीए सरकार की देन है और आज नीतीश कुमार यूपीए सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि अपने नाम कर रहे हैं।

## सीएम नीतीश की समाधान यात्रा व्यर्थ : नेता प्रतिपक्ष

### शराब कांड के पीड़ितों को मिले मुआवजा

**नवीन मेल नेटवर्क। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने समाधान यात्रा के क्रम में सोमवार को सारण जिले का भ्रमण कर सरकारी काम-काज का जायजा लिया। उधर, नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने नीतीश कुमार के सारण दौरे पर तंज कसा है। विजय सिन्हा ने हाल ही मे सारण में जहरीली शराब से हुई लोगों की मौत की याद दिलाते हुए कहा कि जब तक शराब कांड के पीड़ितों को मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक नीतीश की समाधान यात्रा व्यर्थ है। उन्होंने कहा कि लाशों की ढेर पर बिहार का पुलिस महकमा अरबपति बन गया है।

मुख्यमंत्री को इसकी समीक्षा कर समाधान करना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पूछा है कि सारण में जहरीली शराब से हुई सैकड़ों मौतों का सौदागर कौन है? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज उस धरती पर गए, जहां जहरीली शराब से सैकड़ों घर उजड़ गए हैं। अभी भी बहुत से लोगों का इलाज अस्पतालों में चल रहा है। पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के बजाए राज्य के मुख्यमंत्री कहते हैं



कि जो पिएगा वो मरेगा, सरकार संवेदनहीनता की सारी हदों को पार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इसकी समीक्षा कर समाधान करना चाहिए। संगीनों के साए में जनता से यह कैसा संवाद? शराब कांड से हुए अनाथ और विधवाओं की चित्कार सरकार नहीं सुन रही है। इस कांड से हुए अनाथ बच्चों और विधवाओं को सरकार मुआवजा दे और सरकारी नौकरी में प्राथमिकता दे। आज छपरा में 100 से ज्यादा पीड़ित परिवार बैठा हुआ है, अगर आप वाकई में समाधान यात्रा पर निकले हैं, तो उन परिवारों को समस्या को दूर करिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार समाधान नहीं बल्कि विकास और शांति में व्यवधान पैदा कर रहे हैं। अगर समस्या का समाधान करना है तो मुख्यमंत्री को लोगों के दर्द को सुनना होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट जोशी मठ पर आज करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन धंसने से प्रभावित सैंकड़ों परिवारों को वित्तीय मदद और मुआवजा सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को विशेष उल्लेख के दौरान कहा कि वह जोशीमठ से संबंधित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

### फरवरी में बेंगलुरु में होगा एयरो इंडिया शो

**नयी दिल्ली।** एयरो इंडिया शो-2023 का आयोजन बेंगलुरु में 13 से 17 फरवरी तक होगा। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह ऐलान किया। मंत्रालय ने कहा कि यह एयरो इंडिया का 14वां शो है। उम्मीद है कि यह नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसमें बड़ी संख्या में मित्र देशों के प्रतिनिधि व सहभागी शामिल होंगे। एयर शो में वैश्विक स्तर की रक्षा कंपनियां अपने रक्षा उपकरणों का प्रदर्शन करती हैं।

### हाईवा की चपेट में आने से तीन की मौत

**गया।** जिले के चंदौती थाना क्षेत्र में सोमवार को हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान जिले के टिकारी थाना क्षेत्र के नेपा पंचायत के विशुनगंज गांव निवासी मोहम्मद तंजीर, मोहम्मद मिस्बाह और मोहम्मद सादिक अंसारी के रूप में की गयी है।

### पंजाब में दम घुटने से पांच बिहारी मजदूरों की मौत

**चंडीगढ़।** अंगीठी जलाकर सो रहे पांच प्रवासी (बिहार निवासी) मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। एक मजदूर की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे का शिकार सभी मजदूर बेगूसराय जिले के हैं। रविवार की रात सर्दी से बचने के लिए इन्होंने अंगीठी जला कर सो गए थे। सोमवार सुबह को काम पर नहीं आते देख लेबर ठेकेदार ने मजदूरों को जगाने के लिए कमरे का दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खोलने पर दरवाजा तोड़ा गया तो पांच मृत अवस्था में पाए गए। वहीं, एक की सांस चल रही थी।

### खेसारी लाल यादव का गाना झगड़ा 2.0 रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता खेसारी लाल यादव का गाना झगड़ा 2.0 रिलीज हो गया है। खेसारीलाल यादव का गाना झगड़ा 2.0 सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। खेसारीलाल यादव ने कहा कि यह गाना मनोरंजन से भरपूर है। झगड़ा 2.0 गाना खेसारीलाल यादव और नेहा राज ने गाया है।

### विस में स्पीच अधूरी छोड़कर चले गए राज्यपाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान जमकर हंगामा हो गया। राज्यपाल आरएन रवि ने विधानसभा में कहा कि राज्य का नाम तमिलनाडु के बजाय तमिझगम करना ज्यादा बेहतर होगा। इस पर सरकार में काबिज दल के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यपाल स्पीच बीच में छोड़कर सदन से बाहर चले गए।

## ब्राजील : चुनावी हार के बाद भड़के बोल्सोनारो समर्थक, देश में हिंसा



**एजेंसी। ब्राजीलिया**

ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने अपनी चुनावी हार को मानने से इनकार कर दिया है। बोल्सोनारो के समर्थकों ने ब्राजील की सुप्रीम कोर्ट, संसद और राष्ट्रपति भवन पर धावा बोल दिया है। समर्थक देश के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा का विरोध कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बोल्सोनारो के समर्थकों ने देश की राजधानी ब्राजीलिया की बिल्डिंगों में भी तोड़फोड़ की है।

ब्राजील की मीडिया के मुताबिक, ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने रविवार को ब्राजीलियन सेना के बनाए गए सुरक्षा घेरों को तोड़ते हुए संसद भवन, सुप्रीम कोर्ट और प्रेसिडेंट हाउस में तोड़फोड़ की। ब्राजीलिया से आ रही वीडियो में बोल्सोनारो के समर्थकों की भारी भीड़ देखा जा सकती है।

ब्राजील के राष्ट्रीय झंडे में लिपटे प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन को घेर लिया, जिसके जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। अब तक कम से कम 200 दंगाइयों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरक्षा बलों प्रदर्शनकारियों खदेड़ दिया है और संसद, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन के आसपास की स्थिति नियंत्रण में है।

### मोदी ने जतायी चिंता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राजील में बिगड़ते राजनीतिक हालात और राजधानी ब्रासीलिया में जारी हिंसा पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि सभी को लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करना चाहिए। मोदी ने कहा : ब्राजीलिया में सरकारी संस्थानों के खिलाफ दंगे और तोड़-फोड़ की खबरों से बेहद चिंतित हूं। लोकतांत्रिक परंपराओं का सभी को सम्मान करना चाहिए।

## यमन में हौती विद्रोहियों के साथ संघर्ष में 13 सैनिकों की मौत



### हौती लड़ाकों के समूहों ने तीन दिशाओं से सरकारी बलों के ठिकानों की ओर बढ़ने के बाद झड़पें हुई शुरू

### करीब आठ घंटे तक चली लड़ाई

**एजेंसी। सना**

यमन के मध्यवर्ती प्रांत मारिब में सरकारी सुरक्षा बलों और हौती विद्रोहियों के बीच भारी संघर्ष में 13 सैनिकों की मौत हो गयी है। एक सरकारी सैन्य सूत्र ने बताया कि अल-जुबाह के दक्षिणी जिले की सीमा पर शुरू हुई लड़ाई में कई सैनिक घायल भी हुए हैं। हौती लड़ाकों के समूहों ने तीन दिशाओं से सरकारी बलों के ठिकानों की ओर बढ़ने के बाद झड़पें शुरू हुईं। लड़ाई पूरी रात करीब आठ घंटे तक चली। यह एक बहुत ही घातक हमला था, जिसमें भारी मशीनगनों, रॉकेटों और तोपों का इस्तेमाल किया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बल अब तब हौती पक्ष के हताहतों का अनुमान नहीं लगा सके हैं, जबकि हौती समूह ने अभी तक संघर्ष पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## पश्चिम बंगाल में हजारों अस्थायी होमगार्डों की भर्ती का घोटाला : शुभेंदु

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य का गृह विभाग 565 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से छह महीने के लिए हजारों अस्थायी होमगार्डों की गलत तरीके से भर्ती कर रहा है। अधिकारी ने ट्वीट कर कहा : पश्चिम बंगाल गृह विभाग छह महीने के लिए हजारों अस्थायी होमगार्डों को 565 रुपये की दर से भर्ती कर रहा है। इस भर्ती अभियान की कोई सार्वजनिक घोषणा नहीं की गयी। इससे संदेह होता है कि तृणमूल कांग्रेस कैडर को पंचायत चुनाव से पहले रिश्वत के बदले पद बेचे जा रहे हैं। जब विभाग की ओर से इस पद के लिए सार्वजनिक घोषणा नहीं की गयी है तो पात्र उम्मीदवार को रिक्ति के बारे में कैसे पता चलेगा और वे पद के लिए आवेदन कैसे करेंगे? उन्हें कौन चुनेगा और इसके लिए योग्यता क्या निर्धारित की जाएगी? क्या मनमाने तरीके से लोगों को चुनकर पद दे दिए जाएंगे? यह पश्चिम बंगाल में एक नया भर्ती घोटाला है। उन्हें पूरी आशंका है कि इस घोटाले में जो भी अधिकारी शामिल है, वे देर-सबेर अवश्य ही कानूनी प्रक्रिया का सामना करेंगे।




## प्रियंका ने लॉस एंजलिस में होस्ट की छेलो शो की स्क्रीनिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने भारत की तरफ से इस साल ऑस्कर में जानेवाली आधिकारिक फिल्म छेलो शो के लिए लॉस एंजलिस में स्क्रीनिंग होस्ट की। निर्देशक पान नलिन की गुजराती फिल्म छेलो शो वर्ष 2023 के लिए भारत की तरफ से दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो ऑस्कर में आधिकारिक तौर पर भेजी गई है। यह फिल्म बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म केटेगरी में शॉर्टलिस्ट भी हो चुकी है। अब छेलो शो को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खुशी जताई है। प्रियंका ने छेलो शो के लिए एक खास स्क्रीनिंग होस्ट की। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्क्रीनिंग की कुछ तस्वीरें शेयर की है। इनमें वह छेलो शो के प्रोड्यूसर डेविड दुबिंस्की और फिल्म की बाकी टीम के साथ पार्टी करते हुए नजर आ रही हैं। प्रियंका ने अपने लॉस एंजिलस स्थित घर पर हुए इस स्क्रीनिंग की तस्वीरें शेयर करते हुए छेलो शो को लेकर खुशी जताई और फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि वह कम से कम उस इंडस्ट्री को सपोर्ट तो कर सकती हैं, जिसने उन्हें अपने काम के बारे में वह सब सिखाया।

**सराहनीय** तीन पीढ़ियों से हिंदी के विकास में जुटा है जौनपुर का एक परिवार

# अपने लेखन से हिंदी को दे रहे नए आयाम

**एजेंसी। जौनपुर**

पूर्वी उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में एक परिवार की तीन पीढ़ियां हिंदी भाषा के विकास में निरंतर जुटी हुई हैं। जिले में मछलीशहर तहसील के बरसठी ब्लॉक अंतर्गत सरावां गांव निवासी एवं सम्प्रति वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव अपने पिता राम शिव मूर्ति यादव,पत्नी आकांक्षा यादव और पुत्रियों अक्षिता और अपूर्वा के साथ हिन्दी हिंदी की अभिवृद्धि के लिए न सिर्फ प्रयासरत हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर कई बार सम्मान भी ग्रहण कर चुके हैं। परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ मिल कर हिंदी को अपने लेखन से लगातार नए आयाम दे



रही हैं। देश-दुनिया की तमाम पत्रिकाओं में प्रकाशन के साथ कृष्ण कुमार यादव की सात और पत्नी आकांक्षा की तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

हिंदी ब्लॉगिंग के क्षेत्र में इस परिवार का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अग्रणी है। दशक के श्रेष्ठ ब्लॉगर दम्पति सम्मान से विभूषित यादव दम्पति को नेपाल, भूटान और श्रीलंका में आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ब्लॉगर सम्मेलन' में परिकल्पना ब्लॉगिंग सार्क शिखर सम्मान सहित अन्य सम्मानों से नवाजा जा चुका है। जर्मनी के बॉन शहर में ग्लोबल मीडिया फोरम (2015) के दौरान 'पीपुल्स चॉइस अवॉर्ड' श्रेणी में आकांक्षा यादव के ब्लॉग 'शब्द-शिखर' को हिंदी के सबसे लोकप्रिय ब्लॉग के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है।

### अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के बावजूद हिंदी में हैं सृजनरत

**सनबीम** स्कूल, वरुणा, वाराणसी में अध्ययनरत इनकी दोनों बेटियां अक्षिता (पाखी) और अपूर्वा भी इसी राह पर चलते हुए अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई के बावजूद हिंदी में सृजनरत हैं। अपने ब्लॉग 'पाखी की दुनिया' के लिए अक्षिता को भारत सरकार द्वारा सबसे कम उम्र में 'राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है, वहीं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ब्लॉगर सम्मेलन, श्रीलंका (2015) में भी अक्षिता को परिकल्पना कनिष्ठ सार्क ब्लॉगर सम्मान से सम्मानित किया गया। अपूर्वा ने भी कोरोना महामारी के दौर में अपनी कविताओं से लोगों को सचेत किया। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव का कहना है कि सृजन एवं अभिव्यक्ति की दृष्टि से हिंदी दुनिया की अग्रणी भाषाओं में से एक है। डिजिटल क्रान्ति के इस युग में हिन्दी में विश्व भाषा बनने की क्षमता है। वहीं, आकांक्षा यादव का मानना है कि हिन्दी भाषा भारतीय संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम होने के साथ-साथ भारत की भावनात्मक एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है।

**NEWS इन ब्रीफ**

### जस्टिस सीसी की टीम ने सीसीएल को 4 विकेट से हराया

**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में गोल चक्कर मैदान में चल रहे सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट लीग के तहत सोमवार को जस्टिस सीसी की टीम ने सीसीएल को 4 विकेट से पराजित किया। सीसीएल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.2 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें अजय ने 42 प्रकाश ने 39 और गुलशन ने 15 रनों का योगदान दिया। अभिषेक को 3 रंजन और प्रभजोत को दो-दो विकेट मिले। जवाबी पारी में जस्टिस सीसी की टीम ने 27.4 ओवर में छह विकेट पर 154 रन बनाकर मैच स्कोर जीत लिया जिसमें रणधीर ने 46 नाबाद जयंत ने 33 और रितेश ने 19 रनों का योगदान किया प्रकाश और मोबिन को दो-दो विकेट मिले।

## उपायुक्त ने भू-अर्जन संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की

# पुरानी व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था लागू करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सोमवार को समाहरणालय रांची कार्यालय कक्ष में भू-अर्जन संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में अपर समाहर्ता राजेश कुमार एवं भूमि सुधार उप-समाहर्ता रांची राजीव सिंह एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अंजना दास और प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री विजय कुमार, एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव और अंचल अधिकारी ओरमांझी एवं इससे संबंधित अधिकारी मौजूद थे। इस समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री सिन्हा ने सिरम टोली चौक से राजेन्द्र (चौक तक 1.60 किमी) एलिवेटेड कॉरिडोर पथ निर्माण परियोजना (कुल रकबा 2.302 एकड़) की समीक्षा की



जिसमें उपायुक्त के निर्देश दिया जिसमें संबंधित अधिकारी द्वारा कहा गया कि दिनांक 20/01/2023 तक पंचाट एवं मूल्यांकन खतियान तैयार करते हुए धारा-37 की नोटिस निर्गत करने की बात कही। उपायुक्त सिन्हा द्वारा फ्लाई ओवर योगदा सत्यसंग से शांति नगर (कोकर से कांटाटोली) कुल रकबा 143.255 डिसमिल की जिसमें उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि संबंधित मामलें की कार्य प्रगति लाई जाए। जिसमें जो रैयत को है, उन्हें भुगतान हेतु प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया। उपायुक्त सिन्हा द्वारा नेवरी विकास विद्यालय से नामकुम तक भाया (कांटाटोली रोड फोर लेन) परियोजना (कुल रकबा-0.118 एकड़) जिसमें अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जल्दी ही इसपर कार्य प्रगति की जायेगी। उपायुक्त ने इस मामलें की समीक्षा एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ तक पथ निर्माण (कुल रकबा-3.132 एकड़) पर समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए इससे संबंधित अधिकारी को इसपर तेजी लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से कुटियातु मोड़ पथ (रिंग रोड कोचेबोंग तक) भाया-हुंडरू हेतु, चंदाघासी, मरियातु, इटे पथ निर्माण कार्य परियोजना की समीक्षा कर इसके कार्य प्रगति का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय राँची (कुल रकबा 15.82) की समीक्षा में इसके बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त श्री सिन्हा राँची रिंग रोड से झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, रांची तक पहुंच पथ परियोजना (रकबा-6.88 एकड़), अरगोड़ा से कटहल मोड़ भाया पुंदाग (लं. 5.300 कि.मी.) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना, हटिया रांची से गुजरते हुए लोधमा पिस्का के बीच लिंक लाइन की समीक्षा करते हुए इसके बारे विस्तृत जानकारी ली और इसमें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त राहुल कु0 सिन्हा द्वारा ठल्ह-23 गुमला पलमा चौड़ीकरण परियोजना राँची से रारगांव सड़क चौड़ीकरण फोर लेन ,भारतमाला रोड गोला ओरमांझी ,एलिवेटेड कॉरिडोर राजभवन से पिस्का मोड़, कांटाटोली फ्लाई ओवर की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को इसमें प्रगति लाने तथा अधिकारियों को पुरानी व्यवस्था को बदलते हुए नई व्यवस्था से कार्य करें ताकि इसमें प्रगति आये और सुचारू रूप से हो सकें।

## कवि सम्मेलन आयोजन समिति ने 100 कंबलों का किया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए जगन्नाथपुर बड़कोचा गिरजा टोली में 100 जरूरतमंदों असहाय, वृद्धजनों,के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नर की सेवा ही नारायण सेवा है। जरूरतमंदों की सेवा करना ही मानवता है। तथा गरीबों की सेवा से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं है। इस कंपकपाती ठंड में सभी को बचने एवं बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समिति का आगे भी जनसेवा के कार्य निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्धजन महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। सबों ने कंबल पाकर खुशी जाहिर करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव- पवन पोद्दार ने की तथा धन्यवाद- ज्ञापन समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने किया। इस अवसर पर- समिति के पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, अनिल अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन कुमार पोद्दार, संजय सर्राफ, मुन्नी देवी, सुमन तिर्की, लक्ष्मी बाड़ा अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**राज्य में अमन-चैन, शांति और...**

अर्पित कर अमर जवानों को नमन किया और सरना स्थल में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु जवानों से कहा कि आपने बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। अब आप कर्त्तव्य पथ पर चलने को तैयार हैं। सरकार के अभिन्न अंग के रूप में आपको अहम जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, वह आपके आत्मबल और जिम्मेदारियों तथा कार्यों के प्रति जवाबदेह बनाते हुए आनेवाले समय में चुनौतियों से निपटने में आपको सक्षम बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधि-व्यवस्था और अपराध तथा उग्रवाद नियंत्रण के क्षेत्र में आपको अहम जिम्मेदारी निभानी है। ऐसे में आप अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि राज्य में अमन-चैन, शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन-जिन प्रशिक्षण केंद्रों में मुझे जाने का मौका मिला है, वहां आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं नहीं होने की जानकारी मिली। ऐसे में सरकार ने इसे पूरी गंभीरता के साथ संज्ञान में लिया है। अगले दो वर्षों के अंदर सभी पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का व्यापक जीर्णोद्धार किया जाएगा ताकि बेहतर माहौल में बेहतर तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन हो सके।

**552 आरक्षियों ने प्राप्त किया है बुनियादी प्रशिक्षण**

झारखंड सशस्त्र पुलिस-3 (जैप) प्रशिक्षण केंद्र में इंडिया रिजर्व बटालियन-9 (आईआरबी), गिरिडीह के 512 आरक्षियों ने 215 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। इनमें 182 महिला आरक्षी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने समारोह में श्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में हवलदार प्रणेंद्र कुमार सिंह, बेस्ट कैडेट (महिला) प्रतिमा सिंह और बेस्ट कैडेट (पुरुष) रामकुमार बेदिया को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

**महिला सशक्तिकरण की कड़ी...**

इस अवसर पर विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, एडीजीपी प्रशांत सिंह, उपायुक्त धनबाद, संदीप सिंह, डीआईजी जैप, सुनील भास्कर, वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक गिरिडीह अमित रेणु, पुलिस अधीक्षक धनबाद आर रमेशन, समादेष्टा जैप-3 प्रियदर्शी आलोक और अन्य पुलिस पदाधिकारी, आईआरबी-9 के प्रशिक्षु आरक्षी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

**पालामू में मनरेगा में मनमानी...**

में 401 पशु शेड निर्माण की स्वीकृति दे दी गई । मनरेगा में मनरेगा कर्मियों द्वारा मनमानी का मामलाऔर भी गंभीर हो गया जब हिसरा बरवाडी के मुखिया पर एफ आई आर किया गया साथ ही मुखिया के वित्तीय पावर जप्त किए जाने लिए पंचायती राज विभाग को भेजा गया उधर पंचायती राज विभाग के उपनिदेशक संदीप दुबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को सिर्फ मुखिया के विरुद्ध कार्रवाई पर आपत्ति जताई । उपनिदेशक श्री दुबे ने उपायुक्त और उप विकास आयुक्त से तीन बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट मांगा है। जांच के बाद 55 योजनाओं से अधिक पशु शेड की योजना स्वीकृत करने वाले संबंधित प्रखंडों के वीडियो बीपीओ और मनरेगा कर्मियों पर गाज गिरने की संभावना प्रबल हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के जिन 13 प्रखंडों की 90 पंचायतों में 9383 पशु सेठ की योजनाएं ली गई है उसमें पाटन हैदर नगर हुसैनाबाद पिपरा नौडीहा बाजार छतरपुर पांडू चैनपुर रामगढ़ मनातू 83 लेस्लीगंज और पाकी प्रखंड शामिल है।

**बॉलीवुड के दिल में भी...**

कहा कि हमारे अच्छे कामों पर भी चर्चा होनी चाहिए। अनिल शर्मा ने भी इस पर अपना समर्थन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोप-प्रत्यारोप छोड़ें, क्योंकि काम बोलता है। हिंदी फिल्मों ने देश को जोड़ने में योगदान दिया है।

**मुंबईकरों की जुबानी कह रही अपराध मुक्त यूपी की कहानी :** अपराध मुक्त यूपी की कहानी अब मुंबई भी सुना रही है। बोनी कपूर हों या सोनू निगम, सभी ने अपनी जुबानी योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध मुक्त यूपी की कहानी सुनाई। मनोज जोशी ने कहा कि मैंने कई फिल्में यूपी के लखनऊ और वाराणसी के गंगा घाट पर की, लेकिन पुलिसवाला हो या भाई, कोई किसी भी प्रोडक्शन के पास पैसे मांगने नहीं आया। राजकुमार संतोषी ने अपनी घातक फिल्म की दास्तां भी सुनाई। बोले कि उस समय लोग यूपी में कहते थे कि कैसे आप यहां फिल्म बना लेंगे, लेकिन अब पूरा हालात बदला है। आप जो सोच लेते, उसे करते हैं, इसलिए महाराज जी के साथ पसीना हमें भी बहाना पड़ेगा।

**समाधान भी करते हैं योगी :** निर्माता-निर्देशक राहुल मित्रा ने कहा कि 2018 में रोड के दौरान उन्होंने योगी आदित्यनाथ को कुछ सुझाव दिए थे, वह सभी पूरे हुए। योगी आदित्यनाथ लोकेशन को लेकर भी संजीदा रहते हैं। वहीं, अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा कि वर्तमान के साथ भविष्य की चुनौतियों को ढालना शुरू करें तो परिणाम बेहतर होंगे। सीएम ने कहा कि इस क्षेत्र में हमारा अनुभव नहीं है। उनकी चुनौतियों और समाधान का मार्ग भी आपको ही दिखाना है। यानी सबका साथ, सबका सुझाव ही सबके विकास का रास्ता खोलेगा।

**योगी के विकास पर भी बॉलीवुड की मुहर**

योगी के विकास पर अब सिर्फ प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के सभी कोनों से मुहर लग रही है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुंबई में फिल्म कलाकारों से मुलाकात की। कलाकारों ने भी योगी के विकास पर अपनी मुहर लगाई। बोनी कपूर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने यूपी को अपराध मुक्त कर दिया। मनोज मुंतशिर ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी का चहुमुंखी विकास हुआ। ओम राव ने विकास पर अपनी सटीक राय रखते हुए कहा कि योगी के राज्य में पॉलिसी सिर्फ कागजों में नहीं रहती, धरातल पर उतरती है। यानी योगी का विकास यूपी की सड़कों से मुंबई के दिलों तक पहुंच रहा है।

**जबरन धर्मांतरण एक...**

में सहायता करने को कहा। इसने कहा : हम आपकी सहायता भी चाहते हैं, अटॉर्नी जनरल बल, लालच आदि धर्मांतरण के कुछ तरीके हैं, और यदि प्रलोभन के तरफ से कुछ भी ऐसा हो रहा है, तो क्या किया जाना चाहिए?

**केंद्र से मांगा जवाब :** गुजरात सरकार ने पहले की सुनवाई में शीर्ष अदालत से कहा था कि धर्म की स्वतंत्रता में दूसरों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। इसने राज्य के कानून के उस प्रावधान पर उच्च न्यायालय की रोक को हटाने का अनुरोध किया था, जिसके तहत विवाह के माध्यम से धर्मांतरण के लिए जिलाधिकारी की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। उच्चतम न्यायालय ने 23 सितम्बर को केंद्र और अन्य से याचिका पर जवाब मांगा था। उपाध्याय ने अपनी याचिका में कहा है कि जबरन धर्मांतरण एक राष्ट्रव्यापी समस्या है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। मामले में अगली सुनवाई सात फरवरी को होगी।

**हम पूरे राज्य के लिए...**

अश्विनी कुमार उपाध्याय के तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें छलपूर्ण धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए केंद्र और राज्यों को कड़े कदम उठाने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। जबरन धर्मांतरण को रोकना होगा : शीर्ष अदालत ने हाल ही में कहा था कि जबरन धर्मांतरण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है। इसने केंद्र से 'बेहद गंभीर' मुद्दे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा था। अदालत ने चेतावनी दी थी कि अगर धोखे, प्रलोभन और भय-धमकी के जरिए कराए जानेवाले धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल स्थिति पैदा हो जाएगी।

**शीतलहर से ठिठुरा पलामू...**

तीन दिनों के दौरान रात के तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिन इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। केंद्र के मुताबिक गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह में कहीं-कहीं शीतलहर चल सकती है। इसी तरह दो दिन तक इन जिलों में शीतलहर चलने की आशंका है। तापमान में आ रही कमी को देखते हुए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। घर से बाहर निकलने से पहले गर्म कपड़े पहनकर निकलने की सलाह दिया गया है।। बच्चे और बूढ़ों का खासतौर पर ख्याल रखने की जरूरत है। बूढे. सुबह में टहलने से परहेज करें। बच्चों को पूरी तरह ढंककर रखें।

**किसानों को फसल के नुकसान का डर :** वर्तमान में जिले के हजारों हेक्टेयर में विभिन्न सब्जियों की फसलों की बुआई की हुई है। इन फसलों पर अभी तक तो कोई ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, पर इसी तरह गंभीर शीतलहर का प्रकोप जारी रहा तो सब्जी की फसलों में भारी नुकसान होने का अंदेशा है। कृषि विभाग के अधिकारी पहले से ही अलर्ट मोड पर हैं। उन्होंने सब्जियों की फसल को बचाने के लिए उपाय बताने शुरू कर दिए हैं। इस समय जिले में मटर, गाजर और मूली की फसलें खेतों में सर्वाधिक हुई हैं। इनमें ज्यादा नुकसान की आशंका है। पत्तेदार सब्जियों पर भी ठंड का ज्यादा असर पड़ रहा है। पाले से सबसे पहले सब्जी वाली फसलों की पत्तियां प्रभावित होती हैं। किसानी कर रहे सुमेर चौरसिया ने बताया कि शीत लहर से फसलों में आलू, पालक ,मेथी और धनिया में झुलसा रोग के चपेट में है। पत्ता और फूलगोभी को भी लाही किट ने ज्यादा नुकसान पहुँचाया है। इससे आलू,बैगन के फसल भी नुकसान में है।

**बेघर मवेशियों को भी हो रही परेशानी:-** पलामू में चल रहे शीतलहरी से सड़कों पर घूमने वाले बेघर मवेशियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन मवेशियों को लेकर ना तो नगर निगम ना ही प्रशासन और ना ही कोई संस्था के द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल किया जा रहा है। सड़कों पर लगने वाले वाहन के नीचे ,खाली मकान, गड्ढे, नली जैसे स्थानों पर मवेशी दुबक कर किसी तरह अपनी जान बचा रहे हैं।

**राहुल गांधी ने, राहुल गांधी को...**

कांग्रेस पार्टी में ही अनेक नेता हैं। किसी ने कहा कि उसने खुद को मार लिया है? आप जिससे बात कर रहे हैं, वह वो है ही नहीं? कहीं न कहीं ये बयानात मनोविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय हो सकते हैं। अब कांग्रेस के सूचना (मीडिया) प्रभारी करें भी तो क्या करें। वह राहुल गांधी को इन मुद्दों पर ज्यादा बात न करने की हिदायत देते हैं, लेकिन राहुल तो राहुल हैं। जो खुद को मार चुका हो, वह जयराम रमेश की नेक सलाह को भला क्यों मानने लगे? राहुल जी! आप जीवित हैं और स्वस्थ हैं। बस, बोलने से पहले थोड़ा विचार कर लिया करें कि आप बोलने क्या जा रहे हैं...!

**भाजपा विधायक ढुल्लू महतो...**

जिसे सत्र न्यायालय ने विधायक समेत अन्य की अपील को खारिज कर दिया था। जिसके बाद विधायक ढुल्लू महतो समेत अन्य झारखंड ने उच्च न्यायालय में रिवीजन याचिका दायर कर चुनौती दी थी, परंतु रिवीजन करने से पहले विधायक ने निचली अदालत में सरेंडर नहीं किया था। लिहाजा उच्च न्यायालय ने उन्हें पहले सरेंडर करने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि एमिड कोल इंटरप्राइजेज के मुंशी गौरी शंकर सिंह की शिकायत पर पुलिस ने ढुल्लू के समर्थक राजेश गुप्ता सहित तीन-चार अन्य के विरुद्ध रंगदारी मांगने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने की प्राथमिकी दर्ज की थी।

## जदयू की मजबूती के लिए झारखंड प्रभारी 16 को रांची आयेंगे

**रांची।** झारखंड जदयू प्रभारी की कमान संभालने के बाद अशोक चौधरी पहली बार 16 जनवरी को रांची आयेंगे। वे संगठन की मजबूती को लेकर पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। पुरानी विधानसभा के सभागार में राज्य के राजनीतिक हालात पर चर्चा करेंगे। वहीं महागठबंधन में संगठन की भूमिका को लेकर नेताओं के साथ मंत्रणा भी करेंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो करेंगे। बैठक की शुरूआत दिन के 11 बजे से होगी। झारखंड जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा कि बैठक में जदयू के सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, कार्यसमिति के सदस्य एवं प्रमुख नेता शिरकत करेंगे। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी का अभिनंदन एवं संगठन की मजबूती के लिए आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया जायेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Short Term e-Procurement Notice**

**e-Tender Ref No-15/ RCD/Daltonganj/2022-23/44**
**Dated:- 09.01.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Chhatarpur-Dumariya Road (Length- 23.200 km) for the year 2022-23. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 18,26,25,513.00 (Rupees Eighteen Crores Twenty Six Lacs Twenty Five Thousand Five Hundred Thirteen) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 18,26,255.00 (Rupees Eighteen Lacs Twenty Six Thousand Two Hundred Fifty Five) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 18.01.2023, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 01.02.2023, 12:00 Noon |
| 7. | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 03.02.2023, 15:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid opening | 06.02.2023, 12:30 PM |
| 9. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Office of the Chairman , eProcurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa, Ranchi. |
| 10. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 11. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 12. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.** For further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Daltonganj.**

PR287117 (Road)22-23*D



**कार्यालय : जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार**
**द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार**
ई-मेल–mdmltr@yahoo.in

**शुद्धि पत्र**

पी0आर0 संख्या–286255 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2022 जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु निविदा खोलने की तिथि 14.01.2023 को निर्धारित हेतु प्रकाशित की गई थी। चूँकि उक्त तिथि को मकर संक्रांति का अवकाश होने के फलस्वरूप उक्त तिथि को संशोधित करते हुए दिनांक 17.01.2023 अपराह्न 04:00 बजे निर्धारित की जाती है। बाकी सभी शर्तें एवं वंधेज यथावत रहेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
लातेहार।

PR.NO.287021 Human Resource Developement(22-23):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन.आर.ई.पी, चतरा।**
**Email Add: nrepchatra@gmail.com**

**शुद्धि–पत्र**

एन॰ आर॰ ई॰ पी॰, चतरा के अन्तर्गत राज्य योजना अनावद्ध निधि के अन्तर्गत् ई–अति अल्पकालीन् निविदा आमंत्रण सूचना सं॰–**EE/NREP/CHATRA/04/2022-23**, दिनांक–27.12.2022, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 11.01.2023 है तथा **P.R. No.** 286086 **NREP** (22–23)**.D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1. ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 16.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
2. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 17.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.01.2023 पूर्वाह्न 2.00 बजे।
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhand tenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा।

PR 287008 NREP(22-23)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

**प्रेष विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन पैकेज सं0 JH-XV-I-PAL-03 रिसियपा से कवल पथ संवेदक, रवि रंजन, दुर्गा चौक, सतेन्द्रनगर, औरंगाबाद बिहार को आवंटित है, का एकरारनामा संख्या SBD-02/2018-19 दिनांक 23.05.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 22.04.2019 है । दिनांक 15.12.2022 के VC में प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड, रांची के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में कार्य का अंतिम मापी हेतु दिनांक 05.01.2023 को लेना निश्चित हुआ था। परन्तु आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त कोई भी प्रतिनिधि कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं थे जिस कारण अंतिम मापी नहीं ली जा सकी। आपको अंतिम बार सूचित किया जाता है कि पुनः दिनांक 17.01.2023 12.00 बजे दिन में अंतिम मापी लेने हेतु समय निश्चित हुआ है ।

अतः उक्त तिथि एवं समय पर आप स्वयं या अपने प्रतिनिधि को कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे । अगर अंतिम मापी के समय कार्य स्थल पर आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहते हैं उस स्थिति में भी अंतिम मापी ली जाएगी एवं समझा जाएगा की आपको मापी मंजुर है एवं आपको इसमें किसी भी तरह का आपति एवं दावा मान्य नहीं होगा तथा इसकी सूचना भी आपको पुनः नहीं दी जाएगी जिसकी सारी जिम्मेवारी आपकी होगी ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 287017 Rural Work Department(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज**

**प्रेष विज्ञप्ति**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत निर्माणाधीन पुल पैकेज सं0 JH-WB-PAL-BR-008 (Const. of Bridge over Batane River on Ararua to Turi Road) संवेदक– मे0 अंकित कृष्णात्रिये, हुरका, मझिगांवा, भवनाथपुर, गढ़वा को आवंटित है, का एकरारनामा संख्या SBD-30/18-19 दिनांक 26.02.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 25.11.2019 एवं पुनः MORD द्वारा दिया गया कार्य समाप्ति की तिथि मार्च 2022 है । दिनांक 15.12.2022 के VC में प्रधान सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड, रांची के द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में कार्य का अंतिम मापी हेतु दिनांक 04.01.2023 को लेना निश्चित हुआ था । परन्तु आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त कोई भी प्रतिनिधि कार्य स्थल पर उपस्थित नहीं थे जिस कारण अंतिम मापी नहीं ली जा सकी। आपको अंतिम बार सूचित किया जाता है कि पुनः दिनांक 18.01.2023 को 12.00 बजे दिन में अंतिम मापी लेने हेतु समय निश्चित हुआ है ।

अतः उक्त तिथि एवं समय पर आप स्वयं या अपने प्रतिनिधि को कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे । अगर अंतिम मापी के समय कार्य स्थल पर आप या आपके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं रहते हैं उस स्थिति में भी अंतिम मापी ली जाएगी एवं समझा जाएगा की आपको मापी मंजुर है एवं आपको इसमें किसी भी तरह का आपति एवं दावा मान्य नहीं होगा तथा इसकी सूचना भी आपको पुनः नहीं दी जाएगी जिसकी सारी जिम्मेवारी आपकी होगी ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR287018 (Rural Work Department)22-23*D

## NEWS इन ब्रीफ

### ओसाका और वीनस विलियम्स ऑस्ट्रेलिया ओपन से बाहर

**मेलबर्न।** दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका और वीनस विलियम्स ने चोट की वजह से इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन से अपना नाम वापस ले लिया है। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन 16 से 29 जनवरी के बीच खेला जाना है। ओसाका 2019 और 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। ओसाका के हटने से यूक्रेन की दयाना यास्त्रेम्स्का मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई हैं।

### पीसीबी पर सलमान बट ने साधा निशाना

**कराची।** पीसीबी के क्रिकेट ढांचे पर निशाना साधते हुए पूर्व कप्तान सलमान बट ने कहा कि अगर सूर्यकुमार यादव पाकिस्तान में होते तो भारत के इस स्टार बल्लेबाज के लिए 30 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनना मुश्किल होता। आईपीएल में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के दम पर सूर्यकुमार यादव ने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ 30 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। बट ने कहा कि मुझे लगता है कि वह भाग्यशाली है कि वह भारतीय है।

### चोटिल हेनरी की जगह डग ब्रासवेल न्यूजीलैंड टीम में शामिल

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज डग ब्रासवेल को चोटिल मैट हेनरी की जगह भारत और पाकिस्तान के खिलाफ वनडे श्रृंखलाओं के लिए टीम में शामिल किया गया है। हेनरी के पेट की मांसपेशियों में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट के आखिरी दिन खिंचाव आ गया था। उन्हें दो से चार सप्ताह का समय इससे उबरने में लगेगा। न्यूजीलैंड के लिए 68 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके ब्रासवेल ने आखिरी वनडे श्रृंखला नीदरलैंड के खिलाफ अप्रैल में खेली थी।

### डु प्लेसिस ने चुने तीन 'फेवरेट' खिलाड़ी



**जोहान्सबर्ग।** फाफ क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की नई शीर्ष स्तरीय लीग - एसए-20 में जॉबबर्ग सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो 10 जनवरी से शुरू होनेवाली है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए उन्होंने 25 सवालों के स्तर में हिस्सा लेते हुए मजेदार जवाब दिए। डु प्लेसिस से जब उनके तीन फेवरेट खिलाड़ी चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, ''मेरे पसंदीदा खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली और केन विलियमसन हैं। धोनी भले ही क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। लेकिन, इसके बावजूद आज के दौर में भी वो हजारों खिलाड़ियों के लिए आदर्श हैं।

# हॉकी विश्व कप 2023 : ओडिशा पहुंची फ्रांस की टीम

### कोच बोले- फिलहाल खिताब की तलाश में नहीं

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

फ्रांस की टीम ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 में हिस्सा लेने भुवनेश्वर पहुंच गई है। इस टीम ने पुरुष वर्ल्ड कप 2018 में सभी को अपने प्रदर्शन से आश्चर्यचकित कर दिया था और अब एफआईएच ओडिशा पुरुष विश्व कप के लिए भी यह टीम अच्छे प्रदर्शन के इरादे से उतरी है। टीम के मुख्य कोच फ्रेडरिक सोयेज ने कहा : हम फिलहाल खिताब की तलाश में नहीं हैं। हमारी टीम का ध्यान प्रतियोगिता के पहले दौर पर केंद्रित है। आगे देखते हैं कि हम कहां तक पहुंचते हैं। हम इस प्रतियोगिता में इस बार पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करने का मकसद




लेकर आये हैं और मुझे लगता है कि हमारी टीम के खिलाड़ियों में शीर्ष टीमों के खिलाफ अच्छा खेल दिखाने का दम है। कुछ खिलाड़ियों पर फोकस करने की जगह हम एक टीम बनकर खेलेंगे। इस बीच फ्रांस के कप्तान विक्टर चैरलेट ने प्रतियोगिता में शामिल कुछ टॉप टीमों के खिलाफ उनकी टीम की मजबूती को रेखांकित करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाने की नीयत से खेलने का इरादा साफ किया है।

### आक्रामक हॉकी खेलने उतरेंगे

फ्रेडरिक सोयेज ने कहा : निश्चित रूप से इस प्रतियोगिता को जीतना हमारा लक्ष्य है और हम आक्रामक हॉकी खेलने उतरेंगे। हमारी टीम के खिलाड़ियों का खेल दमदार है और प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रही किसी भी बड़ी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। अपनी तेज और आक्रामक हॉकी के बल पर हमारे खिलाड़ी यह करने में सक्षम हैं। एक टीम के रूप में हम ट्रॉफी जीतकर इतिहास बनाना चाहते हैं।' इस प्रतियोगिता में फ्रांस की टीम को ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल 'ए' में रखा गया है। इस पूल में फ्रांस को अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13 जनवरी को भुवनेश्वर में खेलना है।

# मैं अपने स्कूल के शिक्षकों का बड़ा प्रशंसक रहा हूं : धोनी

**एजेंसी। कासरगोड (केरल)**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि शिक्षण एक पेशा ही नहीं बल्कि कला है जिसमें आप छात्रों को अनुशासित करके तराशते हैं। उन्होंने मशहूर तकनीक और शिक्षाविद प्रोफेसर के के अब्दुल गफ्फार की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर यह बात कही। धोनी ने यहां एक कार्यक्रम में प्रोफेसर गफ्फार की आत्मकथा 'अनजान साक्षी' का विमोचन किया। दुबई स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ मारवान अल मुल्ला को किताब की पहली प्रति धोनी ने भेंट की।

इस मौके पर धोनी ने कहा, 'एक शिक्षक को अपने छात्रों को समझाने के लिए हर चीज सरल करनी होती है। हर छात्र का आई क्यू स्तर अलग होता है और आपको सभी को समझाना होता है। मुझे लगता है कि यह एक पेशा ही नहीं बल्कि कला है। इसमें आप छात्रों को अनुशासित करके उनके मजबूत और कमजोर पक्ष बताते हैं। मैं हमेशा से अपने स्कूल के शिक्षकों का बड़ा प्रशंसक रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं कभी कॉलेज नहीं गया लेकिन मुझे लगता है कि मैने जीवन में अच्छा ही किया।' धोनी अपने करीबी मित्र डॉक्टर शाजिर गफ्फार के पिता की आत्मकथा के विमोचन के लिए खास तौर पर रांची से यहां आए थे।

# तीन मैचों की वनडे सीरीज आज से

### गुवाहाटी में खेला जाएगा सीरीज का पहला मैच

**एजेंसी। गुवाहाटी**

भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज मंगलवार से शुरू होगी। सीरीज का पहला मैच आज गुवाहाटी में खेला जाएगा। यह मैत बारसापारा एसीए क्रिकेट स्टेडियम गुवाहाटी में खेला जाएगा। भारत और श्रीलंका की टीम वहां पहुंच गई है और सोमवार को दोनों टीम के खिलाड़ियों ने प्रैक्टिस किया। सीरीज का दूसरा मैच 12 जनवरी को कोलकाता में और तीसरा और आखिरी मैच 15 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। बता दें कि टी-20 सीरीज में टीम इंडिया ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में 2-1 से जीत दर्ज की थी। अब टीम इंडिया की कोशिश होगी कि वह वनडे में भी उस प्रदर्शन को जारी रखें। इधर, असम सरकार ने मैच के दिन आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। असम सरकार की तरफ से यह छुट्टी कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले के लोगों को मिली है जो क्रिकेट फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। दरअसल, 10 जनवरी को दोपहर 1 बजे तक यहां सारे सरकारी कार्यलय बंद हो जाएंगे। जारी अधिसूचना में लिखा गया है असम सरकार हर्षपूर्वक यह सूचित करती है कि 10 जनवरी 2023 को होने वाले भारत-श्रीलंका वनडे मैच के लिए कामरूप मेट्रोपॉलिटन के लोगों के लिए आधे दिन की छुट्टी है।




### रोहित शर्मा का फॉर्म हासिल करना महत्वपूर्ण

**भारत** के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि कप्तान रोहित शर्मा का श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार से गुवाहाटी में शुरू हो रही सीरीज से पहले 50 ओवर के प्रारूप में फॉर्म हासिल करना टीम के लिए काफी अहम होगा। रोहित को दिसम्बर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में क्षेत्ररक्षण के दौरान बाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी। 2019 में पिछले एकदिवसीय विश्व कप के बाद से रोहित ने 18 पारियों में 44 की औसत और 96 की स्ट्राइक रेट से 745 रन बनाए हैं। पठान ने कहा : चोट से वापस आना कभी आसान नहीं होता है और रोहित शर्मा के लिए वापसी करना सबसे बड़ी चुनौती होगी, जो एक कप्तान के रूप में लिए महत्वपूर्ण है।

### वनडे सीरीज से भी बुमराह बाहर

**भारत** के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने क्रिकेटर को फिर से मैदान पर उतरने के लिए जल्दबाजी न करने का आह्वान किया है, क्योंकि वह चोटों से ग्रस्त हैं। बुमराह को पहले अखिल भारतीय चयन समिति की सिफारिश पर वनडे टीम में शामिल किया गया था, लेकिन 29 वर्षीय बुमराह ने भारत और श्रीलंका के बीच पहले वनडे मैच के स्थान गुवाहाटी में रिपोर्ट नहीं की। बुमराह पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में प्रशिक्षण ले रहे थे और उन्हें फिट घोषित किया गया था लेकिन भारतीय बोर्ड कुछ और समय तक उन्हें आराम देना चाहता है क्योंकि संगठन चाहता है कि बुमराह आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी और वनडे विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट हो जाएं।

# स्टार इंडिया ने बीसीसीआई से सौदे में छूट मांगी

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत के घरेलू सत्र के मीडिया अधिकार धारक स्टार इंडिया ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) से मौजूदा सौदे में 130 करोड़ रुपये की छूट की मांग की है, जबकि जर्सी प्रायोजन से बाहर हो रहा बायजूस चाहता है कि बोर्ड वर्तमान समझौते के तहत उसकी 140 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी को भुना ले। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने सोमवार को शीर्ष परिषद की आपात बैठक में दोनों विषयों पर एक घंटे से अधिक समय तक चर्चा की। यह एक वर्चुअल मीटिंग (ऑनलाइन बैठक) थी। बायजूस ने नवम्बर में बीसीसीआई को सूचित किया था कि वह भारतीय क्रिकेट टीम के जर्सी प्रायोजन से बाहर निकलना चाहता है। बोर्ड ने हालांकि इस एडटेक कंपनी को कम से कम मार्च 2023 तक करार जारी रखने के लिए कहा था। बायजूस ने जून में लगभग 35 मिलियन डॉलर (लगभग तीन अरब रुपये) के साथ जर्सी प्रायोजन समझौते को नवम्बर 2023 तक बढ़ा दिया था। इसमें बीसीसीआई को 140 करोड़ रुपये बैंक गारंटी के माध्यम से भुगतान किए जाने हैं।

# भारत के खिलाफ हम सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं : कमिंस



**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली बड़ी श्रृंखला के लिए तैयारी पक्की करना चाहते हैं और उनका मानना है कि स्पिनर नाथन लियोन के अलावा एश्टन एगर और ट्रेविस हेड भी गेंदबाजी की धुरी होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने यहां दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से हराया। अब भारत के खिलाफ 9 फरवरी से नागपुर में शुरू हो रही चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी शुरू करनी होगी। कमिंस ने मैच के बाद कहा : यह बड़ी श्रृंखला है और हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं। भारत दौरे को ध्यान में रखकर एगर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में उतारा गया। कमिंस ने कहा : एगर बाएं हाथ का स्पिन गेंदबाज है और वह भारत जरूर जाएगा। हमने उसे ट्रायल के लिए टीम में नहीं रखा था। भारत की विकेट अलग है और वहां ऐसा गेंदबाज काफी उपयोगी साबित होता है। उन्होंने कहा : ट्रेविस अलग तरह का आफ स्पिनर है और वह हमारे लिए काफी मददगार हो सकता है। मैं उसके प्रदर्शन से खुश हूं और वह टीम का हिस्सा होगा।

# द. अफ्रीका के ऑलराउंडर प्रिटोरियस ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

### टी-20 लीग्स में खेलने के लिए उठाया कदम

**एजेंसी। केपटाउन**

दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर ड्वेन प्रिटोरियस ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास ले लिया है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को इस बात की घोषणा की। प्रिटोरियस ने टी-20 क्रिकेट में खेलने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा है। ऑलराउंडर इस साल आईपीएल में नजर आएंगे क्योंकि वह चेन्नई सुपरकिंग्स टीम का हिस्सा हैं। प्रिटोरियस ने 2016 में अपनी शुरुआत करने के बाद से 30 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय, 27 वनडे और तीन टेस्ट मैचों में तीनों प्रारूपों में प्रोटियाज का प्रतिनिधित्व किया है। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए दो विश्व कप टीम का भी हिस्सा थे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की



आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में 33 वर्षीय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर होना उनके करियर के सबसे कठिन फैसलों में से एक था।

प्रिटोरियस ने कहा कि वह अपना ध्यान टी-20 क्रिकेट और अन्य छोटे प्रारूपों पर लगाएंगे। 33 वर्षीय ने अपने कोचों, टीम के साथियों और परिवार को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया और फाफ डु प्लेसिस के लिए विशेष धन्यवाद दिया। प्रिटोरियस ने कहा : कुछ दिनों पहले, मैंने अपने क्रिकेटिंग करियर के सबसे कठिन फैसलों में से एक लिया। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का फैसला किया है। बड़े होकर, मेरे जीवन का एकमात्र लक्ष्य प्रोटियाज के लिए खेलना था। मुझे नहीं पता था कि यह कैसे होने वाला था, लेकिन भगवान ने मुझे प्रतिभा और सफल होने के लिए एक गंभीर इच्छाशक्ति दी। बाकी सब उसके हाथों में था। मैं अपने बाकी के करियर के लिए अपना ध्यान टी-20 और अन्य छोटे प्रारूपों पर केंद्रित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि एक निः शुल्क एजेंट होने से मुझे सबसे अच्छा लघु प्रारूप खिलाड़ी होने का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसा करने से मैं अपने करियर और पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन बना सकूंगा।



# चोट के बावजूद नोवाक जोकोविच ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल खिताब

**एजेंसी। एडिलेड**

चोट के बावजूद नोवाक जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमरीका के गैर वरीय सेबेस्टियन कोरडा को 6-7, 7-6, 6-4 से हराकर एडिलेड इंटरनेशनल खिताब जीत लिया। जोकोविच को दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान चोट लगी थी। इसके बावजूद उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय तक चले फाइनल खेला और करियर का 92वां एकल खिताब अपने नाम किया। एडिलेड में यह उनका दूसरा खिताब है। इससे पहले 2007 में 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने खिताब जीता था। इससे पहले महिला वर्ग में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका ने क्वालीफायर लिंडा नोसकोवा को सीधे सेट में हराकर अपना 11वां डब्ल्यूटीए टूर एकल और लगभग दो साल में पहला एकल खिताब जीता।

### टीम से लंबे समय से बाहर हैं जोफ्रा आर्चर

**एजेंसी। केपटाउन**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने हाल ही में जोफ्रा आर्चर को आधुनिक क्रिकेट में सामना करनेवाले सबसे कठिन गेंदबाज के रूप में नामित किया। फाफ से मैदान पर सामना करने वाले सबसे कठिन गेंदबाज का नाम पूछा गया और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ने जवाब में जोफ्रा आर्चर का नाम लिया। आर्चर ने अब तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 42 मैचों में 86 विकेट चटकाए हैं। हालांकि, क्रिकेटर को चोट लगने का खतरा था और उसी के कारण पिछली एशेज श्रृंखला और टी-20 विश्व कप 2021 और 2022 से चूक गए। आर्चर लंबे समय से टीम से बाहर हैं। आगामी एशेज और एक दिवसीय विश्व कप के संबंध में अपने कार्यभार प्रबंधन पर नजर रखते हुए तेज गेंदबाज केप टाउन स्थित फ्रेंचाइजी के लिए केवल 2 मैचों में ही दिखाई देंगे।

**लिटिल मास्टर** सुनील गावस्कर ने बीसीसीआई पर साधा निशाना

# क्रिकेट फिटनेस पर दिया जाना चाहिए ध्यान

**एजेंसी। मुंबई**

भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के हालिया फैसले की निंदा की है, जिसमें सीनियर पुरुष टीम में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए यो-यो और डेक्सा फिटनेस टेस्ट को अनिवार्य बनाया गया है। उन्होंने कहा कि टीम में चुने जाने का मुख्य कारण क्रिकेट फिटनेस होना चाहिए।

गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, 'बीसीसीआई ने हाल ही में घोषणा की कि वे मुख्य रूप से उभरते खिलाड़ियों के लिए 'यो यो' टेस्ट और फिटनेस स्तर के लिए कुछ अन्य परीक्षण वापस ला रहे हैं। एक खिलाड़ी शतक और दोहरा शतक लगा सकता है या ढेर सारी गेंदबाजी करते हुए पांच और 10 विकेट ले सकता है। लेकिन अगर वह इन टेस्ट को पास नहीं कर पाता है, तो वह चयन के योग्य नहीं होगा।' पूर्व बल्लेबाज ने लिखा, 'क्रिकेट फिटनेस पर सबसे पहले ध्यान दिया जाना चाहिए। और हां, यह खुलासा होगा कि अगर ये फिटनेस टेस्ट मीडिया के साथ पब्लिक डोमेन में किए जाते हैं, तो हमें पता चल जाएगा कि कोई खिलाड़ी 'यो यो' है या नहीं।' गावस्कर ने चयनकर्ताओं के रूप में 'जैव यांत्रिकी, शरीर विज्ञान विशेषज्ञों' की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया।



सीएसी ने अभी चयन समिति के पैनल के लिए उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया है, लेकिन कोई भी बायो-मैकेनिक्स विशेषज्ञ या शरीर विज्ञान का व्यक्ति नहीं था। चूंकि योग्यता खिलाड़ी की फिटनेस पर आधारित होगी, इसलिए इन विशेषज्ञों को रखना बेहतर हो सकता है। उन्होंने आगे लिखा, 'आखिरकार अगर टीम में जगह के लिए दो खिलाड़ियों के बीच चयन की बात आती है तो ये विशेषज्ञ यह बताने के लिए बेहतर स्थिति में होंगे कि दोनों में से कौन सा दूसरे की तुलना में अधिक फिट है और दोनों खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए रन या विकेटों पर ध्यान न दें।' अपने खेल के दिनों से एक उदाहरण का हवाला देते हुए गावस्कर ने कहा, कई साल पहले यह शारीरिक फिटनेस सनक शुरू हुई थी।

### 1983 विश्व कप खेलने से चूक गये थे गावस्कर

**गावस्कर** ने अंत में लिखा, 'हां, मैं उंगली में फ्रैक्चर के कारण तीन टेस्ट मैच नहीं खेल पाया था और केवल एक बार मैं मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 1983 के विश्व कप में खेल से चूक गया था। मैं यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि फिटनेस एक व्यक्तिगत चीज है और ऐसी कोई चीज नहीं है कि एक ही आकार सभी के लिए उपयुक्त हो।' 'तेज गेंदबाजों को स्पिनरों की तुलना में अलग स्तर की आवश्यकता होती है, विकेटकीपरों को उच्च स्तर की आवश्यकता होती है और बल्लेबाजों को शायद सबसे कम। इसलिए यह कठिन है जब किसी की विशेषता के अनुसार नहीं बल्कि सभी के लिए पैरामीटर निर्धारित किए जाते हैं।

### अपने खेलने के दिनों का किया उल्लेख

**गावस्कर** ने उल्लेख किया : अपने खेलने के दिनों के दौरान वे उस तरह के फिटनेस स्तर के करीब भी नहीं आए होंगे, जो दोनों ने तत्कालीन भारतीय टीम में शुरू कर दिया था। उन दिनों केवल उत्तर के लड़के ही मैदान में दौड़ते थे। दक्षिण और पश्चिम के लड़कों ने क्रिकेट फिटनेस पर ध्यान केंद्रित किया, जो कि नेट्स में लंबे समय तक गेंदबाजी और बल्लेबाजी करना और ढेर सारे कैच लेना और तेजी से दौड़ना था। जब से मैं एक स्कूली क्रिकेटर रहा हूं, तब से मैं शिन स्प्लिंट्स नामक एक बीमारी से पीड़ित हूं, जहां मैदान के एक-दो चक्कर लगाने से मेरी पिंडली के आसपास की मांसपेशियां जकड़ जाती हैं और चलने में भी दर्द होता है।

